कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी 01:29 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 337, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





हजारों उल्कापिंड हर वर्ष पहुंचते हैं हमारे वायुमंडल में 16

मौनी को गहनों में सबसे ज्यादा पसंद पोल्की ब्रेसलेट 15







## सिलेंडर फटने से मकान ध्वस्त, पांच लोगों की मौत

बुलंदशहर/लखनऊ, एजेंसी

- बुलंदशहर के सिकंदराबाद इलाके में हुआ हादसा
- कुछ लोगों के घर के मलबे में दबे होने की आशंका

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद इलाके में सोमवार रात सिलेंडर फटने से एक मकान ध्वस्त हो गया जिसके मलबे में दबने से पांच लोगों की मौत हो गई। मेरठ ज़ोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ध्रुव कांत ठाकुर ने सोमवार की रात बताया कि बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद इलाके की एक कालोनी में विस्फोट से पांच लोगों के मरने और कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना आई है। अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिकंदराबाद इलाके की आशापुरी कॉलोनी में सोमवार रात एक मकान में रखा सिलेंडर अचानक फटने से जोरदार धमाके के साथ मकान ध्वस्त हो गया और छत गिर गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और प्रशासन के अफसर पहुंच गए। एंबुलेंस तथा जेसीबी को मौके पर बुलाया गया। पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग के अधिकारी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

## छाप रहे थे नकली नोट, दो गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** एसओजी और पाकबड़ा थाना पुलिस ने नया मुरादाबाद सेक्टर 7 में छापामार कर दो जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 2 लाख 28 हजार 300 रुपये की नकली करेंसी, नोट छापने के उपकरण और दो मोबाइल फोन बरामद किया। सीओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक त्योहार पर बड़ी मात्रा में नकली नोट खपाने की तैयारी में हैं। इसके लिए नोटों की छपाई भी की जा रही है। सूचना के बाद थाना पाकबड़ा के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह और एसओजी प्रभारी अमित कुमार की टीम सक्रिय हो गई।

# एलएसी से पीछे हटेंगी चीन और भारत की सेना

नई दिल्ली, एजेंसी

### गतिरोध दूर करने में बड़ा कदम

- सीमा पर फिर से शुरू होगी गश्त दोनों देशों के बीच बनी सहमति
- पूर्वी लद्दाख में तकरीबन चार वर्षों से हैं दोनों सेनाएं आमने-सामने



विदेश सचिव विक्रम मिस्री

भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले बाकी बिंदुओं पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को पूर्वी लद्दाख में लगभग चार वर्षों से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संकेत दिए कि यह समझौता विवादित बिंदुओं से सैनिकों की वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे 2020 में पैदा हुए गतिरोध का समाधान होगा।

समझा जाता है कि यह समझौता देपसांग और डेमचोक इलाकों में गश्त से संबंधित है। मिस्री ने कहा कि भारत और चीन के राजनयिक एवं सैन्य वार्ताकार पिछले कई हफ्तों से विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के करीबी संपर्क में रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप, भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बनी है, जिससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए गतिरोध का समाधान और सैनिकों की वापसी संभव हो सकेगी। मिस्री ने कहा कि हम इस संबंध में आगे के कदम उठाएंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मौजूदा समझौता गश्त को लेकर उन अधिकारों को बहाल करता है, जो गतिरोध से पहले मौजूद थे। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच मई 2020 से सैन्य गतिरोध बरकरार है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि, वे टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हट चुके हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे गंभीर सैन्य झड़प थी। भारत लगातार कहता आ रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति बहाल नहीं होती, तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। भारत गतिरोध शुरू होने के बाद से हुई सभी वार्ताओं में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पर देपसांग और डेमचोक से अपने सैनिक हटाने का दबाव डाल रहा है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू आज राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश भर में जल प्रबंधन और संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान करेंगी। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग द्वारा ये पुरस्कार दिए जाते हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ राज्य से लेकर सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज तक की नौ श्रेणियों में प्रयासों को सम्मानित किया जाता है। पुरस्कारों के पांचवें संस्करण में, ओडिशा ने सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में पहला पुरस्कार हासिल किया है, जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

### गहरे गड्ढे में गिरी स्कूल बस, एक बच्चे की मौत

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले के नांता इलाके में सोमवार को एक स्कूल बस के गहरे गड्ढे में गिरने से 14 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई और करीब छह बच्चे घायल हो गए। सुभाष नगर स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल की बस में 30 विद्यार्थी सवार थे। बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिस कारण बस छह फुट गहरे गड्ढे में जा गिरी।

### दो किग्रा मेफेड्रोन, 427 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

**भरूच/सूरत।** गुजरात के भरूच और सूरत जिले में पुलिस ने अलग-अलग अभियान चलाकर दो किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन और 427 किलोग्राम अन्य संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया जबकि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि रविवार शाम सूरत के वेलांजा गांव के पास चार पहिया वाहन से दो किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन जब्त की गई। पुलिस की एक अन्य टीम ने रविवार रात को अंकलेश्वर से मादक पदार्थ की 427 किलोग्राम खेप जब्त की।

# बंद नहीं किए जाएंगे मदरसे

## राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने दिया बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजने का निर्देश
- जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर केंद्र-राज्यों को आदेश

उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले मदरसों की मान्यता वापस लेने और वहां पढ़ रहे छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने से संबंधित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से जारी पत्र पर अमल करने पर केंद्र और राज्य सरकारों को रोक लगाने का सोमवार को आदेश दिया। पत्र में राज्यों से गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र और उत्तर प्रदेश तथा त्रिपुरा सहित कुछ राज्यों की मदरसे से संबंधित उक्त कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। मुस्लिम संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों की उस कार्रवाई को चुनौती दी है, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। एनसीपीसीआर ने सात जून, 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम का पालन न करने वाले मदरसों की मान्यता वापस ली जाए। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि एनसीपीसीआर के 07 जून, 2024 और 25 जून के पत्राचार तथा उसके अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के 26 जून के और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा जारी 10 जुलाई तथा त्रिपुरा सरकार द्वारा जारी 28 अगस्त के विचारों के आदान-प्रदान पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को याचिका में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाने की भी स्वतंत्रता दी।

### धर्मनिरपेक्षता संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न हिस्सा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि धर्मनिरपेक्षता को हमेशा से भारतीय संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न अंग माना गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी, अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल किए जाने को चुनौती दी है। पीठ ने कहा कि इस न्यायालय ने कई निर्णयों में माना है कि धर्मनिरपेक्षता हमेशा से संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा रही है। अगर समानता के अधिकार और संविधान में प्रयुक्त ''बंधुत्व'' शब्द को सही से देखा जाए, तो इस बात का स्पष्ट संकेत मिलता है कि धर्मनिरपेक्षता को संविधान की मुख्य विशेषता माना गया है। इंदिरा गांधी सरकार द्वारा 1976 में लाए गए 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द शामिल किए गए थे। इस संशोधन ने प्रस्तावना में भारत का उल्लेख संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य से बदलकर संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य कर दिया। सुनवाई के दौरान जैन ने दलील दी कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने कहा था कि समाजवाद शब्द को शामिल करने से व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना को संशोधनों के जरिए संशोधित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि समाजवाद के अलग-अलग अर्थ हैं और पश्चिमी देशों में अपनाए गए अर्थ को नहीं लिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि समाजवाद का अर्थ यह भी हो सकता है कि अवसर की समानता होनी चाहिए।

# आतंकी पन्नू की एयर इंडिया फ्लाइट में विस्फोट की धमकी

टोरंटो, एजेंसी



- 1 से 19 नवंबर के बीच सफर न करने की दी चेतावनी

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सोमवार को एक बार फिर एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी है। उसने अपनी धमकी में कहा है कि 1 से 19 नवंबर के बीच एयर इंडिया की फ्लाइट को निशाना बनाया जा सकता है। पन्नू ने दावा किया कि यह हमला कथित सिख नरसंहार की 40वीं बरसी के मौके पर किया जाएगा। पन्नू प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का संस्थापक है। उसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता भी है। उसने पिछले कुछ वर्षों में कई बार एयर इंडिया के विमान को उड़ाने की धमकी दी है।

**पन्नू के कारण बिगड़े भारत-कनाडा संबंध :** पन्नू की यह नई धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत में कई एयरलाइनों को संभावित बम विस्फोटों के बारे में कई धमकी भरे कॉल मिले हैं, जो सभी फर्जी निकले। यह ऐसे समय में भी हुआ है जब भारत और कनाडा के बीच एक कूटनीतिक विवाद चल रहा है। कनाडा ने भारत पर अपने देश में खालिस्तानी आतंकवादियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसमें एक अन्य आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भी शामिल है।

### पहले भी भारत को धमकियां देता रहा है

नवंबर 2023 में, पन्नू ने एक वीडियो जारी किया जिसमें दावा किया गया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदल दिया जाएगा और 19 नवंबर को बंद रहेगा, लोगों को उस दिन एयर इंडिया से उड़ान न भरने की चेतावनी दी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उन पर आपराधिक साजिश रचने, धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पिछले साल दिसंबर में, पन्नू ने कथित तौर पर उन्हें मारने की साजिश नाकाम होने की रिपोर्ट के बाद 13 दिसंबर को या उससे पहले संसद पर हमला करने की धमकी दी थी।

### विमानों में बम की धमकी मामले में केंद्र सख्त

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमानों में बम रखे होने की धमकियों की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिनमें ऐसी धमकी देने वालों के नाम उड़ान-निषिद्ध सूची में डालना शामिल है। पिछले करीब एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों की करीब 100 उड़ानों में बम रखे होने की धमकियां मिली हैं। नायडू ने यहां बताया कि सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैर-कानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982 में संशोधन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) विमानों में बम रखे होने की धमकियां मिलने के मुद्दे पर गृह मंत्रालय से संपर्क बनाए हुए है।

### पुलिस स्मृति दिवस परेड में की कई घोषणाएं

## मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के लिए खोला उपहारों का पिटारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस आवास के लिए 1380 करोड़ का कॉरपस फंड
- पुलिस विभाग के खिलाड़ियों के लिए 10 करोड़ का इंतजाम

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है। इन घोषणाओं में वर्दी भत्ते और आवास भत्ते में बढ़ोत्तरी शामिल है। उन्होंने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के आवास भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपये के कॉरपस फंड की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो डीजीपी के अधीन रहेगा। इन घोषणाओं पर राज्य सरकार का 115 करोड़ रुपये व्यय होगा।

पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने पहले परेड की सलामी ली। शहीद दो आरक्षियों के परिवार से मुलाकात कर उनको सरकार से हर संभव मदद देने की बात कही। परिजन को सम्मानित किया। इसके पहले शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वर्दी भत्ते की वृद्धि में कुल 58 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृत पुलिसकर्मियों के कानूनी वारिस को अनुग्रह राशि मिलने में आने वाली अड़चनों को समाप्त किया जाएगा। बैरकों में रहने वाले आरक्षी एवं मुख्य आरक्षियों के आवासीय भत्ते के लिए 47 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### कल्याण के लिए 7.50 करोड़ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिसकर्मी अत्यंत कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी दिन रात अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मानकर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जिलों में नियुक्त पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए 3 .50 करोड़ और कल्याण के लिए 4 करोड़ रुपये दिए हैं।

# भाजयुमो के नगर अध्यक्ष समेत 7 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बहराइच

### बहराइच हिंसा

- भाजपा विधायक ने अपने ही पार्टी के लोगों को बनाया आरोपी
- आरोप- नामजद और भीड़ ने की काफिले पर पथराव व फायरिंग
- मेडिकल कॉलेज से डीएम के साथ निकलते समय हुई घटना

**अमृत विचार :** महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने नगर कोतवाली में भाजयुमो के प्रथम नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव समेत सात नामजद और अज्ञात भीड़ पर उनके काफिले पर पथराव व फायरिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अक्टूबर को महराजगंज में हुई हिंसा में मृत रामगोपाल के शव को मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर रखकर भीड़ प्रदर्शन कर रही थी। वे अपने अंग-रक्षकों व अन्य सहयोगियों के साथ वहां पहुंचे। इसके बाद डीएम से मिलने सीएमओ कार्यालय गए, जहां सीएमओ, सिटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे। सभी को साथ लेकर दोबारा से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों के पास पहुंचे और बातचीत कर शव को मॉर्च्युरी ले जाने लगे। तभी भाजयुमो के प्रथम नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव, अनुज सिंह रैकवार, शुभम मिश्रा, कुशमेंद्र चौधरी, मनीष चंद्र शुक्ल, पुंडरीक पांडेय अध्यापक, सुंधाशुं सिंह राणा आदि नारेबाजी करने लगे। उनकी कार को रोक कर पत्थरबाजी और फायरिंग भी की थी। इससे उनकी कार का शीशा टूट गया था। घटना में विधायक का बेटा अखंड प्रताप सिंह बाल-बाल बचा था। आरोपियों में महसी तहसील क्षेत्र निवासी पुंडरीक पाण्डेय श्रावस्ती जिले में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि भाजपा विधायक की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उधर, भाजयुमो के प्रथम नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव का कहना है कि मैं लोगों को समझा रहा था। मेरे ऊपर फर्जी केस दर्ज कराया गया है।

### एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन हटाए गए

**लखनऊ।** महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का दौर जारी है। कुछ दिन पहले डिप्टी एसपी को निलंबित गया था। सोमवार को डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एएसपी) पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटा दिया गया। उनको डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध दुर्गा प्रसाद तिवारी को बहराइच का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

## करवा चौथ पर दंपती ने पीया विषाक्त पदार्थ, पत्नी की मौत

संवाददाता, धौरहरा (खीरी)

- पति की भी हालत गंभीर, खाने को लेकर हुआ था दोनों में झगड़ा

**अमृत विचार :** करवा चौथ की रात खाना बनाने को लेकर विवाद के बाद नाराज पत्नी ने जहरीला पदार्थ पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह देख पति ने भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

धौरहरा के गांव लालजीपुरवा मजरा अमेठी निवासी श्रीधर चौहान और उसकी पत्नी अनीता (35) के बीच करवा चौथ की रात खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्सायी अनीता ने विषाक्त पदार्थ पी लिया जिससे उसकी मौत हो गई। यह देख श्रीधर घबरा गया। उसने शीशी में बचा विषाक्त पदार्थ पी लिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिवार वाले सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विवाहिता की मौत की खबर उसके मायके थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के दुधवा मिदनिया पहुंची तो पिता प्रेम शंकर सहित परिवार वाले आए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने मायके वालों को शांत कराया। सीओ प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि खाना बनाने को लेकर विवाद के बाद दोनों के विष पीने की बात सामने आई है।

## राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले वेतन



**लखनऊ।** राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं, निकाय कर्मियों सहित अन्य को दिवाली से पहले ही वेतन देने के आदेश जारी किए गए हैं। पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को भी त्योहार के चलते 30 अक्टूबर तक उनकी पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा। इसका लाभ लगभग 20 लाख कर्मचारियों को मिलेगा। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि 30 अक्टूबर को कर्मचारियों को वेतन एवं पेंशनरों को पेंशन देने की राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान की है।

# प्रदेश में छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से आए बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### गरीबों की मदद करना मुश्किल कार्य, पहले व्यक्ति की मनोदशा समझना जरूरी : मुख्य सचिव



योजना भवन में आयोजित बैठक में उप्र.के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव अमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश में 25 करोड़ और उत्तर प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। सोमवार को योजना भवन में राज्य सरकार के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। कहा कि गरीबों की मदद करना मुश्किल कार्य है, पहले व्यक्ति की मनोदशा समझना जरूरी है।

बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, नई दिल्ली व उत्तराखंड के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के लिए कार्य कर रहा है। गरीबों के उत्थान और उन्हें सशक्त बनाने के लिए छात्रवृत्ति समेत विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लक्ष्य तय करना जरूरी है। प्रदेश सरकार की ओर से 'जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश' अभियान लांच किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत से 20-25 निर्धनतम परिवारों को चिन्हित कर लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

### नियमित आय से जोड़ने को हो टेक्नालॉजी का उपयोग

मुख्य सचिव ने कहा कि कई सारे देशों ने स्वयं को 'जीरो पॉवर्टी' घोषित किया है। इसमें उन्होंने सोशल सिक्योरिटी को महत्वपूर्ण टूल के रूप में इस्तेमाल किया है, क्योंकि समाज में एक वर्ग ऐसा है, जो नियमित आय से किसी भी तरह से नहीं जुड़ा है। टेक्नोलॉजी के उपयोग से इसका समाधान किया जा सकता है। मलेशिया समेत अन्य देशों में सीवेज को लेकर शेड्यूल बने हुए हैं जहां हर पांच साल में सेप्टिक टैंक को खाली करना होता है। अगर इस तरह का सिस्टम बनाया जाए, तो बड़ी-बड़ी कंपनी इस क्षेत्र में आ सकती हैं।

### आदर्श ग्राम के तौर पर गांवों के विकास में लाएं तेजी : यादव

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सचिव अमित यादव ने कहा कि अनुसूचित समुदाय की सामाजिक-आर्थिक बेहतरी के लिए जिला व राज्य स्तरीय परियोजनाओं के लिए अनुदान सहायता दी जा रही है। केंद्र की ओर से चल रही अनुसूचित समुदाय बहुल गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने व सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा देने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## एक नजर

### केमिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार

पुवायां। केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष संचित सिंह ने पुवायां के नगर अध्यक्ष अनुज मिश्रा एवं नगर महामंत्री रोहित गुप्ता को मनोनीत किया है। इसी के साथ तिलहर का नगर अध्यक्ष पीर मोहम्मद अंसारी एवं राजीव गंगवार को महामंत्री, कांट देहात में वीरप्रताप सिंह को अध्यक्ष व हनुमान पांडेय को महामंत्री नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारी के मनोनयन पर संरक्षक पंकज मिश्रा, पवन मिश्रा, अचल मिश्रा, संदीप गुप्ता, हेमेंद्र वर्मा, विवेक सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### सहकारिता मंत्री आज करेंगे गोदामों का लोकार्पण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर मंगलवार अपराह्न तीन बजे बी पैक्स खुदागंज और बी पैक्स चरखौला में नवनिर्मित समिति भवन (गोदाम) का लोकार्पण करेंगे। जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि देवरास गांव में आयोजित होने वाले लोकार्पण समारोह में जन प्रतिनिधि, सहकारी बंधु समेत क्षेत्रीय कृषक भी मौजूद रहेंगे।

# जीएफ कॉलेज का अंतरमहाविद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप पर कब्जा

## फाइनल मुकाबले में एसएस कॉलेज को एक गोल से किया परास्त, प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट शुरू कराया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में सोमवार को अंतरमहाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध आठ कालेजों की टीमों ने प्रतिभाग किया। देर शाम खेले गए फाइनल मुकाबले में मेजबान जीएफ कॉलेज ने एसएस कॉलेज शाहजहांपुर को कड़े संघर्ष के बाद 1-0 से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ संयोजक प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य ने कहा कि जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है। खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है। एक अच्छा खिलाड़ी खेल में आई हुई कठिनाईयों से उभरकर जीत का वरण करता है। इसके बाद उद्घाटन मैच जी एफ कॉलेज और राजकीय रज़ा कॉलेज रामपुर के मध्य हुआ,



अंतरमहाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



विजेता जीएफ कॉलेज की टीम को शील्ड देते प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान। ● अमृत विचार

● एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध आठ कालेजों की टीमों ने किया प्रतिभाग

जिसमें जीएफ कालेज विजयी रहा। दूसरे मैच में बरेली कॉलेज बरेली ने हिंदू कॉलेज मुरादाबाद को, तीसरे मैच में जे एस हिंदू कॉलेज अमरोहा ने एमजेपी रोहिलखंड यूनिवर्सिटी कैंपस बरेली को पराजित किया।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला एसएस कॉलेज शाहजहांपुर और बरेली कॉलेज बरेली के बीच खेला गया, जिसमें एसएस कालेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बरेली कालेज को 3-1 से पराजित कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर और जेएस हिंदू कॉलेज अमरोहा के मध्य हुआ। जीएफ कालेज ने अमरोहा को छकाते हुए 3-1 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। इस तरह फाइनल में शाहजहांपुर की ही दोनों टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन कड़े संघर्ष के बाद मेजबान जीएफ कालेज ने शून्य के मुकाबले एक मात्र गोल से चैंपियनशिप कप पर कब्जा लिया। समापन पर प्राचार्य ने विश्वविद्यालय बरेली से नामित पर्यवेक्षक प्रो. जेएन मौर्या और खेल विशेषज्ञ एसपी सिंह के साथ विजेताओं को चमचमाती शील्ड देकर पुरस्कृत किया। रेफरी की भूमिका दिलीप शर्मा और उनकी टीम ने निभाई। महाविद्यालय के क्रीड़ा-सचिव प्रो. फैयाज अहमद ने बताया कि टूर्नामेंट में नार्थज़ोन अंतरविश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित टीम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।

### टूर्नामेंट में इन शिक्षकों का रहा योगदान

डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी के संचालन में चले अंतरमहाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रो. मोहम्मद तारिक, फुटबाल क्लब के अध्यक्ष डॉ. शहजाद अहमद, डॉ. अब्दुल सलाम, सैयद मुजीबुद्दीन, सैयद अनीस अहमद, प्रो. सलीम अहमद खां, प्रो. मो. साजिद खान, डॉ. मो. अरशद खान, सैयद सुहैल अख्तर नकवी, डॉ. अरीब अंजुम रहमान, डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. जमील अहमद खां, डॉ. अमीर अहमद खां, डॉ. परवेज़ मुहम्मद, डॉ. जमाल अख्तर सिद्दीकी, डॉ. समन जेहरा जैदी, डॉ. शिवा महजबी, डॉ. शाइस्ता, डॉ. विनीत सैनी, डॉ. चांद मिया आदि का सहयोग रहा।

# गन्ना किसानों का कराया जाए बकाया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत सोमवार को डाक बंगला परिसर में हुई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गहनता से चिंतन किया गया। इसके बाद डाक बंगला परिसर में ही डीएम को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप को सौंपा। जिसमें चीनी मिलों पर बकाया भुगतान कराए जाने की मांग भी शामिल है।

पंचायत में किसानों ने कहा कि आवारा पशुओं द्वारा किसानों पर हमला व फसलों का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। धान खरीद में मिल मालिकों द्वारा दो प्रतिशत सीडी लेकर किसानों का शोषण किया जा रहा है, वहीं आगामी गेहूं की फसल की बुवाई के लिए डीएपी खाद का समिति व दुकानों पर नहीं मिलने से किसान बहुत ही परेशान हैं। किसानों ने कहा कि धान की सरकारी खरीद



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

● भाकियू टिकैत गुट ने पंचायत के बाद विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जो कि न के बराबर हो रही है। जो किसान मंडी में अपना धान लेकर जा रहा है, उसे नमी व गुणवत्ता में खरा नहीं होने की बात कह कर नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद चीनी मिलों पर बकाया भुगतान आदि समस्याओं को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यह मुद्दे अगर निस्तारित नहीं किए गए, तो भाकियू बड़ा आंदोलन करेगी। पंचायत के दौरान यूनियन की जिला कमेटी का भी विस्तार किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव, जिला प्रमुख महासचिव गगनदीप सिंह, तराई प्रदेश उपाध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, युवा जिला अध्यक्ष आदित्य प्रताप लोधी, मंडल उपाध्यक्ष संजीव अवस्थी, पुवायां तहसील अध्यक्ष कृष्णा, तिलहर तहसील अध्यक्ष गेंदनलाल, मनदीप सिंह, कमलजीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# भाकियू चढ़ूनी गुट ने एडीएम एफआर को दिया ज्ञापन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिला प्रभारी तरविंदर सिंह मोमी के नेतृत्व में एडीएम एफआर डॉ. सुरेश कुमार को विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को नलकूप कनेक्शन का सामान विद्युत विभाग द्वारा पिछले छह माह से उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसका की पैदावार पर प्रभाव पड़ा और गेहूं की फसल पर भी पड़ेगा, इसलिए किसानों को सामान उपलब्ध कराया जाए, जिले में डीएपी और एनपीके खाद की कमी है, खाद उपलब्ध कराई जाए, किसान साधन सहकारी समिति मलिका में किसानों द्वारा कर्ज अदा करने पर भी बकाया दिखाया जा रहा है,इसी जांच कराई जाए और नियमानुसार कार्रवाई की जाए, अन्यथा भाकियू चढ़ूनी गुट आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# शिक्षा रूपी चाबी ही खोल सकती है उन्नति के द्वार: तोमर



डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव में लोगों को संबोधित करते डिप्टी कमिश्नर बिक्रीकर प्रवेश सिंह तोमर।



कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में 20 अगस्त से चलाए जा रहे डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव का रविवार शाम समापन हो गया। खिरनी बाग स्थित जीएफ कालेज छात्रावास में आयोजित समापन कार्यक्रम में 100 से अधिक जरूरतमंद मेधावी छात्रों को टेबिल लैंप वितरित किए गए। साथ ही विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही उन्नति के द्वार खोल सकती है।

● डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव के समापन पर बोले डिप्टी कमिश्नर बिक्रीकर

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर बिक्रीकर प्रवेश सिंह तोमर ने कहा कि शिक्षा ही उन्नति के द्वार खोलने की चाभी है। व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही संभव है और यही डॉ. आंबेडकर का मूलमंत्र भी है। जीटीआई प्राचार्य राजन सिंह की अध्यक्षता में चले कार्यक्रम में सियाराम दिनकर, सुरेश पाल एडवोकेट, इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, डॉ. तारिक़, डॉ. फैयाज़ अहमद, डॉ. रफत हुसैन आदि ने भी विचार रखे। ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर सामाजिक योगदान के लिए महबूब हुसैन इदरीसी और नवनीत यादव तथा सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट काव्य सृजन के लिए वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इससे पहले कार्यक्रम संयोजक जगदीश चंद्रा ने डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में जरूरतमंद छात्रों को अध्ययन के लिए टेबिल लैंप वितरित किए गए। महबूब हुसैन इदरीसी के संचालन में चले कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बहादुर लाल आजाद, जगदीश प्रसाद, दिनेश कुमार एडवोकेट, अनूप कुमार एडवोकेट, बृजेश कुमार एडवोकेट, कप्तान सिंह, वेदपाल सुमन, यदुवीर सिंह, सुशील कुमार, सुधांशु वर्मा, प्रशांत चौधरी, मोहित कुमार, सुदेश कुमार, रजत कुमार, विमल कुमार, सुरजीत, सर्वेश कुमार, सत्यनारायण, विजय मस्ताना, लोकेश प्रियदर्शी, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# युवा उत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जनपद स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन के संबंध में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। डीएम ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव की तैयारी समय से पूरी कर अच्छे ढंग से आयोजन कराया जाए। जिला स्तरीय युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोकगीत, भाषण, चित्रकला, साइंस मेले सहित विभिन्न विधाओं में जनपद के युवा प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तरीय समिति की उपाध्यक्ष सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, सदस्य सचिव सह जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मयंक भदौरिया, डीआईओएस हरिवंश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# पोषण वाटिका के लिए वितरित किए बीज और पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्ट्रॉग परियोजना के तहत किशोरियों के लिए मिलेट्स आधारित विशेष पोषण आहार एवं पोषण वाटिका के लिए बीज और पौधों का निःशुल्क वितरण कार्यक्रम डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने आरंभ किया। कार्यक्रम सोसायटी फॉर वेलफेयर एडवांसमेंट ऑफ रूरल जेनेरेशन स्वर्ग संस्था प्रयागराज की ओर से कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में आयोजित किया गया।

स्वर्ग संस्था के प्रतिनिधि एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष शर्मा ने बताया कि स्ट्रॉग परियोजना का क्रियान्वयन ब्लॉक कांट व कलान के 31 गांवों में किया जा रहा है। इसके तहत 10 से 19 वर्ष की लड़कियों के पोषण के लिए कार्य किया जा रहा है।



किशोरी को पोषण वाटिका के लिए पौधा और बीज देते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

इस दौरान 4202 किशोरियों का रजिस्ट्रेशन कर कम बीएमआई वाली किशोरियों का चिह्नांकन किया गया है।

जिन्हें कार्यक्रम के माध्यम से विशेष पोषण आहार (मिलेट्स आधारित फूड्स) किचन गार्डन, आईएफए एवं कृमि नाशक टेबलेट, किशोरी प्रशिक्षण, आंगनबाड़ी प्रशिक्षण, एसबीसीसी कैम्पेनिंग आदि गतिविधियां की जा रही है। डीएम ने कांट एवं कलान की आठ किशोरियों को विशेष पोषण आहार, (मिलेट्स आधारित फूड्स) बाजरा लड्डू, पपीता एवं सहजन के पौधों का वितरण किया। डीएम ने स्वर्ग संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित

● विशेष पोषण आहार व पोषण वाटिका योजना आरंभ

● किशोरियों के लिए शुरू की गई मिलेट्स आधारित स्ट्रॉग योजना

किया कि जिन गांवों में परियोजना कार्य कर रही है उन गांवों में स्कूल न जाने वाली किशोरियों की सूची तैयार कर साझा करें। जल्द ही आंगनबाड़ी व सहायिका के प्रशिक्षण कराने के लिए निर्देश दिए, साथ ही पोषण वाटिका के लिए स्वर्ग संस्था को सहयोग करने के लिए भी कहा।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके गौतम, बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी एवं स्वर्ग संस्था की तरफ मोनिका श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने बाजार में किया पैदल भ्रमण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : डीएम धर्मेंद्र कुमार और एसपी राजेश एस ने शहर में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सदर बाजार, बहादुरगंज, घंटाघर, मल्हार रोड आदि मार्गो पर पैदल गश्त की। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सड़क की पटरी पर सामान नहीं होना चाहिए।

सीओ सिटी और सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि रात में क्षेत्र में चेकिंग करें और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाए। पैदल गश्त में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नगर मजिस्ट्रेट, नगर आयुक्त, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, सीओ सिटी, सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# चकमार्ग से अवैध कब्जा हटाने की मांग, ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन के पदाधिकारियों ने खिरनीबाग स्थित रामलीला मेला मैदान में धरना प्रदर्शन कर डीएम सम्बोधित मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। वहीं, पुलिस की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि गांव बिलरिया चकमार्ग में अवैध कब्जा हटाया जाए। ब्लाक निगोही की ग्राम पंचायत रतूली में विमलेश के घर के पास नाली निर्माण कराया जाए, जिससे पानी का निकास हो। चार साल पहले से स्वीकृत सुभाषचन्द्र बोस चौराहा से लोधीपुर तक नाला निर्माण कराया

● पुलिस सहयोग संगठन के पदाधिकारियों ने किया धरना प्रदर्शन

जाए। वही राष्ट्रपति से मांग की कि देश भर में लागू अंग्रेजी जमाने का काला कानून समाप्त किया जाए, पुलिस जवानों को साइकिल भत्ते के बदले प्रतिमाह छह हजार रुपये पेट्रोल भत्ता दिया जाए। पुलिस जवानों को आवास मुहैया कराए जाए या फिर प्रति जवान को छह हजार रुपये प्रतिमाह आवासीय भत्ता दिया जाए, आदि मांगे रखी। धरना प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष मोहम्मद आमिर, जिलाध्यक्ष दिव्यांग शाहनवाज खान, महेश चन्द्र गुप्ता, राजू कुरैशी, कमलेश कुमार वर्मा, जमील आदि मौजूद रहे।

# साहब ! ऊंचा करवा दें पुल का गार्डर, फंस जाती हैं एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पूर्व जिला पंचायत सदस्य व किसान नेता रामवीर सिंह सोमवंशी ने डीएम से मुलाकात कर उन्हें कोलाघाट पुल के गार्डर की ऊंचाई दो फीट बढ़ाने की मांग की है। सोमवंशी ने कहा कि ऊंचाई कम होने के चलते पुल से एंबुलेंस तक नहीं निकल पाती है। इससे समय पर इलाज न मिलने से मरीज की मौत हो जाती है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजा है।

डीएम के नाम दिए पत्र में भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रामवीर सिंह सोमवंशी ने बताया कि शाहजहांपुर की तहसील जलालाबाद में कोलाघाट के पास रामगंगा, बहगुल नदी पर स्थित पुल पर एंबुलेंस की निकासी नहीं हो पाती



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र सौंपते रामवीर सिंह सोमवंशी।

है। राज मार्ग संख्या-163 पर निर्मित रामगंगा व बहगुल नदी पर स्थित पुल से चार पहिया वाहन तो निकल जाते हैं, लेकिन ग्राम वासियों को आवश्यकता पड़ने पर एंबुलेंस की निकासी नहीं हो पाती है। इमरजेंसी में समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मरीजों की मृत्यु हो जाती है। क्षेत्रवासियों को 100 किलो मीटर दूर

● किसान नेता ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, बोले- समय पर इलाज न मिलने से हो जाती है मरीज की मौत

घूमकर जाना पड़ता है। ऐसी में पैसा व समय ज्यादा लगता है। मरीज की हालत गंभीर होने पर जिला मुख्यालय के लिए रेफर किया जाता है और यहां जिला मुख्यालय पहुंचने में 50 किलो मीटर का फेर खा कर जाना होता है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। इन हालात में एंबुलेंस की निकासी के लिए गार्डर दो फिट ऊंचा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनहित में कोलाघाट के निकट रामगंगा, बहगुल नदी पर स्थित पुल पर एंबुलेंस की निकासी के लिए गार्डर दो फिट ऊंचा कराया जाए ताकि एंबुलेंस निकल सके और लोगों की जान बचाने में आसानी हो।

# फुटपाथ पर मिट्टी के दीया बेचने देने की मांग



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप सिंह को ज्ञापन देते राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के लोग।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की ओर से समाज की समस्याओं को लेकर सोमवार को डीएम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप सिंह को दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि दीपावली पर प्रजापति समाज के लोगों को फुटपाथ पर दीया बेचने की अनुमति दी जाए, ताकि पुलिस परेशान न करे। बर्तन बनाने के लिए ट्राली से मिट्टी लाने पर बेवजह परेशान न किया जाए। जिले में कुम्हार समाज के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने को जमीन के पट्टे किए जाएं। ज्ञापन देने वालों में अमरदीप, सचिन, जसविंदर, अतुल, आलोक कुमार आदि शामिल रहे।

# बच्चों को दिया पेपर क्राफ्ट का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय-दो में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सोमवार को बैग रहित कार्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के तहत पेपर क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य मुनेंद्र पाल ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत परिकल्पित पूर्व व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य समझाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए कुशल नागरिक बनाना है, जो जीवन की हर परिस्थिति में अपना समायोजन कर सकें। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ जीवन का वास्तविक और व्यवहारिक ज्ञान भी होना बहुत आवश्यक है।



केंद्रीय विद्यालय-दो में बच्चों को पेपर क्राफ्ट का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक कमल कुमार।

● राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मनाया बैग रहित दिवस

इसके बाद प्रशिक्षक कमल कुमार ने विद्यार्थियों को पेपर क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया।

शिक्षिका रंगेश रत्न शाक्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि व्यवसायिक शिक्षा छात्रों के व्यक्तित्व और कौशलों का विकास करने में मदद करती है। इसके माध्यम से छात्र अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुसार कौशल विकसित कर सकते हैं, जो कॅरियर में सहायक साबित होंगे। कार्यशाला में विजय पाल, रश्मि सिद्धार्थ, मीना कनौजिया, रवि शर्मा, बबिता तिवारी, अनुभा, विवेक सक्सेना आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## एक नजर

### रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सेहरामऊ दक्षिणी :** कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी निवासी पप्पू ने बताया कि शनिवार शाम साढ़े छह बजे उसका भाई राम दयाल खेत से घर आ रहा था। उसका भाई रौरा चौराहे पर मस्जिद के पास रोड पार करने के लिए खड़ा था। हरदोई की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। इससे रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉक्टर ने राम दयाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रिक्शा चालक ने पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी रुबी मिश्रा ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। बताया कि 18 अक्टूबर को रात आठ बजे उसके पड़ोस का राजन सिंह गली में ई-रिक्शा खड़ा कर देता है। उसके पति रोहित मिश्रा ने गली में ई-रिक्शा खड़ा करने के लिए मना किया। आरोपी ने उसके पति को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके पति को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# किसी ने लक्ष्य से ज्यादा बांट दी रकम तो कोई कम बांटने में फंसा

## सीडीओ ने सिंधौली, कलान और निगोही के बीडीओ का वेतन रोका, तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मनरेगा के तहत लक्ष्य से ज्यादा और कम पैसा फर्मों को बांटने के मामले में जिले के तीन बीडीओ कार्रवाई के घेरे में आ गए हैं। शिकायत मिलने के बाद सीडीओ ने तीनों का वेतन रोक दिया है। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर बीडीओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो सकती है।

राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के सिंधौली ब्लॉक अध्यक्ष अमर सिंह यादव ने सोमवार को सीडीओ से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के तहत जिले में बंटने के लिए 11 करोड़ रुपये आए थे। सीडीओ की ओर से सिंधौली ब्लॉक को एक करोड़ 24 लाख रुपये आवंटित किए गए। सिंधौली ब्लॉक के अधिकारी 12 मिनट में 32 लाख रुपये ही बांट पाए और पेमेंट शून्य हो गया। जबकि कलान व निगोही आदि कई ब्लॉकों ने लक्ष्य से ज्यादा पेमेंट कर लिया। यही दो महीने पहले हुआ था।



सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह से मिलकर शिकायत करते सिंधौली ब्लॉक के ग्राम प्रधान।

- सिंधौली इलाके के प्रधानों ने लगाया ज्यादा पैसा आहरित करने का आरोप

उस समय भी सिंधौली ब्लॉक को एक करोड़ तीन लाख रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन सिंधौली ब्लॉक में 33 लाख रुपये ही बंट पाए थे, जिसके बाद पैसा शून्य हो गया था। उस समय तिलहर व जैतीपुर ब्लॉकों ने लक्ष्य से ज्यादा पेमेंट कर लिया था। प्रधान संगठन के नेता का कहना है कि ऐसे तो हम हमेशा पीछे रह जाएंगे। फिर विकास कार्य कैसे करेंगे। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधान नेता को कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहा कि इस मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ ने शिकायत मिलने के तुरंत बाद निगोही व कलान के बीडीओ का वेतन रोकने का आदेश दिया।

> ज्यादा धन निकासी करने वाले और बहुत कम धनराशि निकालने वाले तीन बीडीओ का वेतन रोका गया है। साथ ही तीनों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।
>
> -डा. अपराजिता सिंह, सीडीओ

शिकायती पत्र देने वालों में पिलखना ग्राम पंचायत के प्रधान अमर सिंह के अलावा मनुआवारी, गौंटिया डुगंरौची, बगडेर, मूड़ा हारीश, पसिया खेड़ा, खिरिया रसूलपुर, ढकिया हमीद नगर, उदारा, भायपुर, सकुलिया आदि के शामिल रहे।

### ...तो कमीशन के लिए बांटा जा रहा ज्यादा पैसा

पिछले कई महीने से सामने आ रहा है कि कुछ ब्लॉक लक्ष्य के बराबर भी पैसा फर्मों को नहीं बांट पाते हैं, वहीं कुछ ब्लॉक लक्ष्य से ज्यादा पैसा बांट देते हैं। इससे सवाल उठ रहा है कि कुछ बीडीओ आखिर ज्यादा पैसा क्यों बांट रहे हैं। बीडीओ नियमों का उल्लंघन कर फर्मों पर मेहरबान क्यों हो रहे हैं। दो माह पहले भी दो बीडीओ का वेतन रुक चुका है। इसके बाद भी ज्यादा पैसा क्यों बांटा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कुछ ब्लॉकों के अधिकारी व कर्मचारी पेमेंट बांटने में कमीशन लेते हैं। इसलिए ज्यादा पैसा फर्मों को दिया जा रहा है। जितना ज्यादा पैसा फर्मों को दिया जाएगा उतना ज्यादा कमीशन बनेगा। हालांकि अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### कम पैसा बांटने में सिंधौली बीडीओ का जवाब तलब

शिकायत मिलने के बाद सीडीओ ने ज्यादा पैसा बांटने वाले कलान व निगोही के बीडीओ का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सिंधौली के बीडीओ का वेतन इसलिए रोक दिया गया क्योंकि वह लक्ष्य से कम पैसा ही बांट पाए। सवाल उठा कि क्या वजह रही कि सिंधौली के बीडीओ लक्ष्य के बराबर भी नहीं पहुंच पाए। वहीं, कलान व निगोही के बीडीओ लक्ष्य के सापेक्ष ज्यादा पैसा बांटने में सफल हो गए।

### विभिन्न फर्मों को किया जाता है पेमेंट

दरअसल ब्लॉकों से समय-समय पर मनरेगा के तहत रेत, बजरी, ईंट आदि निर्माण सामग्री विभिन्न फर्मों से उधार ली जाती है। इस सामग्री से विकास कार्य किए जाते हैं। समय-समय पर सरकार की ओर से इसके लिए बजट आता है। राज्य सरकार की ओर से पोर्टल खोला जाता है। इसी पोर्टल से जिलों को पैसा आवंटित होता है। फिर सीडीओ के स्तर से ब्लॉकों का लक्ष्य तय किया जाता है। इसी लक्ष्य के अनुसार बीडीओ अपने-अपने ब्लॉक की फर्मों को पैसा बांटते हैं। नियमानुसार कोई भी ब्लॉक निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा पैसा फर्मों को नहीं बांट सकता है। इसके बाद भी बीते कई महीने से यह दिक्कत आ रही है। कोई ब्लॉक बहुत ज्यादा पैसा फर्मों को बांट देता है और कोई ब्लॉक बहुत कम पैसा बांट पाता है। इसी को लेकर ग्राम प्रधान संगठन विरोध जताते आ रहे हैं कि जब ब्लॉकों का लक्ष्य तय है तो बीडीओ लक्ष्य से ज्यादा पैसे का आवंटन फर्मों को क्यों कर देते हैं। प्रधान संगठन दबी जुबान बता रहे हैं कि इसके पीछे कमीशन का खेत होता है।

## युवक का एटीएम कार्ड बदलकर 38 हजार रुपये उड़ाए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव कुर्रिया कला निवासी कमल किशोर ने बताया कि उनका एचडीएफसी बैंक शाखा लालपुर में खाता है। उनके पास बैंक का एटीएम कार्ड है। 31 अगस्त को वह कांट में एटीएम से रुपये निकालने के लिए गए थे। जहां एटीएम कक्ष में कई लोग खड़े थे। उन्होंने मशीन में एटीएम कार्ड डाला, लेकिन रुपये नहीं निकल रहे थे। इसी बीच एक व्यक्ति ने उनका एटीएम कार्ड ले लिया और कहा कि मशीन में लगाकर देखते हैं। तभी उसने कमल किशोर का एटीएम कार्ड बदल दिया और कहा कि मशीन खराब है। वह कार्ड लेकर घर चला आया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर मैसेज रुपये निकलने का मैसेज आया। उसका आरोप है कि अलग-अलग समय उसके खाते से 38 हजार 300 रुपये निकल गए। उप निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## उर्वरकों की कालाबाजारी व ओवररेटिंग पर होगी एफआईआर: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक हुई। इसमें जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 5846 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है और इफको से 2700 मीट्रिक टन डीएपी मिल गयी है। इससे डीएपी की उपलब्धता बनी रहेगी।

जिले में सहकारिता विभाग के पास प्री-पोजिशनिंग में कुल 1600 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है और इफको की ओर से 1901 मीट्रिक टन डीएपी व 816 मीट्रिक टन एनपीके प्राप्त हो चुकी है। सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि प्रतिदिन समितियों में लगभग 350 मीट्रिक टन उर्वरक की सप्लाई की जा रही है। उनके पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं।

डीएम ने क्षेत्रीय प्रबंधक इफको को निर्देशित किया कि औद्योगिक समितियों व गन्ना समितियों को डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देश दिए कि उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी की टैगिंग न किए जाने को आवश्यक कार्यवाहियां तत्काल पूर्ण कर ली जाएं। कोई उर्वरक विक्रेता या समिति ऐसा करती पकड़ी गयी तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाए। भारत सरकार की ओर से डीएपी 1350 रुपये प्रति बोरी निर्धारित है। उर्वरकों का वितरण पीओएस मशीन से हो। अगर कोई उर्वरक विक्रेता या समिति उर्वरकों की कालाबाजारी या ओवररेटिंग करता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### कायाकल्प के साथ स्कूलों में बिजली कनेक्शन भी कराएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक ली। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने बीएसए को निर्देश दिए कि कायाकल्प कार्य से वंचित विद्यालयों में प्राथमिकता पर कार्य कराया जाए। जिन स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं हैं, वहां कनेक्शन कराना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि जर्जर भवनों की नीलामी एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 18 एवं 19 नवंबर को होने वाली निपुण परीक्षा पूरी तैयारी के साथ अच्छे ढंग से कराई जाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करते रहें, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा सके। डीएम ने कहा कि शिक्षा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए दिव्या गुप्ता समेत जिला समन्वयक और खंड शिक्षाधिकारी मौजूद रहे।

## डीआरएम को रेलवे कॉलोनी में मिले गोबर के ढेर, उपले और झाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने सोमवार को रेलवे कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया। डीआरएम को रेलवे कॉलोनी में गोबर के ढेर और दीवार पर पाथे गए उपले और झाड़ियां खड़ी मिलीं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इस दौरान डीआरएम ने अन्य समस्याएं भी देखी। उन्होंने प्लेटफार्म दो और तीन पर किया जा रहा कार्य भी देखा। डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों के अंदर कॉलोनी में किसी प्रकार की समस्या न रहे।

- प्लेटफार्म के कार्य में तेजी लाई जाए
- कॉलोनी की दिक्कतें खत्म की जाएं

डीआरएम राजकुमार सिंह सोमवार सुबह पांच बजकर 40 मिनट पर मुरादाबाद से निरीक्षण यान में बैठकर शाहजहांपुर पहुंचे। यहां प्लेटफार्म एक नंबर एक पर उतरने के बाद वह रेल अधिकारियों के साथ मालगोदाम रोड होते हुए द्वितीय प्रवेश द्वार पर जा पहुंचे। उन्हें नाला और नलकूप पंप के पास कूड़ा पड़ा मिला। कर्मचारियों ने बताया कि ठेले वाले कूड़ा डाल देते है। रेलवे कालोनी में पहुंचे, जहां जीएम ने निरीक्षण किया था। उन्होंने सरकारी आवास में घुसकर जर्जर क्वाटरों को देखा और कर्मचारियों ने कई समस्याएं बतायी। कर्मचारियों ने बताया कि दीवार टूटी हुई है और बाहरी लोग कालोनी में कूड़ा आदि डाल देते है। कर्मचारियों ने बताया कि शिकायत करने के बाद उस पर अमल नहीं किया जाता है। कॉलोनी के अंदर जगह-जगह झाड़ियां मिली और नाले के ऊपर झाड़ियां थी। कुछ स्थानों पर पेड़ गिरे हुए थे। डीआरएम को कालोनी में दीवारों कंडे पाथे हुए और गोबर के ढेर मिले। खाली क्वाटरों मे जानवर बंधे हुए मिले। इस पर डीआरएम ने नाराजगी जतायी। कुछ स्थानों पर उनको खोखे रखे हुए मिले है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉलोनी के अंदर झाड़ी कटवाई, जगह-जगह कूड़ा घर बनाया जाए, सरकारी आवास की मरम्मत करायी जाए। गोबर और कंडे पाथने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्लेटफार्म दो और तीन पर हो रहे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीआरएम सुबह साढ़े सात बजे गरीब नवाज एक्सप्रेस से वापस चले गए। निरीक्षण के समय मंडल संरक्षण अधिकारी, सहायक मंडल अभियंता, स्टेशन अधीक्षक, आईओडब्लू, पीडब्लूआई, स्वास्थ्य निरीक्षक आदि अधिकारी थे।



रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार सिंह। • अमृत विचार



रेलवे कॉलोनी में खड़ी झाड़ियां देखते डीआरएम। • अमृत विचार

### शनिवार को जीएम ने किया था निरीक्षण

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने टीम के साथ रेलवे कालोनी का निरीक्षण किया था। रेल कर्मचारियों ने जीएम को बताया था कि कॉलोनी में झाड़ियां, कमरे का फर्श प्लास्टर टूटा, कई साल से पुताई नहीं हुई है, रेलवे की चाहर दीवारी टूटी हुई है। जीएम ने अव्यवस्था को लेकर काफी नाराज हुए और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए थे। इसी को लेकर डीआरएम आज कालोनी में पहुंच गए।

### मालगोदाम रोड से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

जीएम और डीआरएम मालगोदाम रोड पर अतिक्रमण को लेकर नाराजगी जताई थी। डीआरएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि आरपीएफ की मदद से अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां रेल की दीवार टूटी हुई उसको बनाया जाए। दोबारा निरीक्षण के समय खामियां नहीं मिली चाहिए।

## पुलिस पर जानलेवा हमला करने पर तीन भाइयों को 10-10 वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** प्रतिबंधित पशुओं से भरे ट्रक को पुलिस पर चढ़ाने की कोशिश में आरोप सिद्ध होने पर कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 90 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

बरेली के थाना व कस्बा शीषगढ़ निवासी शफीक अहमद और उसके दो भाइयों जलीस अहमद, जलील अहमद के खिलाफ वर्ष 2012 में मदनापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस का आरोप था कि तीनों भाई एक ट्रक में प्रतिबंधित पशु भर कर मदनापुर क्षेत्र से गुजर रहे थे, जिसे पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो ट्रक पुलिस पार्टी पर चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत आरोपपत्र कोर्ट भेज दिया। जहां एएसजे-09 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान तीनों भाइयों को कड़ी सजा दिलवाए जाने के लिए मॉनीटरिंग सेल व थाना पुलिस व अभियोजन विभाग ने समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। वहीं गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने तीनों सगे भाइयों को 10-10 वर्ष का कारावास व 90,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

- वर्ष 2012 में ट्रक में प्रतिबंधित पशुओं को लेकर जा रहे थे तीनों

## रिटायर शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोक्षधाम और गोविंदगंज रेलवे फाटक के बीच अप लाइन पर सोमवार सुबह रिटायर शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन से कटने के बाद उनका शव नीचे रेल पटरियों के बीच फंस गया। लोको पायलट ने रेलवे कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस दौरान जीआरपी और सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव रेल पटरी से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान ट्रेन करीब पौन घंटे मौके पर खड़ी रही।

- पौन घंटे खड़ी रही ट्रेन, परेशान रहे यात्री

सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे लखनऊ से बरेली त्रिवेणी एक्सप्रेस आ रही थी। गोविंदगंज रेलवे फाटक और मोक्षधाम रेलवे फाटक के बीच रेल पटरी पर अचानक बुजुर्ग व्यक्ति आकर लेट गया। इस दौरान ट्रेन के लोको पायलट ने रेल पटरी पर लेटे व्यक्ति को देखकर सायरन बजाते हुए ट्रेन को को रोकने का प्रयास किया। आखिर में बुजुर्ग व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। उसका श इंजन से तीसरी बोगी के नीचे फंस गया। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया और रेलवे कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी और आरपीएफ को मेमो दिया। आरपीएफ और जीआरपी मौके पहुंचे और देखा कि बुजुर्ग का शव ट्रेन के नीचे रेल पटरी पर पड़ा था। इधर सदर बाजार थाना को सूचना दी गयी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को रेल पटरी से किनारे किया। त्रिवेणी एक्सप्रेस पौन घंटे बाद बरेली के लिए रवाना हुई। इधर पुलिस ने बुजुर्ग की तलाशी ली और मोबाइल फोन आदि मिला। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वाले पहुंचे और शव की शिनाख्त की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की शिनाख्त 80 वर्षीय राम सेवक निवासी हुंडाल खेल चौक कोतवाली के रूप में हुई। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि रिटायर्ड शिक्षक थे और सुबह करीब दस बजे घर से खाना खाकर निकले थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राइस मिल के पास ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग

**तिलहर, अमृत विचार :** गुप्ता राइस मिल के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में सोमवार को अचानक आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। हाईवे किनारे स्थित गुप्ता राइस मिल के पास सोमवार की शाम अचानक तेज आवाज के साथ राइस मिल के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में धमाका हुआ और ट्रांसफार्मर आग का गोला बन गया। राइस मिल में भारी मात्रा में धान के बोरे लगे थे, आग वहां तक न पहुंच जाए इसको लेकर राइस मिलर पंकज गुप्ता अपने मजदूरों के साथ आग को बुझाने में लग गए। सूचना पर मीरानपुर कटरा से आई फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया।

## बच्चों ने जागरुकता रैली निकाल टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी



जागरुकता रैली में शामिल स्कूल के बच्चे व अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 के अंतर्गत महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। बाल विवाह और बाल श्रम के विरुद्ध ऑपरेशन मुक्ति अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से नवादा इंदेपुर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने रैली निकाली गई। इसमें महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार शर्मा ने बच्चों के माध्यम से बाल श्रम के के विरुद्ध बचपन बचाओ, बाल मजदूरी हटाओ, बच्चों को खेलने दें, काम नहीं करने दें, बाल श्रम अपराध है, समाज के लिए श्राप है आदि नारे लगाए गए। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी नमिता यादव ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप वन स्टाप सेंटर योजना आदि के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर दिवाकर मिश्रा की ओर से चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 व अन्य सभी टोल फ्री नंबर 112, 1090, 181, 108, 102 आदि टोल फ्री नंबरों के बारे में बताया।

- मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम

विनय शर्मा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्प लाइन ने कहा कि अगर कोई भी बच्चा संरक्षण हीन दशा में प्रतीत हो तो तत्काल 1098 पर कॉल कर सूचना देने का कष्ट करें। संरक्षण अधिकारी निकेत सिंह, परामर्शदाता प्रतिभा मिश्रा, केस वर्कर पारुल सिंह, ऋषिपाल, सुपरवाइजर शिवम पांडे रहे।

## नाला निर्माण को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** हाईवे चौड़ीकरण के दौरान ध्वस्त किए गए नाले के निर्माण की मांग को लेकर महिला प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा।

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव कपसेड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर बने नाले सड़क निर्माण के दौरान बंद कर दिए गए थे। नालों का पुनर्निर्माण कराए जाने को लेकर प्रधान सुनीता देवी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बरेली के परियोजना निदेशक से मिलकर व पत्र भेज कर कई बार नाले का निर्माण कराए जाने की मांग की। प्रधान सुनीता देवी का कहना है कि एक अक्टूबर को उन्होंने परियोजना निदेशक व कई उच्चाधिकारियों और मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर 25 अक्टूबर तक नालों का निर्माण न किए जाने पर 20 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने चेतावनी दी थी। इस मामले में कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार को सुबह से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव की स्टेट बैंक से अज्ञात लोगों की ओर से खाता धारकों के खातों से लाखों रुपये आहरित कर लिए गए जो अब तक वापस नहीं मिले हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी अगर 72 घंटे में उनकी समस्याओं का समाधान न हुआ तो 25 अक्टूबर से ग्राम प्रधान के नेतृत्व में भूख हड़ताल प्रारंभ कर दी जाएगी। धरने पर पर दूसरे दिन वीरेश शर्मा, सूर्य प्रताप शर्मा, मुंशीलाल, आकाश तिवारी, सोनपाल, संजीव कुमार, योगेश कुमार, चंद्रशेखर अवस्थी सहित तमाम लोग बैठे।



नाला निर्माण को लेकर धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण। • अमृत विचार

## मंदिर में पूजा करने गई महिला की चेन चोरी, पुलिस पहुंची

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कालोनी निवासी विमला देवी ने थाना सिंधौली में दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे पैना बुजुर्ग स्थित त्रिलोकी नाथ मंदिर में पूजा करते समय दो अनजान महिलाएं बार-बार कंधे पर हाथ रख रही थी। पीड़िता ने विरोध किया तो दोनों महिलाएं भाग गयी। विमला देवी ने अपना गला देखा तो सोने की चेन गायब थी। जिसका वजन करीब 15 ग्राम था। चैन में पड़ा पेंडिल नीचे पड़ा मिल गया। उसने दोनों महिलाओं को तलाश की, लेकिन दोनों महिलाएं नहीं मिली। उसने पुजारी को घटना की जानकारी दी। पुजारी ने कहा कि कैमरे चेक नहीं हो पायेंगे। पुजारी ने कहा कि कोई मदद नहीं कर सकता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा प्रजर्व

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के दौरान रानी शर्मा के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका, जिससे विसरा प्रजर्व कर लिया गया है। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं पाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की मौत सात दिन पहले हुई थी।

तिलहर पुलिस ने रविवार की सुबह आठ बजे हाईवे पर कछियानी खेड़ा मंदिर से कुछ दूरी सड़क के किनारे खेत में महिला का शव मिला था। महिला के पास जलालाबाद के सर्राफ का छपा हुआ पर्स मिला था। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव दुमकापुर निवासी 45 वर्षीय रानी शर्मा का शव था। शव की शिनाख्त उसके बेटे पवन शर्मा ने की थी। महिला नौ अक्टूबर से लापता थी। वह शाहजहांपुर दवा लेने के लिए निकली थी। वह शाम को घर नहीं पहुंची तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। पवन ने अपनी मां की जलालाबाद थाना में 17 अक्टूबर को गुमशुदगी दर्ज करायी थी। सवाल यह उठ रहा है कि महिला वहां पर कैसे पहुंची। उसका शव सड़ गया था। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। तिलहर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा प्रजर्व किया गया है और शरीर में चोट के निशान नहीं पाए है। सात दिन पुराना शव है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जलालाबाद में गुमशुदगी दर्ज है और मुकदमा जलालाबाद में ही दर्ज होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- शरीर पर नहीं मिला चोट का कोई निशान, सात दिन पहले हुई थी मौत

### मूड़ा हारिस में गोली लगने से युवक घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मूड़ा हारिस में एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। परिवार वालों ने उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। इधर थाना पर सूचना नहीं है। सिंधौली थाना क्षेत्र के मूड़ा हारिश में रविवार की रात आठ बजे एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। युवक की उम्र 20 वर्ष बतायी जाती है। परिवार वाले उसे एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए है। सिंधौली प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि थाना पर कोई सूचना नहीं है।

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी., फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# करवाचौथ के दिन ससुराल जा रहे युवक की हादसे में मौत

## एक माह से मायके में रह रही थी पत्नी, पल भर में मातम में बदल गईं त्योहार की खुशियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** करवाचौथ के दिन रविवार को ससुराल जाने को बंडा रोड पर सवारी का इंतजार कर रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी ले जाने पर उसे डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे करवाचौथ की खुशियां मातम में बदल गईं।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव इंदलपुर निवासी 28 वर्षीय अमर सिंह की शादी कई साल पहले नीरज देवी निवासी बिजौरी-बिजौरिया थाना खुटार के साथ हुई थी। उसकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गयी थी। उसे पत्नी ने करवाचौथ पर ससुराल बुलाया था। रविवार शाम साढ़े छह बजे अमर सिंह अपनी ससुराल खुटार जाने के लिए बंडा रोड पर खड़े होकर सवारी का इंतजार कर रहा था।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

इसी दौरान बंडा चौराहे के निकट वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना पर परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि अमर सिंह करवा चौथ पर पत्नी से मिलने ससुराल जा रहा था। उसकी पत्नी ने दो माह पहले मायके में बेटे को जन्म दिया था। उसके तीन बच्चे है। पति की मौत से करवा चौथ की तैयारी धरी रह गयी। परिवार वालों में रोना पीटना मच गया।

एसओ सोनी शुक्ला ने बताया कि युवक की मौत अज्ञात वाहन से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डिवाइडर पर चढ़ने से गेहूं लदा ट्रक पलटा



**खुटार, अमृत विचार :** पीलीभीत की ओर से गेहूं का बीज लेकर आ रहा एक ट्रक रविवार रात पूरनपुर रोड पर स्थित आशीर्वाद मैरिज लॉन के पास बने डिवाइडर के ऊपर चढ़कर पलट गया। हादसे में ट्रक के हेल्पर और चालक को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि यह ट्रक पीलीभीत से गेहूं का बीज लेकर लखीमपुर खीरी के लिए कृषि बीज भंडार की प्राइवेट दुकानों पर जा रहा था। रविवार रात करीब 3 :30 बजे चालक की आंख लग गई और ट्रक डिवाइडर के ऊपर चढ़कर पलट गया। जिससे ट्रक में भरी गेहूं की बोरियां भी रोड पर बिखर गई और बोरियों के फटने से गेहूं सड़क पर बिखर गया। जिससे काफी नुकसान हो गया। हादसे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक, हेल्पर को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**जैतीपुर।** गढ़िया रंगीन रोड पर बिहारीपुर गांव के समीप तिलहर थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी विष्णु का एक्सीडेंट हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायल को जैतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर स्थिति होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ 25 को सौंपेगा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 अक्टूबर को डीएम को ज्ञापन सौंपेगा। यह जानकारी देते हुए संघ की जिलाध्यक्ष विनीता द्विवेदी ने बताया कि 25 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे खिरनी बाग रामलीला मैदान में सभी लोग एकत्रित होंगे और फिर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि श्रम कानून के अनुपालन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 18 हजार रुपये और सहायिकाओं को नौ हजार रुपये मानदेय दिया जाए और दिए गए मोबाइल जो खराब हो गए हैं, उनकी मरम्मत कराई जाए।

# नशीली दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर होगी छापेमारी

- नारकोटिक्स विभाग की बैठक के दौरान डीएम ने दिया निर्देश
- डीएम बोले- हाईवे पर नहीं होनी चाहिए शराब की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अवैध मादक पदार्थों के उत्पादों की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने को लेकर डीएम ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नारकोटिक्स को लेकर अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके लिए मेडिकल स्टोरों और हाईवे किनारे शराब की दुकानों पर विशेष नजर रखने और छापामारी करने के निर्देश दिए हैं।


नारकोटिक्स की बैठक में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अवैध रूप से मादक पदार्थों के उत्पादों की बिक्री पर अंकुश लगाए जाने के लिए अधिकारी सूचना तंत्र बढ़ाएं और क्षेत्र का भ्रमण अवश्य करें। उन्होंने जिला औषधि अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर पर अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री रोकने को छापामारी करें। साथ ही नशीली दवाओं के उपयोग न करने के संबंध में प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में नशीले एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं उत्पाद पर रोक लगाई जाए।

डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि हाईवे पर शराब की दुकान न खोली जाए। उन्होंने अफीम की खेती करने वाले कृषकों का समय समय पर स्थलीय निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध मादक पदार्थों के उत्पादों एवं बिक्री पर सघन कार्रवाई की जाए। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध कच्ची शराब के बनने तथा मिलावटी शराब पर नियमित कार्रवाई होती रहे। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों के आसपास बिक्री न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत लगने से बचाया जाए और उन्हें जागरूक किया जाए। इस अवसर पर एसपी राजेश एस सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## घरेलू हिंसा व अपराध के प्रति किया जागरूक

- मिशन शक्ति के अंतर्गत चला जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आकांक्षा हाईस्कूल में सोमवार को एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं को मिशन शक्ति, बाल श्रम, घरेलू हिंसा आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

एसआई काजल पवार ने कहा कि यदि कोई लड़की किसी प्रकार से परेशान हो या उसके साथ किसी भी प्रकार का गलत व्यवहार किया जा रहा हो, तो शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। हेल्पलाइन नंबर से तत्काल लड़कियों की सहायता की जाती है और शिकायतकर्ता का नाम भी गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आपातकालीन नंबर 112, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, फायर सर्विस 101, साइबर क्राइम 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

सहायक आरजू चौधरी ने अपराधों के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जाने वाली मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी बताया गया। प्रधानाचार्य स्मिता सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने दिव्यांग बच्चों को बांटी सहायक किट

- शेष 205 बच्चों को स्कूल में संबंधित सामग्री दी जाएगी


सहायक किट मिलने पर खिले बच्चों के चेहरे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को बेसिक शिक्षा के परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनकी सहायक सामग्री प्रदान की। डीएम ने सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के साथ कुछ बच्चों को ब्रेल किट, लो विजन किट, ब्रेल बुक्स, स्मार्ट केन आदि प्रदान कर सहायक सामग्री वितरण का शुभारंभ किया। अब शेष 205 चिन्हित बच्चों को उनके स्कूल में ही संबंधित सामग्री दे दी जाएगी। इस अवसर पर डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए दिव्या गुप्ता, डीसी सोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

### मेले में पर्स से मोबाइल चोरी

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइया निवासी रिषभ गुप्ता ने थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिषभ के मुताबिक 14 अक्टूबर की रात नौ बजे वह पत्नी के साथ ओसीएफ रामलीला मेला देखने गया था। मेले में किसी व्यक्ति ने उनकी पत्नी का पर्स खोलकर मोबाइल चोरी कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# शहीद पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

- स्मृति दिवस पर याद आए शहीद पुलिस कर्मी


शहीद पुलिस कर्मियों को सैल्यूट करते एसपी राजेश एस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में स्मृति दिवस पर शहीद स्मारक पर विगत वर्ष में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस कर्मचारियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी।

शहीद स्मारक पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके शौर्य को याद किया। इस अवसर एसपी राजेश एस, एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार, सीओ सिटी सौम्या पाण्डेय, सीओ सदर प्रयांक जैन, सीओ लाइन रश्मि यादव, प्रतिसार निरीक्षक सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य की हत्या पर जताया रोष, श्रद्धांजलि दी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यालय पर हुई शोकसभा में इंद्र बहादुर नेशनल इंटर कॉलेज भदोही के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह की हत्या पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने जघन्य हत्या पर दुख जताते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला मंत्री गौरव पांडेय, अनिल मालवीय, राजीव कुमार सक्सेना, चंद्रवीर सिंह, संजय कपूर, हृदयेश सक्सेना, संजय बाबू शुक्ला, बृजेश सावर्ण, मिसबाहुद्दीन, रामफल सिंह, गौरीशंकर वर्मा, रामकुमार, इंद्रदेव सिंह, विनय उपाध्याय, भारत भूषण आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी मोहम्मद जावेद ने थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार की शाम सात बजे बहादुरगंज में गली में संजय गुप्त के मकान के पास बाइक खड़ी करने जा रहा था। रास्ते में विष्णु गुप्ता की बाइक खड़ी थी। उन्होंने बाइक हटाने के लिए कहा तो आरोपी गाली देने लगा। विरोध करने आरोपी ने अपने साथियों के साथ जावेद को पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीसरे दिन भी भाकपा माले की भूख हड़ताल जारी

पूरनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव राहुलनगर में भाकपा माले कार्यकर्ताओं की विभिन्न मागों को लेकर भूख हड़ताल चल रही है। सोमवार को तीसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि नदी के कटान से बचाव के लिए चल रही हड़ताल में कोई भी प्रशासनिक अधिकारी अभी तक नहीं पहुंचा। तटबंध बनाने का काम भी शुरु नहीं किया गया है। सरकार बाढ़ पीड़ित किसान और मजदूरों के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस मौके पर झब्बू, निजामुद्दीन, रामानंद, रंजीत, सियाराम, इंदल, हरीलाल मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय महायज्ञ शुरू

## निगोही में गायत्री परिवार की ओर से किया जा रहा अनुष्ठान, यज्ञ व संस्कार आज से

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


नौ कुंडीय यज्ञ से पहले कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निगोही में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, प्रवचन, संगीत का कार्यक्रम आरंभ हुआ। चार दिवसीय कार्यक्रम से पहले क्षेत्र में कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ स्थल प्रजापति मैरिज लॉन से पूजन के उपरांत किया गया। रामलीला मैदान, सदर बाजार आदि क्षेत्रों से होते हुए वापस यज्ञ स्थल पर ही विसर्जित हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुईं। मां गायत्री, राधा-कृष्ण, भगवान शिव, माता पार्वती, ऋषि माताओं की झांकियों भी शामिल रहीं। कलश पूजन का कार्य जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल की मंजू ,अनीता एवं मनोरमा ने संपन्न कराया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यज्ञ स्थल पर महिला मंडल ने पूजन कराकर मां गायत्री की आरती की। शाम को संगीत प्रवचन के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गयाय।

- **कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं रहीं शामिल, जगह-जगह हुआ स्वागत**

युग ऋषि संदेश वाहक सूरज वर्मा ने बताया कि मंगलवार को गायत्री यज्ञ एवं संस्कार आदि कार्यक्रम शुरू होंगे। यज्ञ का आयोजन सुबह 8 से 11 बजे तक और गोष्ठी सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। कलश यात्रा में वृंदावन लाल, आयोजक मंडल से विजय शर्मा, रमाकांत शर्मा, जगदीश, रामसरन शर्मा, राजेश, दिलीप, सूरजपाल, शांतिस्वरूप, रंजीत वर्मा, ऋतिक आदि का सहयोग रहा।


भजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते गायत्री परिवार के सदस्य।

## घोड़े से टकराकर बाइक सवार घायल

**संसारपुर (खीरी), अमृत विचार :** नेशनल हाईवेपर सोमवार शाम छुट्टा घूम रहे घोड़े से टकराकर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। शाहजहांपुर के थाना खुटार के अंतर्गत नवदिया नवाजपुर निवासी राकेश कुमार राठौर पुत्र हरदयाल बाइक से गोला से खुटार की तरफ जा रहे थे। हाईवे पर छुट्टा घूम रहे घोड़े से उनकी बाइक टकरा गई। बाइक सवार उछल कर हाईवे पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने घायल राकेश कुमार को अपनी गाड़ी से गोला सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल राकेश कुमार की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर के कार्यवाहक थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि एक गांव की किशोरी को अभियुक्त ने किसी बहाने से उसे रात में बुला लिया था। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।आरोपी उसे नदी के किनारे बेहोशी की हालत में छोड़ गया था। रविवार की सुबह किशोरी मिली थी। पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीम में करुण सिंह, राहुल थे।

# डंपर ने डनलप को रौंदा एक युवक की जान गई


हादसे में क्षतिग्रस्त डनलप के पास खड़े लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जहानाबाद

**अमृत विचार:** हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने डनलप को टक्कर मार दी। जिसमें डनलप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका भतीजा गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुरैना के रहने वाले गंगाराम उर्फ पिंटू (30) पुत्र दोदराम मजदूरी करते थे। वह सोमवार सुबह डनलप लेकर अपने भतीजे अरुण कुमार के साथ क्षेत्र में ही अप्सरा नदी की तरफ जा रहे थे। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अप्सरा नदी पुल के नजदीक पहुंचते ही पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डनलप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में डनलप सवार दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। आनन-फानन में दोनों घायलों को सीएचसी जहानाबाद भिजवाया गया। वहां चिकित्सकों ने गंगाराम को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के दो बच्चे हैं। बताते हैं मृतक नदी से रेत निकालने को डनलप लेकर जा रहा था। इंस्पेक्टर जहानाबाद ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खुटार इलाके में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, खुटार

- **बंदर कई बच्चों और महिलाओं पर कर चुके हैं हमला**

**अमृत विचार:** नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों की तादाद पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। जंगलों से निकलकर आबादी के बीच आकर रहने लगे हैं। बंदरों का झुंड खाने पीने की चीजों के अलावा लोगों पर हमला कर देता है।

खुटार कस्बा और मोहनपुर, मुरादपुर आदि गांवों के लोग बंदरों से आजिज आ चुके हैं। बंदरों के हमले में कई महिलाएं और बच्चे घायल हो चुके हैं। बंदरों को पकड़ने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से कई बार मांग की, लेकिन अधिकारी एक-दूसरे पर टालमटोल कर रहे हैं। गांव मोहनपुर के रहने वाले अमित मिश्रा उर्फ नीटू, विपुल मिश्रा, राजकुमार, धीरेंद्र दीक्षित, गोरी शंकर शुक्ला, रिंकू मिश्रा, अभिषेक कुमार आदि ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में बंदर है। पहले से अब अधिक बंदर गांव में आ गए हैं। बंदर घरेलू चीजों और छत पर सूख रहे कपड़े आदि को नुकसान पहुंचाते हैं। लोगों के भागने के दौरान हमला कर देते हैं। जबकि कई लोगों पर बंदर हमला कर चुके हैं। बंदरों के पकड़ने की मांग अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मोहनपुर निवासी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि उनके गांव के रहने वाले रूपेश मिश्रा का आठ वर्षीय पुत्र सार्थक, गोरी शंकर की पत्नी सहित कई लोगों पर बंदर झुंड हमला कर चुके हैं। शनिवार को नगर पंचायत के ईओ सतेंद्र प्रकाश, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा और वन विभाग के रेंजर मनोज श्रीवास्तव से बंदरों को पकड़वाने के लिए कहा तो एक-दूसरे पर टालकर पल्ला झाड़ लिया।

## गन्ने के खेत में बाघ ने गाय को मार डाला

**पूरनपुर,अमृत विचार:** हरीपुर रेंज के जंगल से निकले बाघ ने गन्ने के खेत में गाय को मार डाला। जानकारी लगने पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। ग्रामीणों को खेतों की ओर न जाने की हिदायत दी गई है। बाघ की निगरानी के लिए टीम लगाई है। रविवार शाम गांव चंदिया हजारा के रहने वाले रामदेव की गाय सड़क किनारे गन्ने के खेत में चर रही थी। खेत के पास में ही हरीपुर रेंज का जंगल है। जंगल से निकले बाघ ने गन्ने के खेत में चर रही गाय को निवाला बना लिया। रामदेव ने जब बाघ को गाय खींचकर ले जाते देखा तो वह शोर शराबा करने लगे। इस पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। तब तक बाघ जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। रेंजर बीएस रावत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पगचिन्ह ट्रेस किए। रेंजर ने बताया कि बाघ ने गाय का खेत पर शिकार किया है।

# मेले में साइकिल स्टैंड ठेकेदार समेत दो को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** साइकिल स्टैंड पर लगीं बल्लियां उखाड़ने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने ठेकेदार और उसके सहयोगी की पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने ठेकेदार के सहयोगी की कनपटी पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। उसे बचाने पहुंचे ठेकेदार को सिर में तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव शहबाजनगर निवासी राजू यादव ने बताया कि सोनू यादव निवासी बाडूजई पेशावरी थाना सदर बाजार के पास ओसीएफ रामलीला मेले में साइकिल स्टैंड का ठेका था। वह साइकिल स्टैंड के ठेकेदार के पास साइकिल का कार्य देख रहा था। 13 अक्टूबर को साइकिल स्टैंड पर राजू यादव और सोनू यादव गाड़ियों की पार्किंग करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान विजय कुमार निवासी भूड़खेड़ा थाना निगोही अपने साथियों के साथ स्टैंड की बल्लियां उखाड़कर फेंकने लगे। जिससे दो बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी थी। राजू यादव ने बल्लियां उखाड़ने को मना किया। इस पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विजय के साथियों अनिकेत निवासी शहबाजनगर थाना सदर बाजार, अंकित वर्मा निवासी सतवां थाना निगोही, गौरव वर्मा निवासी चिनौर थाना सदर बाजार आदि राजू के साथ मारपीट करने लगे और तमंचा कनपटी लगाकर कहा कि कहो अभी गोली मार दूं। ठेकेदार सोनू यादव बचाने के लिए गए तो उसके सिर पर तमंचे की बट मार दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच चल रही है।

# किसानों ने जाम लगाकर किया प्रदर्शन, गैर जनपद से आए धान लदे आठ ट्राला पकड़े

संवाददाता, बिलसंडा


बिलसंडा के करबा बमरौली में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राइस मिलों पर पिछले कई दिनों से पड़ोसी जनपद से बड़े पैमाने पर धान की आवक हो रही है। ऐसे में मिलर्स स्थानीय किसानों का धान औने-पौने दामों में खरीद रहे हैं। इधर मामले का कोई समाधान न होने पर सोमवार को तमाम किसान भड़क उठे। गुस्साए किसानों ने गैर जनपद से हो रही धान सप्लाई के विरोध में बमरोली मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस बीच किसानों ने गैर जनपद से आ रहे धान से भरे 08 ट्राले भी पकड़ लिए। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने सभी ट्रालों को करेली पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीएम ने किसानों को शांत कराने के साथ ही किसानों और मिलर्स को बीसलपुर बुलाया। जहां पर दोनों पक्षों को बैठाकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया।

लखीमपुर एवं शाहजहांपुर के क्षेत्र से बड़े पैमाने पर बिचौलियों द्वारा ट्रालों में धान भरकर कस्बे के राइस मिलों पर सप्लाई किया जा रहा है। इससे मंडी शुल्क की खुलेआम चोरी हो रही है। इतना ही नहीं पड़ोसी जनपद से धान की आवक होने की वजह से स्थानीय किसानों का धान व्यापारियों द्वारा काफी कम कीमत पर खरीदे जाने का आरोप भी लग रहा है। किसानों का कहना है कि नगर के राइस मिलर पड़ोसी जनपद से आने वाले धान का स्टॉक कर रहे हैं, जिसे धान खरीद केंद्र पर फर्जी खरीद दर्शाकर एडजस्ट कराया जाएगा। किव्यापारी खुलेआम उनका शोषण कर रहे हैं। इन किसानों का कहना है कि मिलर एक तो निर्धारित मूल्य से काफी कम कीमत पर धान खरीद रहे हैं, और नकद भुगतान करने पर एक प्रतिशत की सीडी भी काट रहे हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगा, फिर किया दुष्कर्म

संवाददाता, घुंघचिहाई

- **आरोपी के भाई ने भी महिला से जबरन बनाए संबंध, धमकाया**
- **कोर्ट के आदेश पर घुंघचिहाई थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** रिश्तेदारी में आई एक महिला से रोजगार सेवक ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर पहले दस हजार रुपये ठगे। फिर उसे अपने भाई की मदद से बाइक पर बैठाकर ले गया और खंडहर में ले जाकर दोनों ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर चाकू दिखाकर धमकाते रहे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

दर्ज की गई रिपोर्ट में बरखेड़ा क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी रिश्तेदारी पूरनपुर क्षेत्र के एक गांव में है। पिछले साल 2023 में उसका कई बार आना-जाना रहा। पूरनपुर के गांव पिपरिया जयभद्र के रहने वाले रोजगार सेवक राजू उर्फ राजकुमार का भी वहां आता था।

दोनों के बीच पहचान हो गई। आरोपी ने अफसर और जनप्रतिनिधियों से अच्छी पकड़ होने की बात बताई। इसके बाद नौकरी लगवाने का झांसा दिया। मई 2023 में 10 हजार नगद रुपये ले लिए। कुछ दिन बाद नौकरी के बारे में पता किया तो रोजगार सेवक राजू उर्फ राजकुमार अपने भाई सत्यपाल के साथ नौकरी लगवाने के बहाने बाइक पर बिठाकर ले गया। फिर इकोहत्तर नाथ के जंगल में एक खंडहर में बाइक रोक दी। चाकू के बल पर धमकाते हुए दोनों आरोपियों ने दुष्कर्म किया। अप्राकृतिक संबंध भी बनाए गए।

पीड़िता बेसुध होने और आरोपी अश्लील हरकत करते वक्त फोटो खींचते रहे। इसके बाद असम चौराहा पूरनपुर के पास छोड़कर चले गए। शिकायत करने पर फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी गई। पुलिस के सुनवाई न करने पर कोर्ट की शरण ली। तब जाकर कार्रवाई हो सकी है। घुंघचिहाई पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रोजगार सेवक और उसके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## बालक से कुकर्म के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** आठ वर्षीय बालक के साथ कुकर्म के मामले में पीड़ित के पिता ने 15 वर्षीय किशोर और उसके पिता व मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित बालक के पिता ने बताया कि वह घर पर नहीं थे, तभी पड़ोस का ही 15 वर्षीय उसके बेटे को बहला-फुसलाकर खेत पर ले गया। आरोप है कि खेत पर बेटे के साथ कुकर्म की घटना की। जानकारी होने पर वह आरोपी के घर शिकायत करने पर पहुंचे तो आरोपी के पिता और मां गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वह मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले में आरोपी किशोर और उसके पिता व मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बैठक में किसानों व मिलर्स के बीच नोकझोंक

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** किसानों से अब राइस मिलर धान के नगद भुगतान पर मुद्दत के नाम पर कटौती नहीं करेंगे। यह निर्णय सोमवार शाम को एसडीएम कार्यालय में किसानों और मिलर्स के बीच हुई बैठक में लिया गया। हालांकि बैठक के दौरान दोनों पक्षों में जमकर नोक झोंक भी हुई, जिस कारण किसानों की अन्य समस्याओं पर चर्चा नहीं हो सकी। फिलहाल एसडीएम ने दोनों पक्षों को मंगलवार सुबह 10 बजे पुनः बुलाया है।

बता दें कि अवैध तरीके से नगर के कुछ राइस मिलर्स धान का नकद भुगतान करने पर किसानों से एक प्रतिशत की सीडी काट रहे थे।

### किसानों ने लगाए गंभीर आरोप

पीलीभीत। सरकारी खरीद केंद्रों पर धान का निर्धारित मूल्य 2320 प्रति क्विंटल है, लेकिन खुले बाजार में राइस मिलर मौजूदा वक्त में धान अधिकतम सिर्फ 1750 रुपए प्रति कुंतल के भाव ही खरीद रहे हैं। इतना ही नहीं मिलर्स बाजार में बिकने के लिए आ रहे धान में अधिक नमी होने की बात कह रहे हैं, जबकि किसान लगातार व्यापारियों पर शोषण करने का आरोप लगा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि मिलर्स 01 किलो प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की कटौती भी कर रहे हैं। इसके अलावा प्रति ट्रॉली धान की तुलाई पर 100 रुपए और उतराई पर 10 किलो धान भी प्रति ट्राली के हिसाब से कटौती कर रहे हैं। नकद भुगतान करने पर मिलर्स 01 प्रतिशत की सीडी भी काट रहे हैं। उधर किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर व्यापारियों द्वारा किसानों का शोषण बंद नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

- **एसडीएम बोले- गैर जनपद से केवल किसान ही ला सकेंगे धान**

जिसकी वजह से किसान न केवल परेशान थे ,बल्कि सोमवार को उनका धैर्य भी जवाब दे गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे एसडीम नागेंद्र पांडेय ने किसानों को सोमवार को शाम चार बजे बीसलपुर स्थित अपने कार्यालय में बुलाया। वहां पर मिलर्स और किसानों के बीच बैठक हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हो गई। जिस कारण किसानों की अन्य समस्याओं पर चर्चा ही नहीं हो सकी।

## मां-बेटे को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी शान्ती देवी ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 18 अक्टूबर को शाम सात बजे उसका भाई सुनील सिंह घर पर आया था और उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। मोहल्ले का रोहित मिश्रा उसके भाई को गालियां देने लगा और कहा कि यहां से बाइक हटा ले। गाली का विरोध करने पर आरोपी ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। उसका बेटा राजन बचाने आया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के ,खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### ढिगरी के लेखपाल की मौत, राजस्व कर्मियों ने जताया शोक



**जलालाबाद।** तहसील क्षेत्र के गांव ढिगरी में तैनात लेखपाल नरेंद्र यादव की सोमवार तड़के अचानक तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन की सूचना पर उप जिलाधिकारी उत्सव आनंद, तहसीलदार पैगाम हैदर एवं लेखपाल संघ के कमलेश कुमार ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। लेखपाल की तहसील तिलहर क्षेत्र में 2005 में नियुक्ति हुई थी। बाद में वह पुवायां तहसील में तैनात रहे। फिर 2018 से जलालाबाद तहसील में तैनात थे।

### युवती के परिजनों ने की प्रेमी की पिटाई

**पूरनपुर।** कालेज में पढ़ने गए प्रेमी युगल लौटते समय रास्ते में बातचीत करने लगे। राहगीर ने पहचान कर युवती के परिजन को सूचना दे दी। जिसके बाद परिजन ने पहुंचकर युवक की पिटाई कर दी। बमुश्किल लोगों ने बीच बचाव कराकर मामला रफा दफा कराया। बताते हैं कि दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ाई करते हैं। सोमवार को स्कूल से घर जा रहे थे। कालेज से कुछ दूर निकलने के बाद ही गले में हाथ डालकर बातें कर रहे थे। इस दौरान युवती के गांव का व्यक्ति गुजर रहा था। उसी फोन पर युवती के परिजनों को बताया। उसी के बाद परिजन आ गए थे और प्रेमी से मारपीट की। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें ऐसे मामले की जानकारी नहीं है।

### चोरी के जेवरात बरामद, दो आरोपी पकड़े गए

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला वमनपुरी के निवासी प्रधानाचार्य शिक्षक राजीव वर्मा के घर से शनिवार रात सोने चांदी के जेवर और 55 हजार रुपये चोरी हुए थे। पड़ोसी मुखर्जी कोहली के घर से भी पांच हजार रुपये व जेवरात चोरी किए गए थे। घटना के दौरान चोरों को एक व्यक्ति ने पहचान लिया था।

## बाइक मांगने पर जान से मारने की धमकी दी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी अनिकेत भटनागर ने थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने विगत दिनों में एक बाइक खरीदी थी। 26 सितंबर को दिन में चार बजे उसका भांजा ईशांत श्रीवास्वत निवासी खलील शर्की चौक कोतवाली मांगकर ले गया था। उसका भांजा कैंट क्षेत्र में किसी काम से गया था।

आरोपी अनुज निवासी आनंदपुरम कालोनी चौक कोतवाली उसके भांजे से बाइक मांगकर ले गया। उसके भांजे ने बाइक वापस मांगी तो आरोपी उससे गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने लाग। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# करवा देकर लौट रहे युवक को पीटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **जमीन के विवाद में मारपीट का लगाया आरोप, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया**

**अमृत विचार:** बहन को करवा देकर आ रहे स्कूटी सवार को शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव नयापुरवा के पास रोककर जमकर पिटाई की। धारदार हथियार से घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना शारदा नगर के गांव मैनहा घाट निवासी सुनील यादव रविवार को अपनी बहन को करवा देकर धौरहरा से घर वापस आ रहा था।

नयापुरवा गांव के पास मैनहा घाट के ही सुरेश यादव ने अपने कुछ साथियों के साथ रोक लिया। जमीन की रंजिश में पहले पीटकर अधमरा कर दिया। फिर धारदार हथियार से प्रहार कर भाग निकले। परिजन उसे बेहोशी की हालत में लेकर अस्पताल पहुंचे। इधर सुनील के साथ लूट होने की खबर किसी ने पुलिस को दी। सीओ सदर रमेश तिवारी और शारदा नगर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल के भाई दिलीप ने बताया कि गांव के ही सुरेश यादव से उसकी जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है।

पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जमीनी रंजिश में घटना हुई है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# परीक्षा देने जा रहा छात्र सरयू में डूबा, मौत


सरयू नदी किनारे लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, धौरहरा

- **बहराइच के एक इंटर कॉलेज में परीक्षा देने जा रहा था**

**अमृत विचार:** बहराइच के एक इंटर कॉलेज में परीक्षा देने जा रहा थाना ईसानगर के गांव चकदगा निवासी छात्र सरयू नदी पार करते समय गहरे पानी में चला गया और उसकी डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव चकदहा निवासी पैकरमा का पुत्र राम सिंह (18) बहराइच जिले के शिवपुर स्थित राम प्यारे इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था। उसकी अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं।

वह सोमवार की सुबह पैदल परीक्षा देने कॉलेज जा रहा था। सरयू नदी पार करते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। परिवार वाले मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना देकर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसका शव बरामद कर लिया। इसका पता लगने पर परिवार में कोहराम मच गया।


मृतक राम सिंह

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव न्यूक्लियस शुरू

## केंद्रीय मंत्री ने फीता काटकर किया वार्षिक उत्सव का आगाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



वार्षिकोत्सव का फीता काटकर उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार को वार्षिकोत्सव न्यूक्लियस 2024 की शुरुआत धूमधाम से हुई। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बी. एल. वर्मा ने फीता काट कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उसके बाद छात्रों की परेड की सलामी ली, मशाल प्रज्ज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि विधायक महेश चन्द्र गुप्ता एवं सचित प्रकाश रहे।

सोमवार को पहले दिन खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में किरन पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मरियम लतीफ ने दूसरा और अनुष्का चंद्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, छात्र वर्ग में सरफराज खान ने पहला स्थान प्राप्त किया, विशाल ने दूसरा और रवि गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, क्रिकेट का सेमीफाइनल मुकाबला एम.बी.बी.एस. बैच 2019 और 2020 के बीच खेला गया। जिसमें 2020 बैच विजयी रहा। अन्य खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल का भी आयोजन किया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का भव्य कार्यक्रम कॉलेज में दूसरी बार आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं छात्र-छात्राओं को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन फेस्ट कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मुकत्याज हुसैन एवं एम.बी.बी.एस. बैच-2021 के छात्र पुष्पेंद्र कुमार और छात्रा गरिमा ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी चिकित्सा शिक्षक, कॉलेज ऑफ नर्सिंग और पैरामेडिकल के शिक्षक, कर्मचारीगण और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बच्चों की हाजिरी कम, सभी बीईओ का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम के आदेश पर बीएसए ने की कार्यवाही

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति नहीं बढ़ रही है। उपस्थिति बढ़ाने के लिए कई बार खंड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा अधिकारी के द्वारा आदेशित किया गया। इसके बाद भी उनके स्तर पर लापरवाही बरती गई। ऐसी स्थिति पर बीएसए ने डीएम के आदेश पर सभी बीईओ के वेतन पर रोक लगा दी है।

छुट्टियों के बाद स्कूल खुलते ही बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए महानिदेशक शिक्षा की ओर से लगातार आदेशित किया जा रहा है। जिसका प्रमाण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे स्कूलों के निरीक्षण के दौरान देखने को मिल रहा है। हाल के दिनों में बीएसए, जिला अधिकारी तथा सीडीओ और अन्य अधिकारियों द्वारा परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया गया। परंतु किसी भी स्कूल में बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं मिली। किसी में 40 प्रतिशत तो किसी में मात्र बीस प्रतिशत ही बच्चे उपस्थित थे। शनिवार को तहसील दिवस के बाद डीएम निधि श्रीवास्तव ने बिसौली क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया था। उन्हें बच्चों की 50 प्रतिशत उपस्थिति स्कूलों में नहीं मिली। जिस पर उनके द्वारा शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के आदेश कर दिए थे। साथ ही बीएसए को भी सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के वेतन पर रोक लगाने का निर्देश जारी कर दिया।

डीएम से मिले आदेश पर बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोक दिया है। जिससे बीईओ में हड़कंप वाली स्थिति बनी हुई है। बीएसए वीरेंद्र कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश पर बीईओ के आदेश पर वेतन रोका गया है।

## रसोई घर के बाहर लगा गंदगी का ढेर

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में प्रेरणा रसोई घर के पास लगे कूड़े के ढेर को छुट्टा गोवंश इधर उधर बिखेरते रहते हैं। यहां अस्पताल का गंदा कचरा डाला जाता है जिससे रसोई घर में खाना बनाने वाली महिलाओं को परेशानी हो रही है। जिला महिला अस्पताल में पुलिस चौकी के पास ही प्रेरणा रसोई घर है। इस रसोईघर में अस्पताल के मरीजों को खाना बनाया जाता है। दो महिलाएं खाना बनाती हैं। लेकिन रसोई के मुख्य द्वार के निकट ही गंदा कूड़ा इकट्ठा किया जाता है। पूरे अस्पताल का कूड़ा और गंदगी यहां पर डाली जाती है। जिससे कुत्ते गंदगी को मुंह में उठा कर इधर उधर डाल देते हैं। पुलिस चौकी व चाइल्ड हेल्प लाइन के स्टाफ का परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन से गंदगी हटाने को कई बार कहा गया जिस पर गंदगी तो हटा ली गयी मगर सुबह को फिर उसी जगह पर गंदगी डाल दी गयी। सोमवार को यहां पर गंदगी के बीच कुत्ते और गौवंश घूम रहे थे। गंदगी सेभारी दुर्गन्ध आने इधर आने वाले लोगों को दिक्कत हुई।

## सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन न देने पर होगी कार्रवाई

**बदायूं अमृत विचार:** नवंबर माह से परिषदीय स्कूलों के बच्चों में सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन का वितरण होना है। जिसमें गुरुवार के दिन मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल-मूंगफली की गजक और बाजरे का लड्डू इत्यादि का वितरण किया जाना है। एक छात्र को न्यूनतम 20 ग्राम की मात्रा में सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन दिया जाएगा। डीएम निधि श्रीवास्तव ने निर्देश दिए है कि नवंबर से शुरु होने वाले इस कार्य में लापरवाही न बरती जा जाए। वितरण न करने पर संबंधित बीईओ और शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मंत्री पर दबाव बनाने की शिकायत, रिपोर्ट दर्ज

**उघैती, अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के गांव छिबऊकलां निवासी विजय पाल सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह भाजपा कार्यकर्ता हैं। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के समर्थक हैं। 28 अगस्त को खुली बैठक में गांव की राशन की दुकान का प्रस्ताव सुमित्रा पुत्री खुशीराम के नाम पर हुआ था। इस संबंध में गांव के रंजीत पुत्र सोहन ने 12 सितंबर को डीएम को प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि यह प्रस्ताव मंत्री के दवाब व प्रभाव की वजह से फर्जी तरीके से हुआ है। आरोप लगाया कि ऐसा करके रंजीत ने मंत्री पर आरोप लगाए हैं। भाजपा कार्यकर्ता व नेताओं की भावना को ठेस पहुंचाया है। विजय पाल सिंह ने रंजीत से कहा कि ऐसा झूठा आरोप क्यों लगाया था। आरोप है कि रंजीत ने फोन करके जीतेश, अंकित, लक्ष्मी नारायण को बुला लिया। वह गाली-गलौज करने लगे। कहा कि पुलिस से शिकायत की तो जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पर्व पर स्नान के लिए गंगा में कम है पानी

- 18 हजार क्यूसेक पानी उपलब्ध कराने को लिखा पत्र,
- जिला प्रशासन ने तीनों बैराज से गंगा स्नान को मांगा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंगा किनारे लगने वाले मिनी महाकुंभ मेला ककोड़ा की तैयारियों को लेकर गंगा में पानी कम होने की जानकारी के बाद जिला प्रशासन ने नरौरा, हरिद्वार और बिजनौर बैराज को गंगा में पानी छोड़े जाने को पत्र लिखा है और श्रद्धालु पर्व पर गंगा में डुबकी लगा सकें इसके लिए गंगा में 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग की है।

मेला ककोड़ा में इस साल जिस जगह पर मेला स्थल बनाया है वहां पर गंगा में पानी कम है। 8 अक्टूबर को अफसरों ने निरीक्षण में गंगा की धार अलग हटने से जलस्तर अवरूद्ध होने की बात कही थी। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि पिछले साल नरौरा बैराज से 11 हजार 381 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। बिजनौर से 9 हजार 902 क्यूसेक और हरिद्वार से 9 हजार 822 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया था। कुछ और पानी भी छोड़ा गया था। तब पर्व पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया था।

ककोड़ा मेला जिला पंचायत लगवाता है। गंगा में जहां स्नान के लिए घाट बनाए जा रहे है। वहां पर पानी कम है। ऐसे में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा ने गंगा में स्नान करने को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। इसके बाद डीएम ने सिंचाई विभाग के अफसरों को पत्र भेजकर 14 से 22 नवम्बर तक बैराज से पानी छोड़ने को पत्र भेजा है।

### कल से लगेंगे तंबू

आगरा का टैंट 22 अक्टूबर को मेला स्थल पर पहुंच जाएगा। टैंट के पहुंचते ही प्रशासन और जिला पंचायत के कार्यालयों के तंबू लगने शुरू हो जाएंगे। जिला पंचायत प्रशासन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मेला स्थल पर 23 अक्टूबर से तंबू लगने शुरू हो जाएंगे।

### सड़क की मरम्मत कराई

मेला ककोड़ा शुरू होने से पहले ही लोक निर्माण विभाग द्वारा कादरचौक से मेला स्थल तक जर्जर सड़क की मरम्मत कराई गई है। कादरचौक से आगे सड़क कई जगह पर टूटी थी। सड़क के दोनो ओर मिट्टी डाली गयी है। गड्ढे भर दिए गए हैं। टूटी सड़क की मरम्मत हो जाने पर वाहन फर्राटा भर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नरौरा खंड निचली गंगा नहर अलीगढ़, अधिशासी अभियंता हरिद्वार, अधिशासी अभियंता बिजनौर को पत्र लिखे हैं। उक्त तीनों बैराज से गंगा में 14 से 22 नवंबर के बीच 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने को कहा है।

प्रभारी मंत्री ने भी गंगा में पर्याप्त जलधारा बनाए रखने को निर्देशित किया है। गंगा में जल प्रवाह को बनाए रखने को 18 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज करने की मांग की गयी है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
● हिस्टीरिया, मिर्गी
● सिर दर्द, माइग्रेन
● डिप्रेशन, घबराहट
● स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
● नशे की आदत
● डिमोशिया
● याद्दाश्त कम होना
● बच्चों में चंचलता
● पागलपन बुदबुदाना
● बिस्तर गीला करना
● बेवजह शक करना
● नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प 2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रुपये, एक्स-रे 50/- रुपये मात्र, ECG 20/- रुपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रुपये मात्र
सिर का एम. आर. आई. 2000/- रुपये मात्र
वाह्य रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

## पालीटेक्निक में आज होगी स्पॉट काउंसलिंग

**बदायूं, अमृत विचार:** जनपद तीन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज संचालित हैं। इनमें राजकीय पालीटेक्निक बदायूं, अलापुर, सहसवान और बिल्सी में कॉलेज संचालितहैं। इनमें शैक्षिक सत्र 2024-25 में रिक्त सीटों पर आज 22 अक्टूबर को स्पॉट काउंसलिंग कराई जाएगी। जिसमें प्रवेश लेने के लिए इच्छुक विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। लखनऊ के सौजन्य से आयोजित की जाएगी। स्पॉट काउंसलिंग में ऐसे अभ्यर्थी जो संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 में सम्मिलित हुए हैं वह ही पात्र माने जाएंगे।

### पुलिस परेड ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार सुबह किया गया आयोजन, परिजनों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

# स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देकर किया याद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार को पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड के शहीद स्थित पर हुए आयोजन में कर्तव्य निभाते हुए जान गंवाने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को याद किया गया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात केके सरोज और सभी सीओ ने पुष्प चक्र अर्पित किए। एसएसपी ने शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि शहीदों के बलिदान का कोई मोल नहीं होता, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।



आयोजन के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते एसएसपी।

सोमवार सुबह 8 बजे अधिकारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुष्पचक्र अर्पित किए। शहीद स्थल पर मोमबत्ती जलाईं। गार्द ने शोक शस्त्र और सलामी दी और मौन धारण किया। जिसके बाद एसएसपी ने शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एसएसपी ने कहा कि हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। अपने कर्तव्य पालन में संवेदनशीलता, समर्पण और बलिदान का करने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में यह आयोजन होता है। यह दिन उन वीर शहीद पुलिसकर्मियों को समर्पित है जिन्होंने राष्ट्र व समाज की रक्षा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहूति दी।





शहीद स्थल पर शहीदों का श्रद्धांजलि देते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

इस अवसर पर सीओ उझानी शक्ति सिंह, सीओ दातागंज केके तिवारी, सीओ सिटी व सीओ लाइन संजीव कुमार, सीओ बिल्सी उमेश चंद्र, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह व इंद्रजीत सिंह ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करके शहीदों को याद किया। दो मिनट का मौन धारण किया।

## हेपेटाइटिस के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण आज

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को हेपेटाइटिस के मरीजों का परीक्षण किया जाएगा। नए मरीजों का ब्लड सैंपल लिया जाएगा जबकि पुराने मरीजों को दवा दी जाएगी।

जिला अस्पताल में मंगलवार और शुक्रवार को हेपेटाइटिस के मरीजों को देखा जाता है। पीलिया के मरीजों की सुबह से ही लाइन लग जाती है। 22 अक्टूबर को हेपेटाइटिस के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उनका ब्लड सैंपल लेकर जांच को भेजा जाएगा। शुक्रवार को मरीजों को केवल दवा दी जाती है।

# भाकियू टिकैत गुट का जेल भरो आंदोलन हुआ शुरू

### कलेक्ट्रेट पर की किसानों ने पंचायत, कर्जमाफी की मांग, छावनी में तब्दील रहा मालवीय आवास गृह, पंचायत में जुटे किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जेल भरो आंदोलन से प्रशासन पूरी तरह हिल गया।किसान नेताओं ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 21 नवम्बर को फिर बड़ी पंचायत होगी। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वह आत्महत्या कर लेंगे। पंचायत में शासन और प्रशासन के खिलाफ जमकर जहर उगला गया। किसानों के बीच पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट और एडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गौर किया जाएगा। अधिकारियों ने एक व्यक्ति का अनशन भी समाप्त करा दिया।



सोमवार को कलेक्ट्रेट पर भाकियू के जेल भरो आंदोलन से पहले किसान पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन के तहत सुबह दस बजे से ही कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर पहुंचने शुरू हो गये। किसानों की संख्या देख पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। मालवीय आवास गृह को छावनी में तब्दील कर दिया गया।

धरने का नेतृत्व मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह व जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधार व मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना कर रहे थे। किसानों ने कहा कि बैंक कर्मियों द्वारा किसानों से चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर उनकी जमीनों की नीलामी की जा रही है। केसीसी को गोल्डन लोन में तब्दील करके किसानों को छूट से वंचित किया जा रहा है। बरेली मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई, उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वह आत्महत्या कर लेंगे। उन्होंने कहा कि 21 नवम्बर को फिर पंचायत की जाएगी।उन्होंने कहा आखिर इन अन्नदाताओं का क्या गुनाह है 1953 में बने गन्ना एक्ट में प्रावधान है कि 14 दिन में भुगतान कर दिया जाए, अन्यथा की स्थिति में मय ब्याज के भुगतान होगा। 70 वर्षों से आज तक किसानों को ब्याज नहीं मिला है। किसानों का कर्ज माफ किया जाए। बैंक किसानों से लूट कर रही हैं।

जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंकर ने कहा जिले में डीएपी कालाबाजारी चल रही है। चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा प्रशासन किसानों की समस्याओं को सुनना भी नहीं चाहता है। रतन सिंह की जमीन नीलाम क्यों किया । कहा किसानों पर जुल्म किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। आज पंचायत में कछला, इस्लामनगर, दहगवा, उसहैत, दातागंज बिसौली, बिल्सी, उझानी, कादरचौक, म्याऊं, बिनावर, वजीरगंज, सहित पूरे जिले के किसान एकत्रित हुए झाजन सिंह, ठाकुर अजय पाल सिंह, पंडित रामकुमार शर्मा जोगिंदर सिंह अर्जुन सिंह, पप्पू उर्फ रन सिंह यादव पप्पू प्रधान, मुकेश भदौरिया, अमरपाल सिंह यादव, महिपाल सिंह यादव, एक राम यादव, अशोक कुमार सिंह चौहान, चौधरी रमेश सिंह, मास्टर प्रेमपाल सिंह, भूरेलाल शर्मा, पप्पू सैफी, साबिर हुसैन, तस्लीम गाजी, कल्लन मियां, भंवर पाल सिंह, श्याम पाल आर्य, नन्नीलाल सक्सेना, ओंकार सिंह, इरफान खान, बाबू सैफी चौधरी, राजाराम सिंह, हरिश्चंद्र चौधरी, महिपाल सिंह, नूर अली, सुनील शर्मा, शीला देवी नसरीन बेगम, चंद्र मोहन वर्मा, नारायण कश्यप, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



किसानों को सम्बोधित करते भाकियू नेता।

किसानों की भारी संख्या देख सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र पाल सिंह व एडीएम पहुंच गए। किसानों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उक्त अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान किया जाएगा। किसी को परेशान नही किया जाएगा। उधर तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे रतन सिंह का सीओ सिटी व सिटी मजिस्ट्रेट ने अनशन खत्म कराया। उनकी मांगों पर ध्यान देने का आश्वासन दिया गया।

### भाकियू चढ़ूनी का भी जारी रहा धरना, की नारेबाजी

बदायूं, अमृत विचार : भाकियू चढ़ूनी कार्यकर्ताओं पर अलापुर पुलिस द्वारा दर्ज की गयी रिपोर्ट के विरोध में 17 वें दिन भी धरना जारी रहा। कुंवरगांव के कार्यकर्ता इरफान अहमद की जमीन पर किए गए कब्जे के विरोध में भी धरना जारी रहा। जिला प्रशासन को कोई अधिकारी भाकियू की बात सुनने को तैयार नही है। आक्रोशित किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सोमवार को जारी धरने का नेतृत्व कर रहे ज़िला प्रभारी अजब सिंह राजपूत नें कहा कि अन्याय के खिलाफ किसानों का धरना जारी है। इस मौके पर आसिम उमर व आरिफ रजा,चंद्रमोहन वर्मा, राजेन्द्र सिंह, रामेश्वर, लटूरी, छोटेलाल, इरफान अहमद, चंद्रमोहन वर्मा, कासिम अली, आरिफ रज़ा, भगवानदास, जयपाल, कृष्ण अवतार शाक्य, असलम, मुकेश, राम किशन, विजय सिंह, हरविंदर, रामदास प्रताप सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## कार में लिफ्ट देकर दिनदहाड़े युवक से तमंचे के बल पर लूट

संवाददाता, विजय नगला

- ट्रेन लेट होने से कार में लिफ्ट लेकर बरेली जा रहा था युवक

**अमृत विचार :** शनिवार सुबह लगभग आठ बजे शहर के शहबाजपुर चौराहे से कार में बैठकर बरेली जा रहे युवक को बदमाशों ने दिन दहाड़े तमंचे के बल पर लूट लिया। युवक से नगदी, सोने की चेन व अंगूठी, मोबाइल लूटकर थाना बिनावर क्षेत्र के गांव चंदननगर की ओर भाग गए। युवक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो बिनावर, सिविल लाइन, सदर कोतवाली पुलिस के अलावा एसओजी ने भी जांच शुरू की है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गईं। मामले में शाम तक रिपोर्ट नहीं हो सकी है।



घटना की जानकारी देते पीड़ित विष्णु मुकेश।

जिला बरेली के थाना कैंट क्षेत्र के गांव चनहेटी निवासी विष्णु मुकेश कुमार बदायूं के मोहल्ला पटियाली सराय में पूरनलाल हलवाई वाली गली में रहने लगे हैं। वह बरेली में ही प्राइवेट नौकरी करते हैं। रोज ट्रेन से बरेली जाते हैं। सोमवार सुबह ट्रेन लेट हो गई थी। जिसके चलते वह किसी अन्य वाहन से बरेली जाने के लिए शहबाजपुर के पास खड़े थे। इसी दौरान एक लग्जरी कार आकर रुकी। बरेली जाने के लिए आवाज लगाई। विष्णु मुकेश कार में आगे वाली सीट पर जाकर बैठे। कार चालक ने पीछे वाली सीट पर बैठने को कहा तो वह पीछे की सीट पर जाकर बैठ गए। बराबर में दो अन्य लोग बैठे थे। विष्णु मुकेश का आरोप है कि शहर के बाहर नवादा चौराहे से आगे बढ़ने पर उन लोगों ने तमंचा सटा दिया और जान से मारने की धमकी दी। कार सवारों ने विष्णु मुकेश से चार हजार रुपये, सोने की चेन व अंगूठी, मोबाइल लूट लिया। विष्णु मुकेश कुमार को रास्ते में बिनावर क्षेत्र के गांव चंदननगर के पास फेंककर कार वापस मोड़कर चले गए। विष्णु मुकेश शहर आए और सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। पुलिस को बताया कि वह नवादा से बैठे थे। बाद में कहा कि वह शहबाजपुर से बैठे थे। जो सदर कोतवाली क्षेत्र में आता है। मामला अधिकारियों तक पहुंचा। जिसके चलते तीनों थानों की पुलिस को जांच में लगाया गया है। पुलिस ने रूट के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। सीओ सिटी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## जहर खाने से महिला की मौत, पति पर हत्या का आरोप

संवाददाता, कुंवरगांव

- मायका पक्ष का आरोप, शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये मांग रहे थे ससुरालीजन

**अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र एक गांव में विषाख्त पदार्थ खाने से महिला की मौत हो गई। लगभग छह महीने पहले उसकी शादी हुई थी। मायका पक्ष ने महिला के पति पर विषाख्त पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



लक्ष्मी का फाइल फोटो

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव सिगोई निवासी रामवीर उर्फ छोटे ने बेटी लक्ष्मी की शादी 19 अप्रैल को कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव गढ़ौरा निवासी महावीर पुत्र मटरू लाल के साथ की थी।

रामवीर का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे थे। पति आए दिन लक्ष्मी से मारपीट करता था। लक्ष्मी के दादा राम किशोर की मौत के बाद वह 18 अक्टूबर को तेरहवीं संस्कार के चलते मायके आई थी। लक्ष्मी का पति महावीर भी गांव सिगाई पहुंच गया।

आरोप है कि उसने रविवार रात लक्ष्मी को विषाख्त पदार्थ खिला दिया। जिससे लक्ष्मी की मौत हो गई।

मायके पक्ष ने महावीर पर विषाख्त पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि विषाख्त पदार्थ से महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे पर मिला महिला का शव, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप



**कुंवरगांव, अमृत विचार :** जिला बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव इटौरिया निवासी महावीर यादव की बेटी सुरमाला (25) की शादी लगभग दो साल पहले कुंवरगांव क्षेत्र के गांव अर्सिस निवासी आकाश यादव के साथ हुई थी। उसकी 10 महीने की बेटी है। रविवार रात सुरमाला का शव घर पर फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा। दरवाजे तोड़कर शव बाहर निकाला। महावीर ने आरोप लगाया कि सुरमाला का पति, सास-ससुर अतिरिक्त दहेज में बाइक, सोने की चेन व अंगूठी की मांग करते थे। बात-बात पर परेशान करते थे। उन्होंने ससुरालीजनों पर हत्या करके शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। कुछ समय के बाद पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पति आकाश, ससुर सोरन सिंह को हिरासत में लिया है। मृतक के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर उनकी सुरमाला से बात हुई थी लेकिन शाम को फोन नहीं लगा। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिकायत पत्र मिला है। जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## फ्लैट से गिरकर युवती की मौत, गांव में हुआ अंतिम संस्कार

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव की युवती की गौतमबुद्ध नगर के फ्लैट से गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा काटते हुए फ्लैट मालकिन पर फ्लैट से नीचे फेंकने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। हंगामे का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। रविवार शाम शव गांव पहुंचा।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव लाखन नगला निवासी वीरवती पत्नी राजेश्वर ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 135 में रहकर काम करते थे। उनकी बेटी स्वाति (18) घरों पर झाड़ू व पोछा लगाने का काम करती थी। 19 अक्टूबर को वह काम से सेक्टर 135 में गई थी। जहां फ्लैट के मालिक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। फ्लैट मालिक ने स्वाति को फ्लैट से नीचे फेक दिया। स्वाति की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर उसके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और हंगामा किया। सूचना मिलने पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस पहुंच गई।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा आठ साल की बच्ची की मौत

संवाददाता, उघैती

- थाना उघैती क्षेत्र के गांव स्वरूपपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा अनियंत्रित हो गया। जिसका पहिया सड़क में चला गया। ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिसमें सवार आठ साल की बच्ची नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीर उसे सीएचसी पर ले गये जहां चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।



अर्चना का फाइल फोटो

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव भवीपुर निवासी सोमपाल अपनी पत्नी और आठ साल की बच्ची अर्चना के साथ गोद भराई की रस्म में गांव गोसाई बेहटा गए थे। जहां से लौटते समय उघैती थाना क्षेत्र के गांव स्वरूपपुर से कुछ दूर बढ़ने पर ई-रिक्शा अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गड्ढे में पहिया चला गया। ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिसमें सवार अर्चना गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने ई-रिक्शा को सीधा किया और सवारियों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

अर्चना को इलाज के लिए बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने ई-रिक्शा चालक पर नशे में होने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ई-रिक्शा को थाने पर खड़ा कराया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि बच्ची की मौत हुई थी। तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

खबरें www. amritvichar.com पर भी पढ़ें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरी हाईस्कूल परीक्षा अनुक्रमांक 0957858 वर्ष 2016 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र व इण्टरमीडिएट परीक्षा अनुक्रमांक 0761731 वर्ष 2018 का अंकपत्र सह- प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिला। **राघवेन्द्र कुमार शंखधार पुत्र श्री राकेश कुमार नि. ग्राम अनिरूद्धपुर तह. आंवला, जिला बरेली**

सूचना
मैं अपने पुत्र अमित कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री स्व. रक्षपाल नि. नेकपुर नयी आवादी, थाना सुभाषनगर जिला बरेली**

सूचना
मैं अपने पुत्र धर्मेन्द्रपाल को गलत संगत एवं गलत कार्य करने के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये अच्छे/बुरे कार्य से मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **हुकुम सिंह पुत्र बाबू राम निवासी ग्राम करगांव तहसील बिसौली जिला बदायूं (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र शाहिद रज़ा को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मो. सईद पुत्र श्री मो. इस्माईल निवासी मोहल्ला अलीनगर वार्ड नं. 9, कस्बा व थाना देवरनियां जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एसडीएम ने दो लेखपालों को किया निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार:** एसडीएम ने दो लेखपाल को निलंबित कर दिया है। जिसमें एक के द्वारा 35 दिन के अंदर एक ही व्यक्ति के तीन आय प्रमाण जारी कर दिए थे तो दूसरे ने अवैध धन लेकर विरासत दर्ज करा दी।

> दो लेखपाल को निलंबित किया गया है। इनमें एक लेखपाल पर एक ही व्यक्ति के तीन आय प्रमाण जारी करने और दूसरे को गलत तरीके से वरासत दर्ज कराने पर कार्रवाई की गई है। -मोहित कुमार, एसडीएम सदर

तहसील सदर के गांव अहरुईया के लोगों ने डीएम से शिकायत दर्ज कराई थी कि क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल राकेश कुमार ने गांव निवासी लीलाधर के तीन अलग अलग समय में आय प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं। जांच में पता चला कि लेखपाल ने संबंधित व्यक्ति के बिना जांच पड़ताल के आय प्रमाण पत्र जारी किए हैं। इनमें एक 48 हजार, दूसरा 54 हजार और तीसरा 45 हजार का आय प्रमाण पत्र जारी किया गया है। तीनों ही आय प्रमाण 35 दिनों के अंदर जारी किए गए थे। गांव गिरधरपुर में कार्यरत लेखपाल ने अवैध धन लेकर गलत तरीके से विरासत दर्ज करा दी। जबकि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जांच में लेखपाल रामाशंकर शर्मा दोषी पाए गए। इन्हें भी एसडीएम ने निलंबित कर दिया है।

## समितियों पर लेखपाल की निगरानी में वितरित होगी खाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम ने सहकारी समितियों पर लगाई लेखपाल की ड्यूटी
- खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी को एसडीएम के नेतृत्व में गठित किया है

**अमृत विचार:** हाल के दिनों में जिले भर में डीएपी की किल्लत रही। किसानों को दिक्कतों का सामना करना पडा। समितियों पर डीएपी के न मिलने पर निजी दुकानों से अधिक मूल्य पर उसे खरीदना पड़ा।

डीएम ने समितियों पर लेखपाल की ड्यूटी लगा दी है। साथ ही एसडीएम के नेतृत्व में सचल दलों का गठन किया है। जिससे यूरिया की कालाबाजारी न हो सके।

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि विभाग के पास 24738 एमटी यूरिया, 5466 एमटी डीएपी, 4799 एमटी एमओपी और 10710 एमटी एनपीके तथा एसएसपी 5976 एमटी का भंडार है। सोमवार को समितियों पर 24 हजार बैग डीएपी भेजी गई है। कृषि अधिकारी ने बताया कि रासायनिक उर्वरक वितरण के लिए समितियों पर लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई है। उनकी निगरानी में रासायनिक उर्वरकों का वितरण हो रहा है। साथ ही एसडीएम के नेतृत्व में सचल दल गठित किए गए हैं।

इन सचल दलों के द्वारा समितियों पर छापेमारी कर निगरानी की जा रही है। जिला कृषि अधिकारियों ने निजी दुकानदारों को चेतावनी दी कि अगर किसी दुकानदार द्वारा यूरिया की कालाबाजारी की गई या फिर ओवर रेट बेचा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### दिल्ली के अलावा लोकल रूट पर दौड़ाई जाएंगी रोडवेज बसें

**बदायूं, अमृत विचार :** दस दिन बाद दीपोत्सव शुरू हो जाएगा। दूसरे जनपदों और प्रांतों में रहने वाले लोग त्योहार मनाने के लिए अपने घर लौट रहे हैं। बसों में यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में रोडवेज परिवहन निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। लंबे रुट पर चलने वाली बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे। साथ ही लोकल रूटों पर भी बसें दौडाए जाने का निर्णय लिया है। रोडवेज परिवहन निगम के पास 165 बसों का बेडा है। इनमें 35 बसें अनुबंधित भी शामिल हैं। शेष बसें रोडवेज निगम की हैं। इनमें से डिपो की 115 बसें चल रही हैं। रोडवेज बसों का संचालन दिल्ली, आगरा, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, हरिद्वार, पीलीभीत, शाहजहांपुर के लिए हो रहा है। चालक परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। साथ ही वर्कशाप में खड़ी पुरानी बसों को मरम्मत करके तैयार किया जा रहा है। पिछले दिनों कुछ नई बसें भी मिली हैं। इनका भी संचालन शुरू करा दिया है। एआरएम अजय कुमार सिंह बताया कि दिल्ली रुट पर अतिरिक्त बसें चलाई जाने लगी हैं। जिसे यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। दीपावली पर्व के बाद भैया दूज पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए बसों के फेरे बढा दिए जाएंगे। लोकल रुट पर भी बसों का संचालन कराया जाएगा।

### लोन से परेशान युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कछला, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा कछला के वार्ड छह निवासी अमित कुमार (23) पुत्र रमेश पटवा ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। उसने ई-रिक्शा लोन पर लिया था। जिसका कर्जा वह उतार नहीं पा रहा था। वह अन्य कर्ज में भी डूबा हुआ था। इसलिए मानसिक तनाव का शिकार था। रविवार रात वह अपने घर में सोया था। सुबह उसका फांसी के फंदे पर लटकता शव मिला। परिवार के लोगों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### डेंगू के दो और मलेरिया के निकले 31 मरीज

**बदायूं, अमृत विचार :** बैक्टीरिया जनित रोगों के खात्मे को जिले भर में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। सोमवार को 16 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए जिसमें दो मरीज डेंगू के निकले और मलेरिया पीवी के 29 मरीज तथा मलेरिया पीएफ के 2 मरीज सामने आए हैं। बुखार के 471 मरीज मिले। सभी को गांवों में ही दवा दी गयी। उधर ब्लॉक जगत के ग्राम हयात नगर में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया।

# राहत: मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग 30 फिट होगा चौड़ा

## राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये होंगे खर्च

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग संख्या 43 को 30 फिट चौड़ा किया जाएगा। दोनों साइड से 15-15 मीटर की रोड का चौड़ा किया जाना है। चौड़ी करने में 25 करोड़ से अधिक की लागत आएगी। जिसका प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी द्वारा तैयार किया गया है। जिसकी मंजूरी मिलने के बाद चौड़ीकरण का काम शुरू होगा।

मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग के चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी कई माह से तैयार कर रहा है। बदायूं सीमा के अंदर ओरछी, मुडिया, फैजगंज बेहटा सहित बिसौली और वजीरगंज में रोड चौडा करने के लिए अतिक्रमण को पहले ही चिन्हित कर निशान लगाए जा चुके हैं। अब विभाग इसके चौड़ीकरण में आने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने प्रस्ताव तैयार किया है। विभाग की ओर से करीब 25 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है।जिसका अनुमोदन डीएम से मिलने के बाद शासन में भेजा जाएगा। इस रोड के चौड़ा होने पर इस मार्ग पर स्थिति कस्बों में जहां जाम की समस्या समाप्त होगी। वहीं भारी वाहनों के आवागमन के लिए सुविधा हो जाएगी।

**जिले में 96 किमो मीटर होकर निकलता है राजमार्ग**

मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग 43 है। जिसकी कुल लंबाई 210 किमी है। इसमें से 96 किमी का दायरा बदायूं से होकर गुजरता है। ओरछी से बदायूं की लंबाई 62 किमी और बदायूं से उसावा तक की लंबाई 34 किमी है। जिसमें बदायूं से उसावा तक मार्ग को चौड़ा करने का काम चल रहा है। जो अब समाप्ति की ओर है। इसके बाद ओरछी से बदायूं तक रोड को चौड़ा किया जाना है। जिसका प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी की ओर से तैयार किया गया है।

**अभी सात मीटर चौड़ा है राजमार्ग**

मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग 43 की चौड़ाई फिलहाल दोनों किनारों से सात सात मीटर है। जिसे अब दोनों ओर से 30 मीटर तक किया जाना है। मार्ग के चौडा होने जाने से भारी वाहनों के लिए आसानी हो जाएगी। साथ ही लोगों को भी लाभ मिलेगा।

> मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग 43 को चौडा किया जाना है। बदायूं से उसावा तक मार्ग को चौड़ा किए जाने का काम लगभग समाप्ति की ओर है। अब ओरछी से बदायूं तक रोड को चौड़ा किया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जिसे मंजूरी के लिए शासन में भेजा जाना है।
> -**नरेश कुमार सिंह**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

# घर में घुसकर फरसे से हमला चार घायल, आरोपी को बांधा

कार्यालय संवादाता, बदायूं

- **पुलिस के पास पहुंचे घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर कराया गया इलाज**

**अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक ने बसपा के विधानसभा प्रभारी के परिवार पर फरसे से हमला कर दिया। दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने युवक के पैर को पकड़ लिया और उसके पैर बांध दिये इसके बाद उसे पेड़ से बांध दिया। पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मदनजुड़ी निवासी बसपा के विधानसभा प्रभारी भगवान सिंह, उनी पत्नी आशा, बेटा विकास, नाती शिवांश सोमवार सुबह लगभग सात बजे अपने घर पर बैठकर बातें कर रहे थे। भगवान सिंह का पड़ोसी लल्लू सिंह फरसा लेकर उनके घर आया और जानलेवा हमला किया। आशा के हाथ में फरसा लगा। जिसके बाद लल्लू सिंह ने शिवांश को फरसा मारने का प्रयास किया। बचाने पर भगवान सिंह के हाथ में फरसा लगा। फरसा लगने से विकास भी घायल हो गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास रहने वाले लोग पहुंच गए। उन्होंने लल्लू सिंह को घेर लिया। उसके हाथ और पैर पेड़ से बांध दिए और पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया गया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और अब उससे पूछताछ कर रही है। हमला करने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है।

बिसौली कोतवाल ने बताया कि दो पक्ष में विवाद का मामला सामने आया था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने दस्तक अभियान के कार्यों पर व्यक्त की नाराजगी

- **अभियान में आशा और कार्यकत्रियों के घर-घर भ्रमण की प्रगति से असंतुष्ट**

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने 1 अक्टूबर से प्रारंभ हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साप्ताहिक समीक्षा बैठक की । उन्होने परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को जन सहभागिता के साथ सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामों में झाड़ियां की कटाई व समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल व कॉलेजों में प्रातः होने वाली प्रार्थना सभा में संचारी रोग के प्रति बच्चों को जागरूक किया जाए, ताकि वह अपने माता-पिता व आसपास के लोगों को भी संचारी रोग के प्रति जागरूक कर सकें। जिलाधिकारी ने बताया कि 11 अक्टूबर से दस्तक अभियान जनपद में प्रभावी है। उन्होंने आंगनबाड़ी व आशा के द्वारा घर-घर किए जा रहे भ्रमण की प्रगति पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत घर घर जाकर आमजन को जागरूक करने के लिए कहा। अभियान को सफल बनाने को कहा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जाम में रेंगते हुए गुजरे वाहन, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सोमवार को भामाशाह चौक और इंद्राचौक पर जाम में फंसे रहे वाहन**
- **यातायात पुलिसकर्मियों ने खासी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम**

**अमृत विचार:** सोमवार को शहर जाम के झाम में फंसा रहा। ई-रिक्शा और टेंपो की वजह से दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। जिसमें सबसे अधिक दिक्कत लोगों को भामाशाह चौक और इंद्राचौक पर हुई। इन चौराहों पर लगे जाम की वजह से वाहन रेंगते नजर आए। यातायात पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया गया।

ई- रिक्शा और टैंपों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर में करीब दस हजार से अधिक ई-रिक्शा और टैंपो दौड रहे हैं। जो कि शहर में जाम का कारण बन रहे हैं।

इनके संचालन का कोई नियम नहीं होने से ई-रिक्शा और टैंपों चालक हर चौराहे पर खड़े रहते हैं। चौराहों पर दो से तीन यातायात सिपाहियों के साथ ही एक एक पीआरडी जवान की ड्यूटी लगी है। फिर भी यातायात दुरुस्त नहीं हो पा रहा है। सबसे अधिक दिक्कत भामाशाह चौक और इंद्रा चौक पर लोगों को हुई। इन चौराहों पर ई-रिक्शा व टैंपो वालों की वजह से जाम की स्थिति बन गई। दोपहर में लगे जाम की वजह से वाहन रेंगते नजर आए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुल सका।

इस दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा।



पुलिस भामाचौक पर जाम को खुलवाने के लिए वाहन रोककर खड़ा पीआरडी जवान।

## सार-संक्षेप

### बाल विवाह रोकने को दिलाई गई शपथ



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में बाल विवाह न होने देने की शपथ दिलाई गयी। एक गेस्ट हाउस के सभागार में हुए कार्यक्रम में गत वर्ष की प्रगति रिपोर्ट बताई गई। संरक्षण अधिकारी रवि कुमार ने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी । कासगंज से प्रोग्राम मैनेजर सुग्रीव सिंह द्वारा संरक्षण अधिकारी रवि कुमार को सम्मानित किया गया। संस्था सचिव मीना सिंह के काउंसलर मनाली राठौर द्वारा परियोजना का एवं प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था समन्वयक देवेंद्र पाल द्वारा आभार व्यक्त करते हुए संस्था द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम की जानकारी दी गयी। एवं बाल विवाह न होने देने की जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई ।

### राम ने किया बालि का वध, सुग्रीव को बनाया राजा



**उघैती, अमृत विचार :** कस्बे में चल रही रामलीला में सोमवार को भगवान राम की सुग्रीव से मित्रता का मंचन किया गया। सुग्रीव ने अपने साथ हुए अन्याय के बारे में भगवान राम को विस्तार पूर्वक बताया। जिस पर भगवान ने सुग्रीव को भरोसा दिलाया कि वह बालि का वध जरूर करेंगे, भगवान के कहने पर सुग्रीव पंपापुर पहुंचकर बालि को युद्ध के लिए ललकारते हैं तो बालि गुस्से से बाहर निकल आता है। दोनों में भीषण युद्ध होता है, भगवान राम ताड़ के पेड़ के पीछे छुपकर एक ही बाण में बालि का वध कर देते हैं। इसके बाद सुग्रीव का राज्याभिषेक कर पंपापुर का राजा बना देते हैं। इस अवसर पर आदर्श रामलीला कमेटी के सभी सदस्य व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों श्री राम लीला का मंचन देखा।

### श्री राम कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**उझानी, अमृत विचार :** गोशाला रोड गांव अचौरा के बालिका आवासीय इंटर कालेज में श्री राम कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पीत वस्त्र धारी मातृ शक्तियों व कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर मुख्य मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। शाम को कथावाचक शांतनु महाराज ने श्री राम कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को महकाएं। युवा हर चुनौती को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ें, और लक्ष्य पाएं। मर्यादित जीवन जिएं। विद्यालय प्रबंधका अंजू चौहान ने बताया कि नौ दिवसीय श्री राम कथा 21 से 29 अक्टूबर तक होगी। इस मौके पर अध्यक्ष रवि महाराज, दीपमाला गोयल, जे पी सिंह सोलंकी, धीरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, राजू शर्मा, पंकज तोमर, आदि मौजूद रहे ।

### एक दिन की प्रधानाचार्या बनी छात्रा गुंजन




**इस्लामनगर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला टंकी रोड स्थित एस.जी.एम पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा आठ की छात्रा गुंजन ने एक दिन के लिए कार्यवाहक प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य किया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्हें नियमित रूप से और समय से विद्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किया। गुंजन ने प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठकर विद्यालय का कार्य किया और विद्यालय स्टाफ को दिशा निर्देश दिए। विद्यालय स्टाफ ने बताया की छात्रा गुंजन पढ़ाई में अच्छी हैं और वह बहुत सक्रिय रहती हैं।

### केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा फिर बने भाजपा के सक्रिय सदस्य



**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा के आवास पर पहुंचकर उनको पार्टी का ''सक्रिय सदस्य'' बनाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराया।जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी-अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करा रहे हैं। इस मौके पर जिला सदस्यता संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, एमपी सिंह राजपूत, शैलेंद्र मोहन शर्मा, सोवरन सिंह राजपूत, अखिल अग्रवाल, राहुल शंखधार, नत्थूलाल वर्मा, मोहित राज शर्मा, अशोक तोमर, अंकित वार्ष्णेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने बैंकों में चेक किए सीसीटीवी कैमरे



**उसहैत, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने सोमवार को बैंकों के बाहर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें वहां पर खडे वाहनों के चालान काटे साथ ही बैंकों के सीसीटीवी कैमरे चैक किए। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने फोर्स के साथ नगर में संचालित पीएनबी, सर्व यूपी किसान, भारतीय स्टेट बैंक में पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे देखे। एटीएम में लगा सायरन बजा कर देखा। साथ ही ड्यूटी रजिस्टर को भी उनके द्वारा चैक किया गया।

### पावर लिफ्टिंग में ऐस कॉलेज के छात्र ने जीता कांस्य पदक



**बदायूं, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से जिला बिजनौर क्षेत्र के हल्दौर डिग्री कॉलेज में अंतर महाविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता कराई गइ। इसमें विश्वविद्यालय स्तर के सभी महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में ऐस महाविद्यालय के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र मनिकेश ने भी प्रतिभाग किया था। महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक सुचित गुप्ता के मार्गदर्शन में मनिकेश ने कांस्य पदक जीता। महाविद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर रचित गोयल ने छात्र का प्रोत्साहन किया। महाविद्यालय के शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## चांद देखकर सुहागिनों ने पूरा किया करवाचौथ व्रत



श्रीराम नगर कॉलोनी में प्रापर्टी डीलर मन्नू को छलनी में निहारतीं दीपिका पांडेय।



नई सराय मोहल्ला में व्यापारी जय अग्रवाल पत्नी रागनी के साथ ।



टीकाराम एंड संस के मालिक उद्यमी प्रमुख वैश्य पत्नी दिवी प्रमुख वैश्य के साथ।



टिकटगंज में व्यापारी संजीव अरोड़ा को छलनी में देखतीं पत्नी सोनाली अरोड़ा।



लीलावती अस्पताल के संचालक पंकज के हाथों से पानी पीतीं प्रियंका मौर्या।

# बिल्सी प्रभारी निरीक्षक पर न्यायालय में दर्ज हुआ मुकदमा

- **न्यायालय के आदेश का नहीं किया था अनुपालन**

**बदायूं, अमृत विचार :** सीजेएम मोहम्मद तौसीफ रजा ने बिल्सी कोतवाल को न्यायालय में पेश होने का नोटिस जारी किया था। जिसमें कोतवाल को 19 अक्टूबर को व्यतिगत रूप से पेश होकर लिखित में स्पष्टीकरण देने को कहा गया था।

कोतवाल न्यायालय में उपस्थित हुए और न ही लिखित में कोई स्पष्टीकरण दाखिल किया। जिस कारण बिल्सी कोतवाल पर धारा 29 पुलिस एक्ट का केस दर्ज किया गया है। जिसमें 28 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

न्यायालय के 21 मई 2024 को कोतवाली बिल्सी कोतवाली पुलिस को इस्माइल शाह बनाम जावेद शाह का मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। कोतवाली के पैरोकार ने 27 मई को आदेश प्राप्त कर लिया लेकिन उस आदेश रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। तब 18 सितंबर को इस्माइल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया कि अभी तक आदेश के अनुपालन में केस नहीं दर्ज किया गया है।

नोटिस जारी होने के बाद 15 अक्टूबर को पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की। नोटिस में थाना प्रभारी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के साथ लिखित में स्पष्टीकरण दाखिल करने को तलब किया।

नोटिस जारी होने के बाद भी कोतवाल न्यायालय में नहीं आए। तब न्यायालय ने केस पंजीकृत करते हुए कहा कि जानबूझकर न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है जबकि संपूर्ण तथ्य उनके संज्ञान में थे। प्रभारी निरीक्षक बिल्सी को एसएसपी के माध्यम से सम्मन भेजा जाएगा।

# टेंपो में बैठकर शहर आ रही महिला का रुपये व जेवर रखा बैग चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **दातागंज से अपनी रिश्तेदारी में टेंपो में बैठकर जा रही थी महिला**

**अमृत विचार :** दातागंज से महिला टेंपो में बैठकर बदायूं शहर आ रही थी। टेंपो में एक अन्य महिला व युवक आकर बैठ गए। वह दोनों टेंपो में ही चालक को रुपये देकर शहर के इंद्राचौक पर तेजी से उतर गए। दातागंज से आ रही महिला को उनकी हरकत पर शक हुआ। उसने अपना पर्स चेक किया। जिसके भीतर नगदी व जेवर रखा छोटा पर्स गायब था। महिला ने शोर मचाया। परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया है।

कस्बा दातागंज निवासी खुशनुमा ने बताया कि वह सोमवार को अपने बच्चों के साथ बदायूं शहर में अपनी रिश्तेदारी में आ रही थीं। दातागंज तिराहे पर एक महिला और एक युवक टेंपो में आकर बैठ गए। वह दोनों खुशनुमार से सटकर बैठे थे। इंद्राचौक पर टेंपो आया तो वह दोनों तेजी से नीचे उतरकर चले गए। महिला के पर्स के भीतर रखा दूसरा पर्स गायब था। जिसमें तीन हजार रुपये, सोने की एक अंगूठी और टॉप्स था। महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आरोप है कि टेंपो चालक महिला को इधर-उधर घुमाता रहा। जिसके बाद महिला ने परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। सीओ सिटी संजीव कुमार ने बताया कि इस संबंध में सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मामले की जानकारी करके कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के बहनोई का निधन

**बदायूं, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष व जिला बस ऑरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष ओमकार सिंह के बहनोई बदायूं क्लब मार्ग स्थित ब्रज कुटीर निवासी ठाकुर महेंद्र सिंह का बीमारी के चलते सोमवार को निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। कई चिकित्सकों के इलाज कराने के बाद भी उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ था। उनके निधन की सूचना पर समाजसेवी ने पीड़ित परिवार के दुख में शामिल हुए। वह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह के छोटे भाई थे। मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



महेंद्र सिंह (फाइल फोटो)

# पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग में चार दिन पहले एक किशोर की लोहे की चादर के नीचे दबकर मौत हो गई। जिसमें मृतक के चाचा ने धारदार हथियार से हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें से थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 18 अक्टूबर की शाम रायपुर बुजुर्ग में एक दुग्ध डेयरी के निर्माण के लिए मंगवाई गई चादरों को उतारने के लिए गांव निवासी नाबालिग छात्र अभय प्रताप पुत्र श्याम सिंह भी काम कर रहा था। तभी अचानक लोहे की चादर अभय प्रताप के सिर पर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में सोनू घायल अभय को लेकर सीएचसी आया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद छात्र के परिवार और गांव के लोग अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। सोनू ने खुद को अस्पताल के एक कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद यहां उग्र भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद कई थानों से पुलिस बल और पीएसी को बुलाना पड़ा। बाद में पुलिस प्रशासन ने परिवार के लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। उसके मृतक के चाचा शिवकुमार ने सोनू शाक्य, उनके पिता सूरजपाल और भाई अजय पर धारदार हथियार से हमला कर भतीजे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस घटना की जांच करने में जुट गई। कोतवाल आरएस पुंडीर ने बताया सोमवार को बदायूं रोड से 30 कदम की दूरी से आरोपी सोनू को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसकी निशानदेही पर घटना स्थल से आला कत्ल एक टीन शेड कब्जा में लिया गया। जिसके बाद सोनू न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

## आज के कार्यक्रम

- पटियाली के गांव जीनॉल में रामलीला मंचन का आयोजन शाम 8 :00 बजे से
- कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अदनान खान के नेतृत्व में सदर एसडीएम को ज्ञापन सुबह 11 :00 बजे
- समाजवादी पार्टी की पदयात्रा सुबह 10 :00 बजे से
- सोरों के भगवान वराह घाट पर तुलसी आरती शाम 7 :00 बजे से

## अधिवक्ता के निधन पर शोक

**कासगंज, अमृत विचार :** अधिवक्ता मुकेश गुप्ता के निधन परसाथियों ने शोक जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की है। शोक सभा में अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा , महासचिव चेतन चौहान, कोषाध्यक्ष चूरामणी सिंह, रूपकिशोर चांडक, अशोक बावूअग्रवाल, विमलकांत गोड , प्रमोद कुमार पुंढीर, सौदान सिंह, आलोक कुमार सोलंकी, मोरध्वज, कमल सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# रामलीला मेला में हुई घटना की दोनों पक्षों ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत रामलीला मैदान में हुई घटना की रिपोर्ट पत्रकार ने विक्की चौहान समेत 5-6 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई और दूसरे पक्ष की ओर से पत्रकार समेत दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराते हुए आरोप लगाए गए हैं। इस मामले की सीओ और उपनिरीक्षक जांच कर रहे हैं।

कोतवाली नगर में पत्रकार सचिन कुमार यादव पुत्र वेदप्रकाश निवासी कुनैठा थाना बागवाला ने शरद चौहान उर्फ विक्की पुत्र गजराज सिंह निवासी रामचन्द्र निवास शिकोहाबाद रोड कोतवाली नगर समेत 5-6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सचिन ने बताया है कि 19 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रामलीला मेला में गया था। इसी दौरान शरद चौहान अपने साथियों के साथ आ गया। एकराय होकर आरोपितों ने पीड़ित के साथ मारपीट की, गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। गले में गमछा डालकर खींचा गया। पीड़ित की पत्नी के साथ अभद्रता की गई। झगड़े में मोबाइल फोन गिर गया। घटना की जांच उपनिरीक्षक संजीव कुमार को सौंपी गई है। कोतवाली नगर में सावित्री देवी पत्नी श्रीपाल निवासी चोंचावनगांव ने सचिन यादव पुत्र वेदप्रकाश निवासी छाया गार्डन जीटी रोड एटा समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि पीड़िता से 50 हजार रुपए की मांग की गई। रुपए न देने पर जाति सूचक शब्दों और गाली-गलौज की, गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया ।

### दरियावगंज झील को ईको टूरिज्म बनाने को किया तैयार, ग्रामीण क्षेत्रों का होगा विकास

# ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनेगा दरियावगंज, होम स्टे से जुड़ेंगे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



**अमृत विचार:** पटियाली इलाके का दरियावगंज गांव अलीगंज-बदायूं हाईवे पर स्थित है और इसी दरियावगंज गांव में देशी, विदेशी परिंदों को लुभाने वाली दरियावगंज झील भी है। परिंदों को देखने के लिए यहां वर्षों पहले से पक्षी प्रेमी आते हैं। अब इस इलाके को ग्राम्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चुना गया है और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को होम स्टे परियोजना से जोडने की कवायद हो रही है।

ग्रामीण पर्यटन एवं होम स्टे परियोजना विकसित करने का जिम्मा कार्यदायी संस्था आदर्श सेवा समिति को सौंपा है। समिति के द्वारा इसका बेसलाइन सर्वे कर लिया गया है। दरियावगंज के पर्यटन विकास में आद्र्रभूमि दरियावगंज झील प्रमुख आकर्षण है और इसे इको टूरिज्म बढ़ावे के लिए विकसित किया गया है।

इस इलाके में अब पर्यटकों को लुभाने की तैयारी है। पर्यटक यहां पहुंचेंगे और देशी संस्कृति व खान पान का लुत्फ उठा सकेंगे। आने वाले पर्यटकों को गांव में रहने के लिए होम स्टे की सुविधा तैयार की जाएंगी। जिससे होम स्टे की सेवा में रहते हुए पर्यटक ग्रामीण स्वरूप से रूबरू होंगे और देशी खान पान का लुत्फ उठा सकेंगे। ग्रामीण पर्यटन से गांव में रोजगार के अवसर सृजित करने का मौका मिलेगा।इसके लिए दरियावगंज और उसके आस पास के क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासतों, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों को भी चिह्नित किया जा रहा है। पटियाली के इलाके में महाभारत काल से जुड़ी कई स्मृतियां मौजूद हैं। कार्यदायी संस्था के द्वारा इलाके की समस्याएं भी देखी जा रही हैं और लोगों से बातचीत करके समस्याओं का ब्यौरा अंकित किया जा रहा है। जिससे समाधान हो सके।

### क्षेत्रीय निवासियों की सहभागिता

डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के समन्वयक हिमांशु बताते हैं कि परियोजना में क्षेत्रीय निवासियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी परियोजना से जोड़ा जाएगा। यहां आने वाले पर्यटकों को भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक जानकारियां मिलेंगे और होम स्टे के माध्यम से वे इस इलाके की देशी संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे।

### नवंबर में आने लगते हैं विदेशी परिंदे

दरियावगंज झील में पानी कम या अधिक तो हो जाता है, लेकिन आद्रक्षेत्र होने के कारण यह झील कभी सूखती नहीं है। यहां विदेशी मेहमान परिंदे नवंबर माह से आना शुरू हो जाते हैं। जो जनवरी तक यहां रहकर फरवरी माह में वापस अपने देश लौटने लगते हैं।

# एसपी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, नम हो गईं आंखें

### कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों के प्रति सम्मान प्रकट किया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शहीद परेड का किया गया आयोजन, रो पड़े पुलिसकर्मी

**अमृत विचार:** कर्तव्य का निर्वहन कर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों को सोमवार को सोरों स्थित पुलिस लाइन में एसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा शोक परेड का भी आयोजन किया गया। शोक परेड के दौरान पुलिस कर्मियों की आंखें नम हो गईं और तमाम पुलिसकर्मी रोते दिखाई दिए।

सोरों स्थित पुलिस लाईन में सोमवार को पुलिस शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शहीद हुए जवानों के नाम को नमन किया। शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर सलामी दी। फिर अन्य अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्वाजंलि व सलामी दी। एसपी ने कहा कि जनसेवा का उच्च आदर्श हृदयंगम किए अनेकों पुलिस जन प्रतिवर्ष कर्तव्य पथ का अनुगमन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं। पुलिसजनों के कार्य की प्रकृति ही कुछ ऐसी है कि इसमें कदम-कदम पर जोखिम व जीवन भय सन्निहित है यही कारण है कि प्रतिवर्ष अपने कार्यों को अंजाम देने की प्रक्रिया में पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी प्राणो का उत्सर्ग दिये हैं। इनकी कीर्ति व यशोगाथा समय के साथ क्षरित नहीं होती अपितु अविरल अनुप्रेरणा प्राप्त होती है।

बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को आज ही के दिन पुलिस अधिकारी करम सिंह के नेतृत्व में 20 जवानों की टोली जब लददाख में गश्त कर रही थी, तभी चीनी सेना ने घात लगाकर उनपर हमला कर दिया था, जिसमें 10 जवानों ने अपनी मातृ भूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। तब से दिवंगत शूरवीरों की याद में शहीद दिवस मनाया जाता है। उन्होने कहा कि मैं शहीद हुए जवानों को शत शत नमन करती हूं। इस दौरान दिवंगत हेड कांस्टेबल शिवराज सिंह के परिजनों को पुलिस अधीक्षक द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



शहीदों के सम्मान में सेल्यूट करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन, राजकुमार पाण्डेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र सिंह मलिक व समस्त उपस्थित पुलिस अधिकारीगण, कर्मचारियों द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुष्प चक्र व श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।




पुलिस लाइन में संबोधित करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

## छात्राओं और महिलाओं को किया जागरूक

**कासगंज, अमृत विचार:** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। उनकी सुरक्षा को लेकर हम सबको गंभीर होने की जरूरत है। यह कहना है न्यायिक अधिकारियों और कानूनी सलाहकारों का। उन्होंने केए कॉलेज में शिविर लगाया। वहां छात्राओं और महिलाओं को कानूनी सलाह दी। अपर जिला जज विजय कुमार तृतीय की अध्यक्षता में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ भ्रूण जांच भ्रूण हत्या के बारे में भी जानकारी दी। अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह बैस ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बालिकाओं की सुरक्षा के लिए व कानूनी सहायता उपलब्ध कराए जाने को नंबर नोट कराये। नायब तहसीलदार ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में बताया महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार जैन ने भी उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया।

# वेतन निर्गत करने के आदेश से कर्मचारियों में खुशी

संवाददाता, मोहनपुरा

**अमृत विचार :** सनातन संस्कृति में दीपावली के पर्व का बहुत अधिक महत्व है। कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों द्वारा पर्व से पूर्व वेतन दिलाए जाने की मांग की जा रही थी। सोमवार को राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों तथा कार्य प्रभारित कर्मचारियों को वेतन देने का आदेश जारी कर दिया। इसके साथ ही समस्त पेंशन धारकों को 30 अक्टूबर तक वेतन दिए जाने के निर्देश कोषागारों को दिए गए हैं। आदेश आने की खबर सुनकर कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई।



वेतन भोगियों हेतु माह का अंतिम समय आते आते वेतन का लगभग उपभोग हो जाता है। दीपावली पर्व माह के अंत में होने से समस्या उत्पन्न होती किन्तु शासन ने यह चिंता दूर कर दी है। **-धर्मेंद्र कुमार, तकनीकी सहायक, कृषि विभाग**



शिक्षक हित में दीपावली से पूर्व वेतन दिए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया था। अब शासन द्वारा आदेश आने से सभी में खुशी की लहर है। **-डॉ अमित यादव, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**



दीपोत्सव एक महापर्व है जिसको लेकर समाज के हर तबके में उल्लास और उमंग रहती है। पर्व से पूर्व वेतन निर्गत कराने का आदेश वास्तव में सराहनीय है। अब सभी कर्मचारी बेझिझक पूरी तैयारी के साथ पर्व मना सकेंगे। **दीपक मिश्र, शिक्षक**



शिक्षकों ने ब्लॉक का प्रतिनिधि चुना है, उन्हीं की मंशा के अनुरूप समस्याओं के निराकरण हेतु आज ही खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया था। अब पर्व से पूर्व वेतन पाकर सभी पूरी खुशी से पर्व मनाएंगे। **-डॉ अमित द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ पटियाली**

# रोडवेज बस और कैंटर में भिड़ंत, 6 घायल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** जैथरा थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर एटा-अलीगंज मार्ग स्थित ललहट गांव के समीप नोएडा डिपो की रोडवेज बस और कैंटर गाड़ी में भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल आधा दर्जन लोगों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

जनपद मैनपुरी के घिरोर थानान्तर्गत ग्राम गुलाबपुर निवासी परिचालक मुनेश कुमार ने बताया कि नोएड़ा से अलीगंज जा रही रोडवेज बस और सामने से आ रही कैंटर की भिड़ंत हो गई। घटना जैथरा के गांव ललहट गांव के समीप सोमवार को दोपहर 12 बजे घटित हुई। दुर्घटना में बाद गाड़ी में सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। थानाध्यक्ष शम्भूनाथ भी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।



मेडिकल कालेज में भर्ती घायलों का उपचार करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

- अलीगंज मार्ग पर नोएडी डिपो की बस से हुआ हादसा

यहां से घायल गौरव (33) पुत्र केहरेन्द्र सिंह, निवासी नागांव हाथरस, सीमा देवी (45) पत्नी प्रमोद कुमार निवासी गांव नगला सुभान अलीगंज, रोडवेज बस चालक संजय (30) पुत्र बेचेलाल निवासी पहाड़पुर थाना कुरावली जिला मैनपुरी, राघवेन्द्र सिंह (38) पुत्र बलवीर सिंह व उसकी पत्नी सुनीतादेवी (34) निवासी नोरथई ईसेपुर थाना सिकंदराराऊ हाथरस, कैंटर चालक पप्पू सिंह (35) पुत्र रघुवीर सिंह हाथरथ को मेडिकल कालेज भेज दिया।



घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी रोडवेज बस, जांच करती पुलिस।

## वेब चैनल के पत्रकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

एटा। जैथरा थाने में एक महिला ने गांव के ही पत्रकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसकी पुत्री के साथ थाना व कस्बा जैथरा के मोहल्ला नेहरू नगर में एक घटना घटित हुई। महिला ने पत्रकार पर आरोप लगाया कि उक्त घटना को बढ़ा चढ़ाकर गलत तथ्यों के साथ वीडियो ग्राफी कर बदनाम करने की नीयत से अपने न्यूज चैनल व सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे पीड़िता की बेटी की समाज में बदनामी हुई है। थानाध्यक्ष शम्भूनाथ ने बताया कि पीड़िता महिला की तहरीर पर आरोपी पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है।

# हाथरस एएसपी करेंगे इंस्पेक्टर पर आरोपों की जांच

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दिसंबर 2023 में एक युवक की मौत के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान के परिवार के लोगों को जेल भेजा था
- कासगंज में तैनात तत्कालीन इंस्पेक्टर पर आरोपों के बाबत एएसपी ले रहे बिंदुवार जानकारी

**अमृत विचार:** अमांपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अजीत नगर के प्रधान ने परिवार सहित पलायन कर लिया। वहां उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी तो दी जाती रही पुलिस ने भी दूसरे पक्ष का सहयोग किया। अमांपुर के तत्कालीन इंस्पेक्टर आरोप में घिरे रहे। इस बीच पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचकर आत्मदाह का प्रयास किया। मामला हजरतगंज थाने में दर्ज हो गया और जांच एएसपी हाथरस को सौंप दी गई है। इसके बाद पूरे महकमे में खलबली मची हुई है।

दिसंबर 2023 में गांव नगला गुलू में चाकू से गोदकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इसमें गांव अजीत नगर के ग्राम प्रधान के परिवार के सदस्य आशीष एवं अन्य को पुलिस ने आरोपी बनाया और जेल भी भेज दिया। न किसी हथियार की बरामदगी हुई और न ही कोई तथ्य सामने आए।




पीड़ित परिवार द्वारा लगाया गया बोर्ड।

तत्कालीन इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप गिरी पर आरोप लगा कि एनकाउंटर की धमकी दी। उसके बाद दोनों भाइयों को जेल भेज दिया। धीमे-धीमे विवाद बढ़ता गया और ग्राम प्रधान का परिवार पलायन कर गया। न्याय नहीं मिला तो पिछले दिनों विधान भवन के गेट नंबर 7 पर पीड़ित परिवार ने आत्मदाह की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने उन्हें बचा लिया। वे इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप गिरी पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामले में शासन ने संज्ञान लिया और जांच हाथरस के एएसपी को सौंप दी है।

### एएसपी हाथरस बोले, हर बिंदु पर जानकारी कर रहा हूं

हाथरस के एएसपी अशोक कुमार का कहना है कि मामले की जांच मिल गई है और हर बिंदु पर जानकारी कर रहा हूं। जांच में जो भी सही तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर रिपोर्ट शासन को भेजूंगा। आरोपी कोई भी हो उसको छोड़ा नहीं जाएगा। इंस्पेक्टर के विरुद्ध यदि तथ्य मिलते हैं तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल इंस्पेक्टर वीरेंद्र गिरी का कहना है कि मुझे नहीं पता। कब घटना हुई और क्या हुआ। जबकि मामला शासन तक पहुंच गया है।

### इंस्पेक्टर ने कई बार धमकाया

पीड़ित संजीव सोलंकी का आरोप है कि इंस्पेक्टर वीरेंद्र गिरी ने उन्हें और उनके परिवार को कई बार धमकाया। चेतावनी दी कि एनकाउंटर कर दिया जाएगा। इसलिए जो पुलिस कह रही है उसे ही सही माना जाए। यदि जरा भी आनाकानी की तो पूरे परिवार से हाथ धो बैठोगे।

# पुलिस अफसरों ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि



शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सलाम करते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी ने देशभक्ति की भावना को पुनः जीवंत किया।

स्मृति दिवस के कार्यक्रम का आरंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने शहीदों के स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर किया। कहा इतनी सी बात हवाओं को बताए रखना, रोशनी होगी चिरागों को जलाए रखना, लहू देकर की है जिसकी हिफाजत हमने, ऐसे तिरंगे को हमेशा अपने दिल में बसाए रखना। कार्यक्रम में एएसपी राजकुमार सिंह, सीओ नगर अमित कुमार राय, सीओ प्रशिक्षु कृतिका सिंह,आरआई किशन लाल गौतम ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह दिन 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हिमाच्छादित क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले को नकारते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन पुलिसकर्मियों का बलिदान आज भी प्रेरणा का स्रोत है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने और शहीदों की कुर्बानी को याद किया।

## सभी 91 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन बहाल

**मोहनपुरा, अमृत विचार :** जनपद के सभी विकास खंड के ग्रामीण एवं शहरी 91 विद्यालयों में अपेक्षित छात्र उपस्थिति नहीं होने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों,प्रभारी प्रधानाध्यापकों का 7 अक्टूबर को वेतन बाधित करने का आदेश जारी किया था। शिक्षकों ने स्पष्टीकरण बीएसए के समक्ष दिया गया। इसके अतिरिक्त लगातार शिक्षक संगठनों द्वारा दीपावली के मद्देनजर वेतन बहाल करने हेतु प्रयास किए जा रहे थे।

सोमवार को सभी 91 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापकों के वेतन सशर्त बहाल करने का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने आदेश जारी कर दिया। आदेश में कहा गया है कि यदि अक्टूबर माह के अंत तक 75 प्रतिशत छात्र उपस्थिति न होने की दशा में कार्यवाही की जाएगी।

# मंडी के जाम में फंसी सांस की मरीज महिला की मौत

संवाददाता, एटा

- जीटी रोड पर मंडी के सामने लगने वाला जाम बन रहा मुसीबत

**अमृत विचार :** कोतवली नगर क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड स्थित मंडी समिति गेट के पास सोमवर को दोपहर 2 बजे जाम लगने के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया। जाम में फंसी रामादेवी (45) पत्नी सौकीन सिंह निवासी नानामऊ थाना कुरावली जिला मैनपुरी की मौत हो गई।परिजनों के अनुसार रामादेवी सांस की मरीज थीं और उन्हें उपचार के लिए उनकी बेटी खुशबू और दामाद सुनील कुमार टेम्पो से एटा मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे।

जाम के कारण वाहन आगे नहीं बढ़ सका, करीब 20 मिनट तक टेम्पो जाम में फंसा रहा। जिससे रामादेवी को तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाई। सुनील के अनुसार जाम की स्थिति ने उन्हें काफी परेशान किया और इसी दौरान सास रामादेवी की तबियत बिगड़ गई। उनकी सांस की समस्या के कारण उन्हें जल्द से जल्द चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता थी। लेकिन जाम के कारण टेम्पो करीब 20 मिनट तक रुका रहा और अंततः रामादेवी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मेडिकल कालेज में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान निकाले ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो सकें। इस हादसे ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, खासकर उन स्थानों पर जहां से गुजरने वाले वाहन जाम में फंस रहे हैं।

# बर्दाश्त नहीं होगा शिक्षकों का उत्पीड़न

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचार:** शिक्षकों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि कोई समस्या हुई तो शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा और लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाने के लिए शासन तक अपनी बात रखी जाएगी। यह चेतावनी नव निर्वाचित शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने दी है। स्पष्ट किया है कि यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो अधिकारी शिक्षकों का आक्रोश झेलने के लिए तैयार रहें।

हाल में ही हुए पटियाली ब्लॉक के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव में जीते हुए पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत से मिलकर शिक्षक समस्याओं की निराकरण की मांग की है।सोमवार को पटियाली ब्लॉक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित द्विवेदी की अध्यक्षता में एक पत्र निर्गत कर शिक्षक समस्याओं की निराकरण की मांग की गई है( जिसमें प्रमुख रूप से मेडिकल तथा आकस्मिक अवकाश की समयबद्धता में ही स्वीकृति,कार्यालय में रिसीविंग रजिस्टर रखने सहित वर्तमान माह में किसी भी अध्यापक के वेतन रोकने एवं कटौती न करने की मांग उठाई गई है। इस दौरान अमित द्विवेदी,वीरेंद्र सिंह,सत्येंद्र सिंह,सत्य प्रकाश पाल पंकज द्विवेदी,रीतेश सहित कई लोग मौजूद रहे।



शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चर्चा करते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

एटा। अलीगंज-कायमगंज रोड़ पर रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नथुआपुर निवासी अनिल कुमार (35) पुत्र हंसराज लोधी को रविवार की रात करीब 10 बजे अलीगंज-कायमगंज रोड स्थित कोल्ड स्टोर तिराहे से 500 मीटर आगे जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रात अधिक होने के कारण आरोपी वाहन चालक घटनास्थल से मय गाड़ी के फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना सूनील पुत्र राम सिंह निवासी अख्यारपुर अलीगंज ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं कि वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर बनी सहमति के बाद दोनों देशों के सैनिक पीछे हट गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बताया कि भारत-चीन की सेना देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने के लिए सहमत हो गई हैं। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम से आमने- सामने के टकराव की स्थिति दूर होगी। अहम बात है कि इस सफलता की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी शहर कजान की यात्रा से एक दिन पहले हुई है। भारतीय और चीनी वार्ताकार मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले कुछ हफ्तों से संपर्क में थे। यह सहमति प्रधानमंत्री को स्पष्ट शब्दों में और उच्चतम स्तर पर भारत के रुख को मजबूती से रेखांकित करने का अवसर देगी कि संबंध शांति पर आधारित हैं और संबंधों का भविष्य चीन द्वारा यथास्थिति बहाल करने पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि जून 2020 में दोनों देशों के बीच गलवान में विवाद हुआ, इसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और चीन को भी अच्छा खासा नुकसान हुआ था। गश्त की व्यवस्था पर सहमति बनने से वर्ष 2020 में बने गतिरोध के पूर्ण समाधान का रास्ता खुल गया है।

अगर अप्रैल 2020 से पहले वाली यथास्थिति की बहाली होती है तो ये मोदी सरकार के लिए एक व्यापक कूटनीतिक जीत होगी। मूल रूप से, इसका मतलब ये होगा कि पूर्वी लद्दाख में विवाद के जिन पांच बिंदुओं पर चीन जबरदस्ती करना चाह रहा था, उसके खिलाफ भारत का जवाबी दबाव काम आया। विवाद के ये पांच बिंदु हैं देपसांग बुलगे, गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स, गलवान, और पैंगोंग त्सो और डेमचोक के दोनों दक्षिणी क्षेत्र और उत्तरी तट। अगर यहां अप्रैल 2020 से पूर्व की स्थिति बहाल होती है तो ये परिदृश्य या परिणाम भारत के लिए बहुत बड़ी बात होगा। भारत ने शुरुआत से ही जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों के सामान्यीकरण के लिए आवश्यक है। पिछले दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में कहा था कि भारत-चीन सीमा विवाद में 75 प्रतिशत प्रगति हुई है, जो पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी से संबंधित है। भारत-चीन संबंध एशिया और दुनिया के भविष्य को प्रभावित करेंगे। कुल मिलाकर भारत और चीन ने एलएसी पर अलग-अलग मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसके तहत उन सभी मुद्दों के समाधान तलाशना भी शामिल है, जो अप्रैल 2020 से पहले से दोनों पक्षों के बीच टकराव का कारण बने हैं।

# ऋग्वेद को समझे बिना राम कथा को नहीं समझा जा सकता



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

आज भी विश्व शांति की बात भारत ही क्यों करता है? यह सच है कि ऋग्वेद में 'विश्व' का अर्थ सर्व या समस्त है परंतु जहां दूसरे दूसरों को लूट कर मालामाल होने की चिंता में लग रहे हैं वहां भारत अकेला ही सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुखभाक् भवेत्' का राग क्यों अलापता रहा है।

रामकथा के विविध पक्षों पर पहले के विद्वानों ने इतने लंबे समय तक विचार किया और इतने अधिकार से लिखा है कि उसके बाद मैं, जिसने अपना अधिकतर समय ऋग्वेद पर लगाया है, इस पर जो कुछ 1975 में कह आया था, उससे अलग कुछ लिखने की सोच ही नहीं सकता था। पर ऋग्वेद की गुत्थियां सुलझाते हुए एकाएक इस आश्चर्यजनक निष्कर्ष पर पहुंचा कि जिसने ऋग्वेद को नहीं समझा वह रामकथा को नहीं समझ सकता। दोनों की आत्मा एक और काया अलग है। इससे अवगत कराने के लिए एक लेखमाला लिखनी पड़ी थी। पर दूसरा झटका इसकी प्रस्तावना लिखते समय लगा, जब पता चला यह कथा तो ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना हमारे समय से ऋग्वेद। आदिकवि वैदिक कवियों के लिए भी विस्मृतप्राय थे और इस बात की पर्याप्त संभावना है मूल गाथा के रचनाकार का नाम वाल्मीकि रहा भी न हो, यह नाम प्रस्तुत रामायण के मूल रचनाकार द्वारा रखा गया हो और उनके पापाचार, उद्धार और तप की कहानियां अंगुलिमाल की प्रतिस्पर्धा में कुछ बाद में गढ़ी गई हों।

रामकथा मानव सभ्यता के उत्स की कथा है इसलिए चरित्र से अधिक महत्व अर्थतंत्र, भाषा, संस्कृति, प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञताओं के विकास और निखार का है। यह हमारे इतिहास बोध से जुड़ी कथा भी है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में कहीं भी आधुनिक अर्थ में इतिहास नहीं मिलता। इसलिए यदि प्राचीन भारत में भी नहीं मिलता तो हैरानी की बात नहीं है। संतोष की बात यह है कि मानवता का वैज्ञानिक इतिहास लिखने के लिए जितनी विपुल सामग्री भारत में उपलब्ध है, वह अन्य किसी देश में नहीं पाई जाती और जिस तरह का गहन इतिहास बोध भारत में बना रहा है, वैसा इतिहास बोध भी अन्यत्र नहीं पाया जाता। यदि भारत के निकट कोई देश पहुंच सका तो वह चीन था और यही कारण है कि अपने अतीत पर नजर डालने पर हीनता से ग्रस्त पाश्चात्य इतिहासकार सबसे अधिक भारत और चीन की अवज्ञा और निषेध करते रहे हैं। अपनी इस सीमा के कारण वे विश्व सभ्यता के निर्माण में भारत के योगदान को समझ ही नहीं सकते हैं। एएल. बैशम जैसे विद्वान भी जो मुग्ध भाव से 'द वंडर दैट वाज इंडिया' लिख कर भारतीयों को अपना मुरीद बना चुके हैं, इसके अपवाद नहीं है। जो व्यक्ति किसी देश के विकास को आश्चर्य के रूप में देखता है वह विकास के कार्य-कारण संबंध को नहीं जानता और इसलिए उसकी उपलब्धियों को अभ्र पतित मान कर चकित होता है।

बैशम के निर्देशन में अपना शोध कार्य करने वाले विद्वान, औपनिवेशिक मानसिकता की अतिजीविता के कारण, ऊंचे पायदान पर बहुत आसानी से भले पहुंच गए हों, परंतु वे भारत को, भारत के प्राचीन साहित्य और उसकी भाषा को समझने के प्रति उदासीन रहे हैं, जिसके कारण उन्हें भारतीय समाज और इतिहास की समझ हो ही नहीं सकती थी।

बैशम के निर्देशन में अपना शोध कार्य करने वाले विद्वान, औपनिवेशिक मानसिकता की अतिजीविता के कारण, ऊंचे पायदान पर बहुत आसानी से भले पहुंच गए हों, परंतु वे भारत को, भारत के प्राचीन साहित्य और उसकी भाषा को समझने के प्रति उदासीन रहे हैं, जिसके कारण उन्हें भारतीय समाज और इतिहास की समझ हो ही नहीं सकती थी। वे अंग्रेजी व्याख्याकारों, अनुवादकों और इतिहासकारों को, अपने मुहावरों में, कुछ और विरूपण करके, दुहराते रहे हैं, इसलिए भारतीय इतिहास लेखन में उनका योगदान ऋणात्मक रहा है। अपने को भारत-अनुरागी कहने वाले पाश्चात्य विद्वान भी भारत को समझ नहीं सकते, क्योंकि वे किसी भी कीमत पर यह नहीं मान सकते कि ग्रीक सभ्यता एक भिन्न देश-काल में उस सभ्यता का विशाखन है जिसका आरंभ भारत में हुआ था। वे यह भी समझ नहीं पाते कि सभ्यता की प्रकृति वैश्विक है। यह एक तरह की झंडाबदल दौड़ (रिले रेस) है। एक जब थक जाता है, उससे अपना रिक्थ तक संभाला नहीं जाता,और तभी दूसरा उस दाय को सहेज और संभाल कर अपने अनुरूप ढालता और उसे समृद्ध करता हुआ आगे की दौड़ अधिक तेज गति से लगाने लगता है। भारत ने एक छोटे पैमाने पर इसे हजारों साल पहले समझ लिया था। यह बोध हमारी जातीय चेतना में उतर गया (चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः; चंचला हि लक्ष्मी; पुरुष बली नहिं होत है, समय होत बलवान; सब दिन होत न एक समान)। पश्चिमी इतिहासविद और दार्शनिक भी सभ्यता के विस्तार और नवोदय की प्रकृति को नहीं समझ पाते, या समझते हुए स्वीकार नहीं कर पाते, सामान्य लेखकों की तो बात ही अलग है। उनके लिए भले हो पर हमारे लिए ग्रीक सभ्यता प्रतिस्पर्धी सभ्यता नहीं है, स्थान और कालभेद से उसी सभ्यता का अगला प्रस्फुटन है जिसकी जड़ें भारत में हैं और उससे भी हमारा लगाव होना चाहिए। आधुनिक पश्चिमी सभ्यता भी हमारे लिए पराई नहीं है। उनका वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक विकास अरबों के माध्यम से हस्तांतरित भारतीय ज्ञान-विज्ञान और बिसरे हुए ग्रीस के पुनरुद्धार से पैदा हुआ है। खेद की बात यह कि अपनी ख़ानाबदोश उजड्डता के अवशेषों के कारण उससे ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी का गौरव संभाला न गया और यह विकास के साथ साथ उससे भी अधिक विनाश का जनक बनता चला गया। याद रहे कि स्पेंगलर ने विश्वयुद्ध के आतंक में ही दि डिक्लाइन ऑफ दि वेस्ट (1918-22) लिखा था, परंतु वह भी यह नहीं समझ पाया कि सभ्यता सर्वोदय की दिशा में बढ़ने वाली महायात्रा है जिसमें प्रकृति और मनुष्यता की अल्पातम क्षति से अधिकतम कल्याण संभव हो सके। यह सपना केवल भारत में देखा गया, यद्यपि मूर्त नहीं किया जा सका था, परंतु यह व्यर्थ भी नहीं गया था। इसी के कारण यहां की विकृतियां भी या तो आरोपित थीं या अपने समकालीन विश्व की विकृतियों की तुलना में इतनी सह्य थीं कि विदेशी आगंतुकों को दिखाई तक नहीं पड़ती थीं। यह उसी कृषि क्रांति के क्रम में विकसित मूल्य प्रणाली के दाय के कारण से पूरी तरह लुप्त नहीं हुई। भारत अपने ज्ञान का हस्तांतरण कर सका परंतु अपने मूल्यों का हस्तांतरण नहीं कर पाया, या वह दूसरों से ग्रहण नहीं हो पाया। विश्व की त्रासदी का सबसे बड़ा कारण यही है, जिससे उस धरती का अस्तित्व तक संकटग्रस्त है जिसके समान कोई लोक पूरे ब्रह्मांड में आज तक तलाशा नहीं जा सका। क्या व्यंग्य है कि आप चांद पर बसने के सपने देखते हैं, परंतु स्वर्गोपम धरती का विनाश करने पर तुले हैं, बचाने की इच्छा शक्ति नहीं दिखाई देती। वसुधैव कुटुंबकम भारत का हजारों साल पुराना भारतीय सपना अपनी उजड्डता पर गर्व करने वाले देख ही नहीं सकते थे। दूसरों की बात तो दूर, हमारे बुद्धिजीवियों के दिमाग की जिस तरह की धुलाई की गई है उसमें उन्हें भी यह चंडूखाने की गप जैसा लगता है। वे भूल जाते हैं कि विश्वामित्र, विश्वबंधु, सुबंधु, विश्वमना, विश्ववेदा, विश्दर्शी, जैसे नाम और विशेषण भारत में वैदिक काल से ही क्यों मिलने लगते हैं?

आज भी विश्व शांति की बात भारत ही क्यों करता है? यह सच है कि ऋग्वेद में 'विश्व' का अर्थ सर्व या समस्त है परंतु जहां दूसरे दूसरों को लूट कर मालामाल होने की चिंता में लग रहे हैं वहां भारत अकेला ही सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुखभाक् भवेत्' का राग क्यों अलापता रहा है और दूसरे देश प्रणरक्षक दवाओं का मूल्य असंख्यगुना बढ़ा कर वसूल करते हैं, वहां अकेले भारत ही उसे उन्हें अल्पतम ओर विपन्न देशों को मुफ्त वितरित करने की चेष्टा क्यों करता है। जिन देशों में भारतीय व्यापारियों ने अपने उपनिवेश कायम किए उन सभी में उनके प्रति गहन आत्मीयता का भाव क्यों पाया जाता है कि भारत से दूर रह कर भी वे अपनी भूभौतिक सीमाओं के विपरीत भारतमय क्यों हो जाना चाहते थे? कल्पना करें कि स्पार्टन महिलाएं साड़ी पहनने की कोशिश कर रही हैं, यूनानी दार्शनिक खुले अधोवस्त्र और उत्तरीय में मूर्त और चित्रित दिखाई दे रहे हैं, स्लाविक जन नदियों और जल धाराओं की पवित्रता और वृक्षों की पूजा कर रहे हैं और उनकी जातीय परंपरा में यह स्मृति बनी रह गई है कि गंगा तट (कांगदीज) से आए वेद विदों ने उन्हें सभ्य बनाया और सारा ज्ञान विज्ञान प्रदान किया था। उनकी वृद्धाएं दायना (ध्यान मंत्र) दुहरा रही हैं और आज के पश्चिमी विद्वान इस पर परदा डालने और नकारने के तरीके ईजाद कर रहे हैं। दूसरी ओर वैदिक जननायक प्रतिज्ञा कर रहे हैं,'हम पूरे संसार को सभ्य बना कर दम लेंगे - कृणवन्तः विश्वमार्यम। हम ज्ञान, पशुपालन, खेती-बारी (बागबानी), जलाशयों और कूपों का निर्माण औ, खनिजों के दोहन का कौशल सिखाते हुए, आलोक से समस्त धरती को सभ्य बना देंगे।

## प्रसंगवश

# चांद की हौसला अफजाई का दिन



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

चांद तो करोड़ों अरबों साल से आसमान में टंगा है पर अब तक कुछेक रीतिकालीन कवियों के अलावा और किसी को कुछ देखने लायक लगा नहीं उसमे। इतना ज़रूर था कि जब भी उसे ग्रहण लगता था हमारे बढ़े-बूढ़े नदियों मे डुबकी लगा लेते थे। हर हिंदुस्तानी महिला उसे अपने बच्चों का मामा करार देती थी। कुल मिलाकर ज़िंदगी पटरी पर थी चांद की और संतोषी चांद इतने भर सम्मान से राजी भी था।

फिर चांद की कुंडली मे शनि जैसे ससुर जा बैठे। दक्ष की सारी सत्ताईस कन्याओं के इस इकलौते पति ने उनमें से सबसे सुंदर रोहिणी से ज्यादा प्रेम करने की गलती की। अपनी शेष दो दर्जन से भी अधिक बेटियों की उपेक्षा से दक्ष नाराज़ हुए। नतीजतन चांद ने अपने ससुर से टीबी का मरीज़ हो जाने का श्राप हासिल किया।

दक्ष को समझना चाहिए था कि उनकी गलतियों के बोझ तले दबा दामाद उनकी सारी ना सही एक बेटी से प्रेम कर तो रहा ही था। इससे यह बात एक बार फिर प्रमाणित होती है कि पत्नी को सदैव प्रसन्न रखना देवताओं के लिये भी असंभव काम है। एक ही पत्नी रखने का चलन भी इसी के बाद से शुरू हुआ। सत्ताईस के चक्कर मे जब देवताओं को टीबी हो सकती है तो हम सभी तो साधारण इंसान ही हैं।

बात यही ख़त्म हो जाती तो चांद समझा भी लेते मन को। पर एक दिन चांद की मिट्टी फिर कुटी। नासा वालों ने अफ़वाह फैलाई कि उनका नील स्ट्रांग नाम का बंदा चांद पर जा पहुंचा है। और फिर उसने जो फ़र्ज़ी फोटो जारी की चांद की वो यक़ीनन हमारे कवियों , प्रेमियों और पंडे पुजारियों का दिल तोड़ने वाली थी। बताया गया कि वहां गड्ढों और धूल के अलावा कुछ है नहीं। बेपानी है चांद और सांस लेने के लिए ज़रूरी ऑक्सीजन भी लापता है। इस बुरी खबर की वजह से इश्क़ के बाज़ार मे चांद के भाव ओंधे मुंह गिरे। कविताओं से उसे बाहर धकेल दिया गया। चांद का मुंह उतर गया। बकौल मुक्तिबोध चांद का मुंह टेढ़ा हुआ। उसकी चमक मद्धिम पड़ गई। माशूकाओं ने चांद से अपनी शक्ल की तुलना करने वाले आशिक़ों के मुंह तोड़ दिए। और चांद तोड़ कर ले आने जैसी लंबी लंबी छोड़ने वाले खदेड़ दिए गए। ऐसे बुरे हालात मे चांद को डिप्रेशन मे चले ही जाना था।

स्वर्गलोक में रिवाज है जब भी कोई देवता संकट मेंआता है वो काकभुशुंडजी से सलाह लेता है। भगवानों के मनोचिकित्सक हैं वो। चांद से मोटी फ़ीस लेने के बाद काकभुशुंडजी ने उसे हिंदी फ़िल्म बनाने वालो की मदद लेने की सलाह दी। चांद ने जोड़तोड़ की इसके लिए। गुलज़ार मदद करने के लिये राज़ी हुए भी। धन्नो की आंखों मे चांद का चुम्मा और चांद चुरा कर लाया हूं, टाईप के गाने भी लिखे उन्होंने। पर विदेशियों की बात पर आंख मूंद कर भरोसा करने की हमारी फ़ितरत के कारण चांद की बात बनी नहीं। वो अनदेखा ही बना रहा और अपनी क़िस्मत पर रोता रहा।

पर जैसा कि हमेशा होता है। सबके दिन कभी ना कभी फिर ही जाते है। चांद के दिन भी फिरे। भारतवर्ष में करण जौहर ने हिंदुस्तानी महिलाओं को चांद की इज्जत करने के फ़ायदे समझाए। उसने बताया कि करवा चौथ के पूरे दिन भूखा प्यासा रहने के बाद शाम को भारी मेकअप ,बहुत सारी महंगी ज्वैलरी और शादी की सुर्ख़ साड़ी पहनकर अपने पति को छलनी से ताकने पर वो उम्रदराज़ होता है।

भारतीय महिलाएं अपने पति को चाहे जितना तलें पर वो उसे ज़िंदा रखने को लेकर कुछ भी करने के लिए कभी पीछे नहीं हटती। ऐसे में करण जौहर का यह तुक्का चला और ख़ूब चला। चांद को इज़्ज़त दिलाने के एवज़ में करण जौहर की तिजोरी नोटों से लबालब हो गई। इससे उत्साहित करण जौहर ने आगे जितनी भी फ़िल्मे बनाईं उनमें हीरोईन को करवा चौथ का व्रत रखना ही पड़ा। हालांकि आजकल करण जौहर को ग्रहण लगा हुआ है पर पर जिस निमित्त जन्म हुआ था उनका वो कार्य पूर्ण हो चुका। करण जौहर की फ़िल्में चले ना चलें चांद चल पड़ा है।

करवा चौथ चांद की हौसला अफजाई के लिए तय किया गया दिन है।अपनी भूखी प्यासी पत्नियों से प्रेम जताने की शपथ लेने का अवसर होता है ये। पत्नियों से प्रेम जताने वाले पति अपने ससुर की नाराज़गी से बचे रहते हैं। वे अपनी सास और सालों की प्रसन्नता के पात्र होते हैं। उन्हें कभी टीबी नहीं होती और जीवन पर्यंत ससुर की बेटी के बनाए तर माल उड़ाने का मौक़ा भी हासिल होता है।

# आस्था पर कुठाराघात या प्रदूषण नियंत्रण



आलोक तिवारी
लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट का उद्देश्य पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा करना था साथ ही कोर्ट ने कहा " लोग दिवाली मनाना चाहते हैं तो उन्हें आत्मसंयम रखना होगा।

भारतीय संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, दीपावली। जिसे पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। परंतु हाल के वर्षों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दीपावली के अवसर पर पटाखे छुड़ाने को लेकर लगाए गए प्रतिबंध ने गंभीर बहस छेड़ दी है।

पटाखों पर प्रतिबंध की शुरुआत 2015 में हुई, अर्जुन गोपाल और अन्य बच्चों की ओर से उनके अभिभावकों सुप्रीम द्वारा कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका का मुख्य उद्देश्य था दिल्ली जैसे प्रदूषित क्षेत्रों में पटाखों के कारण उत्पन्न वायु प्रदूषण को कम करना।

इस याचिका के बाद, 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार किया, लेकिन ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दी, जो कम प्रदूषण फैलाते हैं।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पटाखे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खरीदे जा सकते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को इसकी बिक्री करने से रोकते हुए पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोर्ट ने पटाखे फोड़ने की अवधि भी तय की थी और आदेश दिया था कि पटाखे केवल निर्धारित क्षेत्रों में ही फोड़े जा सकेंगे।

2019 में सुप्रीम कोर्ट ने बेरियम जैसे हानिकारक रसायनों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया, और 2021 में इस आदेश को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद 2023 में एक और अहम निर्णय में, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस एमएम. सुंदरेश की खंडपीठ ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध केवल दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत में लागू होगा। इस फैसले ने देश भर में एक नई बहस को जन्म दिया: क्या पटाखों पर प्रतिबंध आस्था और परंपराओं के विरुद्ध है, या यह एक आवश्यक कदम है प्रदूषण नियंत्रण के लिए?

सुप्रीम कोर्ट का उद्देश्य स्पष्ट रूप से पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा करना था साथ ही कोर्ट ने कहा " लोग दिवाली मनाना चाहते हैं तो उन्हें आत्मसंयम रखना होगा। प्रत्येक नागरिक को यह देखना होगा कि वे कम संख्या में पटाखों के साथ दिवाली मनाएं।" जस्टिस सुंदरेश ने यह भी कहा, कि "जब पर्यावरण संरक्षण की बात आती है तो यह गलत धारणा है कि यह केवल अदालत का कर्तव्य है।"

परंतु, समाज के एक वर्ग का मानना है कि पटाखों पर प्रतिबंध धार्मिक आस्थाओं पर सीधा प्रहार है। सुप्रीम कोर्ट के वकील एससाई दीपक कहते हैं कि दीपावली के अवसर पर कोर्ट द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध और कहीं कहीं पटाखे जलाने की समय सीमा भी निर्धारित करना हमारी अस्थाओं पर ठेस एवं सीधा सीधा कुठराघात है। दीपक के अनुसार, कोर्ट का यह निर्णय केवल पर्यावरण संरक्षण के नाम पर नहीं लिया जाना चाहिए, बल्कि इसे हमारे त्योहारों और आस्थाओं के साथ सामंजस्य बिठाकर लागू किया जाना चाहिए।

दीपावली पर पटाखों के प्रतिबंध का प्रमुख कारण प्रदूषण और पटाखों से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याएं मानी गई हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर विचार करते समय प्रदूषण के अन्य स्रोतों और उनके प्रभावों को जानना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उद्देश्य वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है, लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि प्रदूषण के अन्य बड़े कारक भी वायुमंडल को अधिक गंभीर हानि पहुंचाते हैं। टेरी एवं आईएसटी की रिपोर्ट प्रदूषण के कारणो का विस्तार से वर्णन करती है।

पटाखों से होने वाला प्रदूषण कुल प्रदूषण का केवल 5 प्रदूषण होता है, और यह विशेष रूप से दिवाली जैसे उत्सवों के दौरान अधिक देखा जाता है। पटाखों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और सूक्ष्म कण वायु को प्रदूषित करते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पटाखों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण भी इंसानों और जानवरों पर नकारात्मक असर डालता है

परंतु जब हम वायु प्रदूषण के अन्य स्रोतों जैसे वाहनों, उद्योगों, पराली जलाने, और कृषि गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण की तुलना दीपावली के पटाखो के प्रदूषण से करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि पटाखों का योगदान अपेक्षाकृत बहुत कम है। धार्मिक और सांस्कृतिक आस्थाओं का सम्मान जागरूकता और नियंत्रित पटाखे चलाने की व्यवस्था के साथ किया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# कलाई घड़ी



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

कभी रिस्ट वाच यानी कलाई घड़ी स्टेटस सिंबल हुआ करता था। महंगी रिस्टवॉच वाला मुर्गे की तरह गर्दन तान कर चलता था। दहेज़ में भी नसीब वालों को कलाई घड़ी मिलती थी। हमें याद है पचास के सालों में हमारे एक रिश्तेदार को शादी में घड़ी मिली तो उसने पुरानी घड़ी उतार कर सहबाले को गिफ़्ट कर दी। कई लोग तो आस लगाए होते थे जल्दी बड़े भाई की शादी हो और पुरानी घड़ी हमें मिले। ये रिवाज़ सरहद पार से आए पंजाबियों में बहुत था। सत्तर सालों के आखिर में जब हमारी शादी हुई तो हमें दहेज़ में एचएमटी घड़ी मिली थी। यह वो ज़माना था जब शादी के बाद कलाई देखी जाती थी- कौन सा मेक है? इससे दुल्हन पक्ष की हैसियत का आंकलन लगाया जाता था। उस ज़माने में रीको-सीको स्टेटस सिंबल हुआ करता था। इससे पहले हमने बारहवीं कक्षा में पहली बार घड़ी पहनी थी। ये हमने पांच रूपए महीने की 'कमेटी' डाल कर खरीदी थी। इसे हमने शादी तक पहनी।

एक वक्त ऐसा भी था कि एक समय में हमारे पास तीन घड़ियां हुआ करती थीं। रोज़ाना बदल-बदल कर पहनते थे। तब टाइम पूछने वाले भी बहुत हुआ करते थे। कई बार गुस्सा भी आता था। ट्रैफिक सिग्नल पर साईकिल खड़ी की नहीं कि टाइम पूछने वाले आ गए। कालांतर में साइकिल से स्कूटी वाले हो गए। मगर टाइम पूछने वालों की तरक्की नहीं हुई। स्कूटी चला रहे थे कि पीछे से एक तेज बाईक वाला आया, भाई साहब टाइम क्या है? बहुत गुस्सा आया। अबे तुझे टाइम बताऊंगा तो एक्सीडेंट हो जाएगा।

अब हम अपनी ज़रूरत पर टाइम के लिए मोबाईल का इस्तेमाल करते हैं। भूला-भटका छोड़ दें तो कोई टाइम भी नहीं पूछता। रिक्शेवाले और खोमचे वाले तक मोबाईल लिए घूम रहे हैं। आप लाख रुपये की घड़ी पहने हों, कोई पूछने वाला नहीं। हमें याद है वो ज़माना जब हमारे मित्र नई घड़ी लाए थे। कोई पूछे न पूछे, हाथ लहरा लहरा कर सबको टाइम बताया करते थे। अभी कुछ दिन पहले की बात है। एक गुडलुकिंग सीनियर सिटिज़न ने टाइम पूछा। हमें हैरानी हुई। कैसा बंदा है यार? इस युग में मोबाईल नहीं रखता जेब में! बहरहाल, हमने जेब से अपना मोबाईल निकाला और एक्ज़ेक्ट टाइम बता दिया। बंदे ने शुक्रिया बोला।

**-फेसबुक वॉल से**

# स्त्री गरिमा का सवाल



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

बीवी से निजात हासिल करने के लिए तलाक देना पड़ता है लेकिन मुताह तो ऐसी धांसू व्यवस्था है कि तलाक़ के बिना ही वह वापस चली जाएगी। भारत में भी मुताह के मामले सुनने में आते रहते हैं लेकिन नाइश हसन ने जो राज़ खोला है उसके मुताबिक़ मुताह यहां भी ये काम चालू है,"अरबी कल्याणम", "मैसूर कल्याणम"मुताह के स्थानीय नाम हैं। हैदराबाद और केरल में बड़ी तादाद में मुताह होने का ब्यौरा पेश किया है, लखनऊ की नाइश हसन ने अपनी किताब "मुताह : एक शोधपरक अध्ययन" में। हाल ही में लखनऊ पुस्तक मेले में इस किताब को लांच किया गया। उन्होंने इस किताब में एक दो केस इलाहाबाद और लखनऊ के भी पेश किए हैं। यह किताब क़ुरान की आयतों को अक्षरशः अरबी लिपि में प्रस्तुत करते हुए उन्हीं के हवाले से लेकर मुस्लिम विद्वानों,मज़हबी पेशवाओं, हदीस और मुस्लिम दुनिया के किन देशों में मुताह हो रहा है या होता है, उसके उल्लेख के साथ उनके स्वयं के शोध, सर्वे, मुताह की मारी औरतों से मुलाक़ात की कहानी बयान कर रही है। किताब बता रही है कि केरल राज्य महिला आयोग के एक अध्ययन के अनुसार "मैसूर कल्याणम की नौ हज़ार से अधिक पीड़ितों में से करीब तीन सौ पीड़िताएं लापता हैं।" अरब के शेख से किया जाने वाला मुताह "अरबी कल्याणम" कहा जाने लगा, अरबी के बाद मैसूर कल्याणम का रास्ता साफ़ हुआ। सन 2003 में "पदम ओन्नू ओरू विलापम" फ़िल्म भी इस पर बन चुकी है। केरल से निकल कर जब यह कुप्रथा हैदराबाद पहुंचती है तो वहां उसे शेख़ मैरिज कहा जाने लगता है। दस अगस्त 1991 को जब ग्यारह साल की अमीना को एक 60 साल का शेख़ हैदराबाद से ब्याह कर ले जा रहा था तो एयर इंडिया की एयर होस्टेस अमृता अहलूवालिया ने उसे छुड़ा लिया था। पहली बार भारत में इस पर खूब शोर मचा था लेकिन फिर सब ठंडा पड़ गया, नाइश ने उसी घटना से उद्वेलित होकर इस पर काम किया और तैंतीस साल बाद इस किताब के ज़रिये बताया है कि अभी भी ये सब पहले की ही तरह हो रहा है। मुताह शिया मुसलमानों की असना अशरी सम्प्रदाय की रस्म है। लेकिन हैदराबाद और केरल में जिन लड़कियों से मुताह किया जा रहा है वे शायद सब शिया नहीं हैं। अरब के सुन्नी शेख़ मुताह के बजाए मिस्यार करते हैं और यहां लिव इन वाले ऐवईं गालियां खा रहे हैं। किताब बता रही है कि 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद ब्लसिंग ऑफ टेंपरेरी मैरिज का खूब प्रचार प्रसार किया गया। यहूदी, ईसाई, हिंदू, इस्लाम धर्म ग्रंथों के हवाले से नाइश हसन ने यह साबित किया है कि स्त्री की गरिमा का ख्याल किसी भी धर्म ने शायद नहीं रखा है। नाइश हसन ने 12 ऐसे मुताह जो पुलिस के संज्ञान में हैं, जो पुलिस के संज्ञान में नहीं हैं ऐसे 16 और ऐसे 13 केस का ब्यौरा पेश किया है जो सापेक्षिक रूप से सफल रहे।

## आपका पत्र

### बढ़ता वायु प्रदूषण

वर्ष प्रतिवर्ष अक्टूबर, नवंबर के आसपास जब धीरे-धीरे ठंड का प्रकोप बढ़ने लगता है, दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ने लगता है। कहा जाता है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश के कुछ-कुछ शहरों में पराली जलाए जाने के कारण वायु प्रदूषण लगातार बढ़ता है। सर्दियों के आगमन के साथ-साथ ही दिल्ली एनसीआर गैस चैंबर सा बन जाता है। वर्तमान वर्ष में भी फिर यही स्थिति दोबारा आने लगी है। पराली के कारण ही वायु प्रदूषण बढ़ता है, इसके लिए ठोस समाधान किए जाने की आवश्यकता है। पराली दहन के परिणाम स्वरुप कार्बन मोनोऑक्साइड ,मिथेन, पाली साइकिल्स, एरोमेटिक, हाइड्रोकार्बन और वास्पशील कार्बनिक यौगिक जैसी खतरनाक ,जहरीली गैसों का उत्सर्जन लगातार बढ़ता जाता है। वायु प्रदूषण के कारण जहां एक और पर्यावरण की क्षति होती है, वही वायु प्रदूषण से मनुष्य के स्वस्थ शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जरूरी है सरकार पराली दहन के लिए कुछ व्यावहारिक एवं ठोस उपाय ढूंढे ,केवल पराली जलाने वालों पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाने से सफलता नहीं मिलेगी। सबसे अच्छा हो कि पराली को जलाने के स्थान पर इसको यदि कोलतार के साथ मिला1कर सड़कों के निर्माण में लगाया जाए तो कुछ हद तक वायु प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। पराली कंपोस्ट खाद ,ग्रामीण क्षेत्रों में झोपड़ी के निर्माण, पशु चारा ,थैली आदि बनाने में भी उपयोग किया जा सकता है। इससे जहां एक और किसानों को उचित मूल्य मिलेगा वहीं दूसरी ओर वायु प्रदूषण को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर ईमानदारी के साथ काम करना होगा।

**-डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,**101 बड़ा बाजार नैनीताल

### तांत्रिक बाबाओं का मायाजाल

दिनांक 21 अक्टूबर के,'अमृत विचार' ध्रुव गुप्त का,'तांत्रिक बाबा और मधुबाला की रूह' लेख पढ़ा। लेख गंभीर मारक शक्ति वाला है। इस तथ्य को वे लोग ही जानते होंगे,जो इस हकीकत से बावस्ता हो चुके हैं। आज कोई भी ऐसा आदमी नहीं है,जो किसी न किसी समस्या से ग्रस्त न हो। ये ठग आदमी की इसी मजबूरी का लाभ उठाते हैं। विभिन्नों क्षेत्रों में चलने वाली प्राइवेट बसों में इस प्रकार के तांत्रिक बाबाओं के फोन नंबर किसी भी समस्या को दूर करने की गारंटी के साथ लिखे मिल जाएंगे। इस नुस्खे को मैंने भी आजमा कर भी देखा है और साथ ही लुत्फ भी लिया है। हर बार ही बाबा ने मुझसे मीठी वाणी में,'बेटा' कहकर बात की थी,(जबकि आवाज से वह मुझसे काफी छोटा मालूम हो रहा था।) और,हां वह 25 हजार से चल कर 5 हजार पर उतर आया था। ऐसे तांत्रिक बाबाओं का मायाजाल लगभग सभी स्थानों पर बिछा है। हालांकि लोग इन ठगों के बारे में भली भांति जानते हैं। मैंने अपने परिचित को जब फोन पर यह वाक्या बताया ,तो वे सुनते ही बोले,'ये बड़े ठग हैं। इनके चक्कर में न पड़ना'।

**-ओमप्रकाश मंजुल**, पूरनपुर, पीलीभीत।

## एक नजर

### बदमाशों ने 15 हजार रुपए और मोबाइल लूटा

एटा : रिजोर थाने में पार्थ गुप्ता पुत्र संजीव कुमार गुप्ता निवासी पटियाली गेटी मोहल्ला तिवारियान ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पार्थ ने बताया कि 19 अक्टूबर को वह रिजोर क्षेत्र के किशनलाल स्कूल निधौलीखुर्द के पास था। वह ठेका से वापस आ रहा था। उसके कंधे पर बैग टगा हुआ था। इसी दौरान बदमाश आए और झपट्टा मारकर बैग छीन कर भाग गए। बैग में 15 हजार रुपए और मोबाइल फोन था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

एटा : जैथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरसारी जवाहरनगर में रविवार की देर रात 65 वर्षीय श्यामपाल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के शव पर जले के निशान पाए गए हैं, जिससे उनकी मौत के कारणों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष शम्भूनाथ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कुछ स्थानीय लोगों का मानना है कि यह मामला हत्या का भी हो सकता है, जबकि अन्य इसे एक हादसा मान रहे हैं।

### करंट से बिजली कर्मचारी झुलसा

एटा : सोमवार को सुबह करीब 9 बजे बिजली घर पर काम करते समय करंट लगने से युवक झुलस गया, उसको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी बंटू अमांपुर स्थित बिजली घर पर सोमवर को बिजली का काम कर रहा था। तभी उसको करंट लगा और वह नीचे गिर गया। बेहोश हालत में उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### बाइक पेड़ से टकराई किसान नेता घायल

बिल्सी ,अमृत विचार : रविवार की रात बिजनौर–बदायूं हाईवे पर स्थित गांव वैन के निकट सामने से आ रहे ट्रक से बचाते हुए बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार किसान नेता घायल हो गया। जिसका उपचार एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। थाना क्षेत्र के गांव सतेती निवासी एवं भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी रविवार की रात अपने गांव को बाइक से जा रहे थे। तभी ईट भट्ठे के निकट सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक को बचाते हुए उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### बाइक फिसलने से दो घायल

कासगंज : सहावर रोड पर बाइक फिसलने से दो युवक घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए सोरों स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। यहां सोरों से दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया। दोनों बदायूं जिले के रहने वाले हैं। गांव नगला सरजी के रहने वाले युवकों की हालत में सुधार है। जिला अस्पताल के चिकित्सक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई है।

### नहीं रुक रहीं जहरखुरानी की घटनाएं

कासगंज : सोमवार की सुबह लगभग चार बजे दिल्ली से आ रही रोडवेज बस में एक यात्री जहरखुरानी का शिकार हुआ है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में जब उसे आया तो वह गंजडुंडवारा का यात्री निकला। उसका नाम राजेश है।

# जनसमस्या को लेकर कांग्रेस का बेमियादी धरना 15 वें दिन भी जारी

## धरने को मिल रहा विभिन्न संगठनों का व्यापक जनसमर्थन

संवाददाता, ककराला



धरना स्थल पर बैठे अजीत यादव व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ककराला में जन समस्याओं के समाधान को चल रहे कांग्रेस का धरना सोमवार को पन्द्रहवें दिन भी जारी रहा। धरने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जब तक कस्बे की सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

धरना स्थल पर पहुंचे सोमवार को पूर्व डीजीसी एडवोकेट अनवर आलम, पूर्व विधायक मल्लन मियां के पुत्र सलीम असगर ने समर्थन दिया। एडवोकेट अनवर आलम ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव का ककराला में चल रहा बेमियादी धरना भाईचारे की मिसाल है। ककराला की 90 फीसदी आबादी मुस्लिम है, वहां एक हिन्दू अजीत यादव ने उनकी समस्याओं के समाधान की आवाज उठाई है इससे हिन्दू मुस्लिम एकता की आवाज बुलंद हुई है। सलीम असगर ने कहा कि नफरत की राजनीति के इस दौर में अजीत यादव ने बेमियादी धरने से गंगा जमुनी तहजीब को मजबूत किया है।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव ने कहा कि ककराला की एक लाख की आबादी पर आधार केन्द्र न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महीनों चक्कर काटने पड़ते हैं। संक्रामक बीमारियों पर अंकुश लगाया जाए। जगह जगह स्वास्थ्य शिविर लगा कर लोगों को दवाएं दी जाएं।

धरने पर वरिष्ठ समाजवादी लाल मोहम्मद अंसारी, अकरम खान, इमरान भाई , डॉ. सोहराब खान, नुरुल हसन, फ़ैजियाब खान, अनीस खान, वसीम खान, तजम्मुल अंसारी, सादिक नवाज, हनीफ अब्बासी, शम्पू राणा, अब्दुल गफूर, हिलाल, फितरत खान, रौनक अली खान समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## 15वें वित्त की राशि से निकायों में होंगे विकास कार्य

**बदायूं,अमृत विचारः** शासन की ओर से निकायों के लिए 15 वें वित्त आयोग की ओर से धनराशि जारी की गई है। इस धनराशि से निकायों में नवीन सड़कें, सीसी रोड निर्माण के साथ मरम्मत के कार्य होने हैं। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सभी अधिशासी अधिकारियों को बीस साल की कार्य योजना तैयार प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों में घर घर से कूड़ा उठाने की क्या व्यवस्था रहेगी। वार्डों में क्या कार्य होने है। इसका विस्तार से प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसके साथ ही उनके द्वारा नगर पालिका परिषद बदायूं, उझानी, सहसवान व दहगवां में एमआरएफ सेंटर के लिए मशीन क्रय करने का अनुमोदन किया गया। वहीं ट्रॉली आदि की खरीदारी के लिए अनुमोदन किया गया। वहीं बैठक से पूर्व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों से कैटल कैचर व रस्सी की व्यवस्था कर निराश्रित गोवंशों को आश्रय प्रदान किए जाने में सहयोग देने के लिए कहा।

# नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष की सजा

संवाददाता, चन्दौसी

● संभल के थाना असमोली के गांव में 21 जून 2019 को हुई घटना

**अमृत विचारः** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट) ने नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, जबकि चार को दोष मुक्त किया है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उक्त घटना जनपद संभल के थाना असमोली के एक गांव में 21 जून 2019 को हुई थी।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जनपद के थाना असमोली के एक गांव में 21 जून 2019 की शाम पांच बजे 15 वर्षीय किशोरी चारा लेने जा रही थी। तभी रास्ते में गांव के आरिफ ने तमंचे के बल पर रोक लिया और ईख के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। साथ ही उसने किशोरी की अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी ने धमकी दी कि अगर तू मेरे बुलाने पर नहीं आई तो तेरी वीडियो वायरल कर दूंगा।

आरिफ ने किशोरी को बुलाने की कोशिश की मगर वह नहीं गई। इसके बाद आरोपी ने 22 जुलाई 2019 को वीडियो वायरल कर दी। किशोरी के घर वालों को जानकारी हुई तो वह आरिफ के घर शिकायत करने पहुंचे। लेकिन आरोपी के परिजनों ने उसे धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित किशोरी के पिता ने आरोपी आरिफ व उसके परिजन फरमान, फईम, नईम व ईदशाह के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई दी। इसके बाद विवेचक ने आरोपी आरिफ के विरुद्ध धारा 376, 506 व पॉक्सो एक्ट तथा आरोपी फरमान, फईम, नईम व ईदशाह के विरुद्ध धारा 506 के अंतर्गत चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की। न्यायालय ने धारा 506 के तहत आरिफ, फरमान, फईम, नईम व ईदशाह के दोषमुक्त कर दिया। जबकि आरिफ को धारा 376 व पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई हुई।

## एटा की 10 कार्यकत्रियों को मिलीं प्री स्कूल किट

संवाददाता, एटा

● राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति व राज्यपाल ने सौंपी किटें

**अमृत विचारः** राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शिक्षा और विकास के प्रति समर्पित कार्यों की सराहना की गई। समारोह में उप राष्ट्रपति और राज्यपाल ने एटा की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतीकात्मक रूप से स्टेज पर बुलाकर प्री स्कूल किट वितरित की गईं।

जनपद एटा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री कंचनलता, आरती यादव, सरिता यादव, प्रियंका, सीमा यादव, अनीता, सीमा चैहान, सरोजनी, सुनीता और नीलम सोलंकी को यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जनपद एटा के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) किट का वितरण किया गया। जिले में कुल 100 केंद्रों को जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किया गया है, जिससे बच्चों की शिक्षा और विकास को और बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में अलीगढ़ के उच्चाधिकारियों के साथ-साथ एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, सीडीओ डॉ. एके बाजपेयी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार सिंह, और डीसी संजीव पचौरी जैसे कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान को सराहा और बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के प्रयासों की महत्ता को रेखांकित किया।

## ताऊ ने युवक को गोली मारकर किया घायल

**संवाददाता, एटाः** पिलुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गोली मारकर घायल करने का आरोप एक युवक द्वारा अपने ताऊ पर लगाया गया है। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

पिलुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगला सुंदर निवासी राघवेन्द्र सिंह ने बताया उसके ताऊ अनार सिंह द्वारा उसको गोली मारकर घायल कर दिया। उसने हाथ में गोली लगना बताया है। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया है।

घटना के पीछे जमीनी विवाद बताया गया है। विवादित जमीन से लकड़ी उठाना और फसल तोड़ने को लेकर विवाद हो गया था। फिलहाल इलाका पुलिस घटना की जांच कर रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# धान की पैदावार 54 क्विंटल हेक्टेयर का है अनुमान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


धान की कटाई कराने के बाद अपने सामने तौल करातीं डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

● डीएम ने खेतों में पहुंचकर कराई धान की क्रॉप कटिंग
● सरकारी क्रय केंद्रों पर फसल बिक्री करने का किया आवाहन

**अमृत विचारः** इस बार जिले में धान की बंपर पैदावार हुई है। प्रति हेक्टेयर 54 कुंतल धान निकलने का अनुमान है। सोमवार को डीएम निधि श्रीवास्तव ने ब्लॉक जगत के ग्राम मोहम्मद नगर सुलरा में अपने समक्ष धान की क्रॉप कटिंग कराई। दो भूखंडों पर कराई कटिंग के दौरान एक में 4.50 बीघा और दूसरे में चार कुंतल फसल निकली। जो कि एक हेक्टेयर में 54 कुंतल के बराबर है। इस दौरान डीएम ने किसानों से सरकारी क्रय केंद्र पर फसल बिक्री करने की अपील किसानों से की।

तहसील सदर के ब्लॉक जगत के ग्राम मोहम्मद नगर सुलरा में डीएम ने अपने समक्ष धान की क्रॉप कटिंग कराई। 43.33 वर्ग मीटर के त्रिभुज में क्रॉप कटिंग कराई, जिसमें एक भूखंड के एक बिस्वा में 24 किलो जो कि एक बीघा में अनुमानित 4.50 कुंतल तथा एक हेक्टेयर में अनुमानित 54 कुंतल की फसल के बराबर है। वहीं दूसरे भूखंड पर एक बिस्वा में 21.900 किलो फसल निकली जो की एक बीघा में अनुमानित 04 कुंतल तथा एक हेक्टेयर में अनुमानित 48 कुंटल है। जिलाधिकारी ने कहा कि धान की फसल अच्छी हुई है, इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। इस दौरान डीएम ने ग्रामवासियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं जानी। उनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक प्यारेलाल, लेखपाल नीरज सिंह, सांख्यिकी विभाग से गगन पटेल, फसल बीमा के जिला समन्वय धीरेंद्र दीक्षित, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 25 से की जाएगी बाघों की गिनती

पीलीभीत, कार्यालय


पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में घूमते बाघ। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में फेज-4 की बाघ गणना 25 अक्टूबर से होगी। इसको लेकर पीटीआर प्रशासन तेजी से तैयारियों में जुटा है। बाघ गणना को लेकर वनकर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। सभी पांच रेंजों में बाघ गणना का कार्य दो चरणों में विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के सहयोग से किया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 71 से अधिक बाघ है। एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) के निर्देश पर देश के सभी टाइगर रिजर्वों में हर चार साल बाद बाघ गणना कराई जाती है। वहीं स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा हर साल फेज-4 के तहत बाघ गणना का प्रावधान है, मगर संसाधनों की कमी के चलते यह बाघ गणना प्रतिवर्ष न होकर अमूमन दो साल में कराई जा रही है। टाइगर रिजर्व प्रशासन प्रतिवर्ष बाघों की गणना कर आंकड़े एनटीसीए को भेजता है। इधर अब पीटीआर प्रशासन द्वारा फेज-4 की बाघ गणना को लेकर तेजी से तैयारियां में जुटा है। पीटीआर में बाघ गणना 25 अक्टूबर से शुरू होने जा रही रही है। बाघ गणना के दौरान लगाए जाने वाले कैमरे, टॉर्च, ताला, बैटरी, एसडी कार्ड समेत अन्य संसाधनों का परीक्षण किया जा रहा है। पीटीआर प्रशासन यह बाघ गणना सभी पांच रेंज महोफ, माला, बराही, हरीपुर और दियोरिया रेंज में विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से करेगा। बाघ गणना को लेकर बीते 16 अक्टूबर को रेंज कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है।

## डीजे का शोर घातक प्रभावित हो रही सेहत

**कासगंज,अमृत विचारः** मौज, मस्ती, डांस के लिए हर समारोह में डीजे लगाया जाता है। डीजे के फ्लोर पर दिल और दिमाग की नसों को हिला देने वाले म्यूजिक के शोर से लोग अंजान रहते हैं। इस शोर से दिल और दिमाग की सेहत खराब हो रही है। दो माह दिन पूर्व एटा में एक युवक डीजे फ्लोर पर डांस करते समय मौत हो गई

डीजे पर साउंड की सीमा निर्धारित है। इसे अधिकतम 45 डेसीबल तक बजाया जा सकता है, लेकिन डीजे संचालक सौ से दो सौ डेसीबल तक डीजे चलाते हैं और यह साउंड व्यक्ति के सहने की क्षमता से बाहर हो जाता है। लंबे समय तक अधिक आवाज में रहने से कान में दर्द, बहरापन, दिमाग में हलचल, सीने में दर्द, पल्स का बढना, शरीर में कंपन्न होना जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। यातायात पुलिस ने 212 वाहनों के चालान काटे इनमें तेज ध्वनि से जुड़े 102 वाहन शामिल हैं।

# सपा मीडिया प्रभारी कई साथियों के साथ भाजपा में हुए शामिल


सपा के पदाधिकारियों को सदस्यता ग्रहण कराते भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी नगरिया मण्डल का सदस्यता अभियान गांव अलादीनपुर में मण्डल अध्यक्ष मनोज चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी एवं विशिष्ट अतिथि अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी एवं जिला प्रवक्ता राजकुमार यादव को उनके साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबका साथ, सबका विकास की नीति से प्रभावित होकर आज समाज का हर वर्ग पार्टी से जुड़ रहा है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां जाति के नाम पर समाज को बांटने का कार्य कर रही हैं। उनकी इस गंदी मानसिकता को देश अच्छी तरह समझ चुका है। इसलिए समाज के हर वर्गव्यक्ति भाजपा से जुड़ रहा है। इस अवसर पर शक्तिकेंद्र संयोजक राजकुमार कश्यप, दुष्यन्त चैहान, कर्मवीर सोलंकी, बूथ अध्यक्ष रामवीर बघेल, किशोर चैहान, रतन सोलंकी, जयपाल सिंह, जयविंदर यादव, जुगेंद्र कश्यप, शिवसिंह, रणवीर यादव, जगवीर यादव, ओमपाल यादव, पुष्पेन्द्र यादव, श्यामबाबू यादव, रामेश्वर, भूरे यादव, सुखपाल यादव, देव सिंह यादव, रूप सिंह यादव, कायम सिंह, नेम सिंह, सुघड़ सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फर्जी एलआईयू कर्मी बन कर दो युवकों से की 50 हजार की ठगी

चन्दौसी कार्यालय

● एक नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** फर्जी एलआईयू बताकर धोखाधड़ी कर 50 हजार रुपये वसूलने व दूसरी घटना में भी पीड़ित से रुपये के बदले बाइक लेने के आरोप में एक नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मौलागढ़ निवासी राकेश कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह 16 अक्टूबर को बाइक से बदायूं से चन्दौसी आ रहा था। तभी बदायूं में उसकी पहचान की युवती मिली और चन्दौसी छोड़ने को कहा। युवक ने युवती को बाइक पर बैठा लिया तभी फैजगंज बेहटा थाना से पहले धुरे की मुड़िया के पास एक कार चालक ने मेरे फोटो खींच लिए और बाइक के आगे कार रोक दी। राकेश ने बताया कि मेरा नाम व पता पूछ कर खुद को एलआईयू कर्मी बताकर बाइक पर बैठी युवती को कार में बैठा लिया। फोटो वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये की मांग की। कार सवार ने अपने साथी को भी बुला लिया और मेरी बाइक ले ली साथ ही कहा कि 50 हजार रुपये दे जाना अपनी बाइक ले जाना। उसके बाद युवती टेंपो से चन्दौसी चली गई। वहीं दूसरी घटना में राजू पुत्र स्व. रामौतार निवासी पंचशील कॉलोनी ने दी तहरीर में कहा है कि वह 13 अक्टूबर को बिलारी से अपनी बाइक से महिला सहकर्मी को गांव छोड़ने जा रहा था। तभी शाम सात बजे भैतरी फाटक से आगे कार चालक ने रोक लिया। कार चालक ने हम दोनों के नाम व पता पूछकर सहकर्मी को छोड़ दिया और राजू को अकेले जाने को कहा। कार चालक अभिषेक व उसके अन्य दो साथी बाइक सवार राजू को आसफपुर रोड की तरफ जंगल में ले गए। जहां कार खड़ी करके राजू के साथ गाली-गलौज की। राजू ने खुद को छोड़ने की बात कही। तो उससे 50 हजार रुपये मांगे। राजू से ऑनलाइन रुपये लेकर कार सवार चले गए। पुलिस ने अभिषेक व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### दिल्ली मेट्रो में अपना जलवा बिखेर रही तराई की बांसुरी

**पीलीभीत,अमृत विचार :** तराई की बांसुरी की छाप अब दिल्ली एनसीआर में देखने को मिल रही है। जोकि लोगों को खूब भा रही है। जिले के बांसुरी कारीगरों का हुनर अब दिल्ली मेट्रो में दिखाई दे रहा है। मेट्रो में बांसुरी की छायाप्रति बनाई गई है। मेट्रो के कोच में उत्तर प्रदेश टूरिज्म की ओर से किए जाने वाले विज्ञापन में बांसुरी निर्माण का प्रदर्शन हो रहा है। जिसमें पीलीभीत का जिक्र है। तराई की बांसुरी को देश की राजधानी से विश्व भर में प्रचारित प्रसारित करने पर काम हो रहा है। इससे जनपद के बांसुरी कारीगरों को भी पहचान मिल रही है। दिल्ली मेट्रो में भारत के डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। इसमें उत्तर प्रदेश टूरिज्म का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिस्प्ले बोर्ड पर बांसुरी निर्माण करते हुए कामगार का चित्र लगाया गया है। जिस पर लिखा है– पारंपरिक बांसुरी बनाने की विशेषता। इसके नीचे बांसुरी उत्पादन का उल्लेख करते हुए लिखा कि अपने कुशल कारीगरों के लिए जाना जाने वाला पीलीभीत क्षेत्र ऐसी बांसुरी बनाता है, जो समृद्ध स्वरों के साथ गूंजती है।

# छत पर लहलहाया कैक्टस, हर्षल को कांटों से मिली शोहरत

## नौकरी छोड़कर कैक्टस की खेती में जमाया कदम, कहलाए कैक्टस मैन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मैरिज लॉन की छत पर लहलहाते कैक्टस के साथ हर्षल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अक्सर लोगों की छत या फिर बालकनी में रंग बिरंगे फूलों से भरे गार्डन तो खूब देखने को मिलते हैं, लेकिन शहर के रहने वाले हर्षल को फूलों और पत्तियों से नहीं बल्कि कांटों भरे पौधों से प्यार है। उन्होंने अपने लॉन की छत पर कैक्टस की दुनियां बसा रखी है। देश विदेश में पाई जाने वाली करीब 500 से अधिक विभिन्न प्रकार के कैक्टस उगा रखे हैं। इस कैक्टस को उगाने के लिए उन्होंने पॉली हाउस बनाया है। जहां वह इन पौधों की मेजबानी कर रहे हैं। कैक्टस गार्डन को इस कदर तैयार किया है। लोग इस गार्डन की खूबसूरती को निहारने के लिए पहुंचते हैं। हर्षल के इस गार्डन को देखकर कई लोगों ने अपने घरों की छत पर कैक्टस लगाना भी शुरू कर दिए हैं। अब इस बागवानी के दम पर उन्होंने कैक्टस के सीड्स भी तैयार करना शुरू कर दिए हैं। जिन्हें वह पूरे देश में बिक्री कर रहे हैं।

शहर के होली चौराहा के रहने वाले हर्षल को बचपन से ही कैक्टस से प्यार था। हर्षल बताते हैं कि उनके इस सफर की शुरुआत उनके पिता के शौक के चलते हुई। उनके पिता भुवनेश सिंह पेशे से किसान थे। वह वर्ष 1990 में पंतनगर में आयोजित प्रदर्शनी देखने के लिए गए थे। जहां उन्हें कैक्टस की विभिन्न प्रकार की वैरायटी देखने को मिली थी। इसलिए वह कैक्टस लेकर आए थे। इस पर उन्होंने अपने घर की छत पर इसकी मेजबानी की थी। पिता को देखते हुए उन्हें भी कैक्टस से प्यार होने लगा था। वर्ष 2014 में नोएडा से कंसलटेंट की नौकरी छोड़ने के बाद वह पूरी तरह से कैक्टस की मेजबानी में जुट गए। उन्होंने अपने मैरिज लॉन की छत पर अपने पिता के शौक को आगे बढ़ाया और देश विदेश की दुर्लभ प्रजातियों के कैक्टस को अपने पॉली गार्डन में सजाना शुरू कर दिया। उनके इस गार्डन में 40 साल पुराना वेरल कैक्टस है, तो वहीं 35 साल पुराना एरियो कार्पस भी मौजूद है। उनके इस गार्डन में साउथ अफ्रीका, अमेरिका, आइलैंड, तनजनिया समेत विभिन्न देशों के कैक्टस मौजूद हैं। इसको तैयार करने के लिए पॉलीहाउस बना हुआ है। कैक्टस रेगिस्तान में उगता है। कैक्टस को पानी की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने बताया ये पौधे मूल रूप से भारत में नहीं पाए जाते। इन कैक्टस में से अधिकतम प्रजातियां नॉर्थ अमेरिका व साउथ अमेरिका में पाई जाती हैं। ऐसे में, इन पौधों में खाद व पानी भी वहां के मौसम के अनुसार ही लगाया जाता है।

## एक नजर

### परास्नातक के परीक्षा फार्म 25 तक भरें

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक के बाद परास्नातक विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएससी गृह विज्ञान प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के छात्र 25 अक्टूबर तक फार्म भर सकेंगे। तिथि बढ़ने से आरडी लगी होने की वजह से फार्म नहीं भर पा रहे छात्रों को राहत मिली। आरडी ( रिजल्ट डिटेंड) होने के कारण सैकड़ों छात्रों के फॉर्म ऑनलाइन नहीं खुल रहे हैं। रविवार को फॉर्म भरने की आखिरी तारीख थी। इससे छात्र परेशान थे और तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। अब छात्र 25 अक्टूबर तक फार्म भरने के साथ 28 अक्टूबर तक भरे हुए फार्म कॉलेज में जमा कर सकेंगे। स्नातक और परास्नातक के छात्र विषय संशोधन के लिए सोमवार को भी परेशान हुए। छात्र संबंधित कॉलेज और विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में काफी छात्र पहुंचे तो उनकी समस्या का समाधान किया गया।

### रुविवि और इंडो-गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन के बीच एमओयू

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की व्यवसाय प्रबंधन विभाग की हेड एंड डीन प्रो. तूलिका सक्सेना ने विश्वविद्यालय और इंडो गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन यूएई के बीच एमओयू साइन किया है। इसमें इंडो-गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल अग्रवाल, अकादमिक डीन वैस्ट लंदन यूनिवर्सिटी यूके कैंपस दुबई और रुहेलखंड विश्वविद्यालय से प्रो. तूलिका सक्सेना ने प्रतिनिधित्व किया।

### बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली: मस्जिद में कुरान और अरबी पढ़ने आने वाली छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी संभल असमोली निवासी इमाम हाफिज स्वाले हसन उर्फ साहेल हसन की अग्रिम जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना किला में तहरीर देकर बताया था कि बेटी मस्जिद में पढ़ने जाती थी। 30 मई शाम 7:30 बजे बेटी रोने लगी और कहा कि वह मस्जिद में पढ़ने नहीं जाएगी। उसके पूछने पर बेटी ने बताया कि मस्जिद में हाफिज स्वाले हसन ने अपने कमरे में बुलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने बयान में कथानक का समर्थन किया। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। इमाम तभी से फरार है।

# बढ़ते जा रहे वसूली के लक्ष्य घटते जा रहे संग्रह अमीन

## मंडल में 594 स्वीकृत पद, मगर चारों जिलों में तैनाती सिर्फ 319 अमीनों की

- बरेली मंडल में 35 फीसदी पद रिक्त होने से बढ़ गया काम का बोझ
- संग्रह अनुसेवकों की पदोन्नति जैसी मांगों पर मोर्चा खोलने का एलान किया है

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : एक तरफ राजस्व वसूली के लक्ष्य लगातार बढ़ रहे हैं, दूसरी तरफ संग्रह अमीनों की संख्या कम होती जा रही है। बरेली मंडल में कई साल से संग्रह अमीन के 275 पद रिक्त हैं जो कुल स्वीकृत पदों के करीब 35 फीसदी हैं। इन पदों को न भरा जाना राजस्व वसूली के साथ संग्रह अमीनों पर भी भारी पड़ रहा है। अब संग्रह अमीन संघ ने रिक्त पदों पर नियुक्ति और संग्रह अनुसेवकों की पदोन्नति जैसी मांगों पर मोर्चा खोलने का एलान किया है।

बरेली मंडल में संग्रह अमीन के 594 स्वीकृत पद हैं जिनके सापेक्ष चारों जिलों में सिर्फ 319 संग्रह अमीनों की ही तैनाती है। बरेली जिले में 160 पद स्वीकृत पदों पर 94 संग्रह अमीन ही तैनाता हैं। इसी तरह पीलीभीत में 127 पदों के सापेक्ष 73, शाहजहांपुर में 176 पद के सापेक्ष 78 और बदायूं में 131 पद के सापेक्ष 74 पदों पर ही अमीन तैनात हैं। इस वजह से एक-एक अमीन पर कई-कई हल्कों का बोझ है।

संग्रह अमीनों का कहना है कि इस वजह से राजस्व वसूली प्रभावित हो रही है। उन पर बेवजह जवाबदेही लागू की जा रही है।

राजस्व संग्रह अमीन संघ के मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पटेल और मंडल मंत्री हरिओम दीक्षित का कहना है कि विद्युत देयों की वसूली के लिए बड़े पैमाने पर मांग पत्र आते हैं, जिनका समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। संघ ने मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल से रिक्त पदों पर सीजनल संग्रह अमीनों के विनियमितीकरण और पात्र संग्रह अनुसेवकों को 15 प्रतिशत पदोन्नति से भरपाई कराने की मांग की है।

### राजस्व संग्रह अमीन संघ ने मंडलायुक्त के सामने बयान की संग्रह अमीनों की दयनीय हालत

बरेली। राजस्व संग्रह अमीन संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को पांच सूत्री ज्ञापन देकर पात्र संग्रह अमीनों को एसीपी (वित्तीय स्तरोन्नयन) का लाभ दिलाने की मांग की। बताया, मीरगंज तहसील में तैनात संग्रह अमीन धर्मपाल, अंकित कुमार, बिसौली (बदायूं) में कार्यरत रामनाथ सिंह, संजीव यादव, आराम सिंह, विरेंद्र सिंह, मो. शारिक, तिलहर (शाहजहांपुर) में धर्मेंद्र कुमार, सौरभ त्रिपाठी, राकेश कुमार, जलालाबाद में कमल किशोर श्रीवास्तव, अनिल कुमार, घनश्याम सिंह, मोती लाल, मुकेश बाबू, अजय कुमार मिश्रा का एसीपी काफी समय लंबित है। पात्र संग्रह अमीनों के स्थाईकरण और बकाया महंगाई भत्ते के भुगतान की भी मांग की। यह भी बताया कि राजस्व परिषद ने 21 सितंबर 2023 को संग्रह अमीनों के सहयोग के लिए संग्रह अनुसेवक लगाने के निर्देश दिए थे लेकिन मंडल की तहसीलों में कार्यरत संग्रह अनुसेवकों से वसूली के बजाय दूसरे काम कराए जा रहे हैं। संग्रह अमीनों को राजस्व वसूली में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

## मुस्लिम जमात ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया

बरेली, अमृत विचार: सरकारी वित्त पोषित एवं सहायता प्राप्त मदरसों को बंद करने की एनसीपीसीआर की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से रोक लगाने का मुस्लिम जमात ने स्वागत किया है। जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन ने एक बयान में कहा है कि एनसीपीआरसी की दलीलों के सुप्रीम कोर्ट में खारिज होने के बाद पूरे भारत के मदरसे पहले ही की तरह संचालित होते रहेंगे। मौलाना ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। मौलाना ने कहा कि मदरसों पर आपत्ति करने वालों को उनका इतिहास पढ़ना चाहिए। 1857 की जंग-ए-आजादी में दिल्ली जामा मस्जिद से अंग्रेजों के खिलाफ फतवा देने वाले अल्लामा फज्ले हक खैराबादी और बरेली की नौमहला मस्जिद से अंग्रेजों के खिलाफ जंग का एलान करने वाले मौलाना राजा अली खां भी मदरसे के ही छात्र थे।

## अहम भूमिका निभाता है अग्निवीर स्किल सर्टिफिकेट

- बरेली कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मेजर किशोर ने अग्निवीर योजना की दी जानकारी

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: अग्निवीर युवाओं के भविष्य का एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम है और इसमें 17.5 से 23 वर्ष तक के युवा देश सेवा कर राष्ट्र निर्माण कर सकते हैं। अग्निवीर को चार साल की सेवा में बेहतरीन प्रशिक्षण के साथ चिकित्सा सुविधाएं और 25 प्रतिशत को सेना की नियमित सेवा करने का अवसर मिलता है। अग्निवीर स्किल सर्टिफिकेट दूसरी सेवाओं में जाने के दौरान अहम भूमिका निभाता है। ये बातें आर्मी भर्ती बोर्ड के मेजर किशोर ने बरेली कॉलेज के एमएड सभागार में प्लेसमेंट सेल और थल सेना कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

अग्निपथ भर्ती योजना के अभिविन्यास कार्यक्रम में मेजर किशोर ने बताया कि अग्निवीर योजना के प्रथम वर्ष में लगभग 4.76 लाख के पैकेज के साथ चार वर्ष की सेवा पूरी होने पर 6.92 लाख तक का पैकेज मिलता है। नौकरी के बाद सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11.71 लाख रुपये ब्याज सहित आयकर से मुक्त प्राप्त होते हैं और 48 लाख रुपये का अनअंशदायी बीमा भी प्राप्त होता है। ऐसे युवा जिन्होंने इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ और अंग्रेजी के साथ 50 प्रतिशत नंबरों से उत्तीर्ण किया है, वे सैनिक तकनीकी ग्रुप में जा सकते हैं जबकि इंटरमीडिएट कला, विज्ञान और वाणिज्य में 60 प्रतिशत नंबरों के साथ करने वाले युवा सैनिक लिपिक में जा सकते हैं। दसवीं या आठवीं कक्षा में 45 प्रतिशत नंबरों के साथ उत्तीर्ण करने वाले छात्र सैनिक जीडी और 33 प्रतिशत नंबरों के साथ पास युवा हाउसकीपर या मैसकीपर के पद पर सेना में जा सकते हैं।उन्होंने बताया कि अग्निवीर मिलिट्री पुलिस के अंतर्गत 17-21 वर्ष तक की छात्राएं सेना में नौकरी पा सकती हैं। अग्निवीर योजना के तहत एनसीसी सर्टिफिकेट प्राप्त और आरडी परेड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को लिखित परीक्षा के अतिरिक्त 25 अंक, सी सर्टिफिकेट प्राप्त करने वालों को 20 अंक, बी सर्टिफिकेट वाले को 10 अंक और ए सर्टिफिकेट वाले को पांच अंक अतिरिक्त दिए जाते हैं।

प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि बरेली कॉलेज बरेली प्लेसमेंट सेल का कार्य यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार की दिशा प्रदान करना है, इसलिए बरेली कॉलेज प्लेसमेंट सेल को और अधिक मजबूत किया जाएगा। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. राजीव यादव ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि वह बरेली कॉलेज की वेबसाइट को समय-समय पर चेक करते रहे क्योंकि प्लेसमेंट सेल इस प्रकार के रोजगार परक ओरिएंटेशन या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में प्रो. अनूप कुमार, प्रो. आलोक खरे, प्रो. राजेंद्र सिंह, डॉ. बीनम सक्सेना, डॉ. निरुपम शर्मा, डॉ. रितेश चौरसिया, डॉ. नीरज मलिक, डॉ. अरविंद गंगवार, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. रागिब हुसैन, डॉ. विनय सिंह, डॉ.आलोक राज सिंह व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## छात्र संख्या मिली कम, बीईओ और शिक्षकों का रोका वेतन

- बीईओ के निरंतर निरीक्षण के दावों की खुली पोल
- 80 फीसद के सापेक्ष उपस्थित मिली सिर्फ 68.07 प्रतिशत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सीएम पोर्टल पर जिले के बेसिक स्कूलों में छात्र संख्या कम मिली है। इस पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों से लेकर स्कूल स्टाफ का वेतन रोक दिया है। एक साथ जिले भर के बीईओ एवं शिक्षकों का वेतन रोके जाने की यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। छात्र संख्या को लेकर जारी रिपोर्ट से स्कूलों का निरंतर हो रहे निरीक्षण के दावों की पोल भी खुल गई है।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि 19 अक्टूबर की आईवीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार ब्लॉकों के स्कूल में छात्रों की उपस्थिति का औसत 70 प्रतिशत से कम है। जबकि छात्र संख्या 80 प्रतिशत होने के निर्देश दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके छात्र संख्या में इजाफा न होने पर सभी बीईओ से लेकर संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को वेतन रोक दिया गया। छात्र संख्या कम होने की वजह से सीएम पोर्टल पर जिले की रैंक प्रभावित हो रही है।

### इतने स्कूलों में कम मिली छात्र संख्या

बांकेगंज के 51, बेहजम के 115, बिजुआ के 78, धौरहरा-82, ईसानगर-88, कुंभी गोला-61, लखीमपुर-158, मितौली-113 मोहम्मदी-79, गोला नगर-दो, लखीमपुर नगर-11, मोहम्मदी नगर-चार, नकहा-98, निघासन-50, पलिया-54, पसगवां-72, फूलबेहड़-80, रमियाबेहड़ के 80 स्कूलों में बच्चे कम मिले।

## 24 अक्टूबर तक बोनस नहीं तो होगा आंदोलन

पलिया कलां, अमृत विचार : बजाज चीनी मिल के मजदूर संगठनों ने इकाई प्रमुख को भेजे गए पत्र में धनतेरस से पूर्व बोनस दिलाए जाने की मांग की है।

यूनिट हेड को दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि चीनी मिल श्रमिकों को पूर्व की भांति धनतेरस से पूर्व 11.67 प्रतिशत बोनस ( एक्सग्रेशिया )का भुगतान किया जाय। अन्यथा चीनी मिल मजदूर संघर्ष समिति 24 अक्टूबर के बाद किसी भी दिन अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन व टूल डाउन आदि करने को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंध तंत्र की होगी। पत्र पर चीनी मिल मजदूर संघ पलिया के मंत्री राजेश कुमार तिवारी, शारदा प्रतिशील चीनी मिल मजदूर यूनियन के मंत्री दिनेश यादव व शारदा चीनी मिल मजदूर संघ के मंत्री अफरोज अहमद अंसारी के हस्ताक्षर हैं। पत्र की प्रतिलिपि उपश्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त सहित एसडीएम पलिया व कोतवाल को भी भेजी गई है।

## बरेली, दिल्ली समेत कई शहरों में वाहन चोरी करने वाले 5 दबोचे

- पुलिस ने चोरों के पास से तीन कारों की नंबर प्लेट और दो तमंचे बरामद किए

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। चोर बरेली, दिल्ली समेत अन्य शहरों में चोरी करते थे। पुलिस ने चोरों के पास से तीन कारों की नंबर प्लेट और दो तमंचे बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने बताया कि शहर क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाएं रोकने के लिए टीम गठित की थी। टीम ने रविवार देर रात कोतवाली क्षेत्र से पांच वाहन चोरों आशीष रॉयल पार्क निवासी भगवंत सिंह, अलीगढ़ के मोहनपुर निवासी लविश चौधरी उर्फ शेरा और बदायूं के सिरसौल पट्टी जशा गांव निवासी जतिन वर्मा, समीर वर्मा और प्रवेश वर्मा उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया। इनके पास से वाहन चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार मिले हैं।

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे दिल्ली और यूपी के विभिन्न इलाकों से वाहनों की चोरी करते थे। चोरी के वाहनों को वे दोनों राज्यों में आपस में बदल-बदल कर बेचते थे ताकि उनकी पहचान न हो सके।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगंगा नदी के खण्ड (लगभग 5 किलो मी.) के आधार पर महान मत्स्य जीवी समिति के आधार पर महान मत्स्य जीवी सहकारी समिति ग्राम सुकटिया जनपद बदायूं का गठन किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में तृतीय बैठक 22.10.2024 समय 10 बजे स्थान राहुल की बैठक पर जो कि हजरतपुर रोड पर स्थित है। स्थाई कार्यालय पर आप सभी लोग सादर आमंत्रित हैं।

**पब्लिक नोटिस**

सूचित किया जाता है कि रेडिको खेतान लिमिटेड के फोलियो नंबर 0028179 के तहत 560 इक्विटी शेयर सर्टिफिकेट नंबर 60660 और विशिष्ट नंबर 5057001 से 5057560 वाले शेयरों के प्रमाण पत्र तेजल के सांघवी के नाम पर खो गए हैं या गुम हो गए हैं और अधोहस्ताक्षरी हैं उक्त शेयरों के लिए डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी को आवेदन किया है। कोई भी व्यक्ति जिसके पास उक्त शेयरों के संबंध में कोई दावा है, उसे इस तिथि से एक महीने के भीतर हमारे रजिस्ट्रार, **केएफआईएन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड**, सेलेनियम टावर -बी, प्लाट 31-32, गाचीबोवली, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, हैदराबाद, तेलंगाना - 500032 को लिखना चाहिए। अन्यथा कंपनी डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेगी।

स्थान:- बरेली शेयरधारक का नाम
दिनांक:- 22.10.2024 तेजल केयूर संघवी

**पब्लिक नोटिस**

श्री सरताज अली पुत्र श्री जुलफिकार अली निवासी खेड़ा बुजुर्ग परगना बदायूं शहर चुंगी जिला बदायूं- 243601 ने एक किता सम्पत्ति गाटा संख्या 111- ग्राम खेड़ा बुजुर्ग तहसील व जिला बदायूं को चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री दिनांक 18.09.1991 को वही संख्या-1 जिल्द संख्या 335 पृष्ठ संख्या 1-10 तक क्रमांक 12206 बदायूं में हुई है। उक्त रजिस्ट्री नवादा चौराह के पास फोटो स्टेट कराते समय खो गयी है। जिसकी सूचना 19.10.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**सुशान्त सक्सेना (एडवोकेट)**
**कार्यालय- बगिया चैम्बर नं. 01, बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली**
**मो. 9837205613**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता- चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स लिमिटेड**



**ग्राम पंचायत अमरोली वि.खं. मझगवां, बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमरोली में वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रोड़ा महीन रेता प्रथम ईट इंटरलॉकिंग टाइल्स आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 26.10.2024 को दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें निविदादाता के उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी दिन सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान की अध्यक्षता में शाम 3:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सुतैरा में मेन रोड से भूपराम के घर तक इन्टरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 3,99,000/- | मनरेगा |
| 2. | सुतैरा में देवस्थान से हरिबाबू व ओमप्रकाश के घर तक इन्टरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 3,39,328/- | मनरेगा |
| 3. | अन्त्येष्टि स्थल निर्माण | 2400000/- | RGSA |

ग्राम प्रधान श्रीमती बसन्ती देवी — सचिव प्रियदर्शन यादव

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा छीट विकासखंड बेहजम खीरी**

पत्रांक:- मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024- 25 दिनांक 21/10/24

**अति अल्पकालीन निविदा**

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यों पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 22/10/24 से 26/10/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 28/10/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 28/10/24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | राकेश के मकान से गांव के बाहर तक नाली निर्माण कार्य | आवश्यकता अनुसार | 177954.00 |

अंजनी वर्मा (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत पिपरा छीट बेहजम खीरी — तकनीकी सहायक सरस्वती प्रसाद वर्मा — सुमन यादव (ग्राम पंचायत अधिकारी) ग्राम पंचायत पिपरा छीट बेहजम खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग विकासखंड बेहजम खीरी**

पत्रांक:- मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024- 25 दिनांक 21/10/24

**अति अल्पकालीन निविदा**

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यों पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 22/10/24 से 26/10/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 28/09/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 28/10/24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | साबिर अली के मकान से मोहम्मद नसीर के मकान से होते हुए शिवकुमार के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | आवश्यकता अनुसार | 826981.00 |

माया देवी(ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग बेहजम खीरी — तकनीकी सहायक रजनीश कुमार — अमीर चंद राना (ग्राम पंचायत अधिकारी) ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग बेहजम खीरी


# बरेली के पहले मेयर राजकुमार अग्रवाल का निधन



राजकुमार अग्रवाल।

- शहर भर की हस्तियां भी उन्हें अंतिम विदाई देने सिटी श्मशान भूमि पहुंचीं

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : पहले मेयर के तौर पर बरेली को शहर बनाने की बुनियाद रखने वाले राजकुमार अग्रवाल नहीं रहे। सोमवार सुबह 7 बजे 88 साल की उम्र में उन्होंने अपने बरेली को अलविदा कह दिया। शाम को सिटी श्मशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार हुआ जहां बेटे रवि प्रकाश अग्रवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी। सभी प्रमुख दलों के नेताओं के साथ शहर भर की हस्तियां भी उन्हें अंतिम विदाई देने सिटी श्मशान भूमि पहुंचीं।

उम्र भर स्पष्टवादी नेता के रूप में पहचान रखने वाले राजकुमार अग्रवाल ने चंद रोज पहले 15 अक्टूबर को अपना 88वां जन्मदिन मनाया था। इसके दो ही दिन बाद वह बीमार हो गए, लगातार इलाज के बाद भी उनकी तबीयत सुधर नहीं पाई। सोमवार सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके निधन का पता लगते ही रामपुर बाग स्थित उनके आवास पर राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्र के लोगों का तांता लगना शुरू हो गया। राजकुमार अग्रवाल अपने पीछे पत्नी सत्यवती के अलावा पुत्र रवि प्रकाश अग्रवाल और नवीन अग्रवाल के साथ भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### हारी बाजी पलटकर बने पहले मेयर

बरेली को सन् 1989 में महापालिका का दर्जा प्राप्त हुआ था। पहला चुनाव हुआ तो 48 सभासद चुनकर सदन में पहुंचे जिनमें भाजपा के सिर्फ 14 थे, बाकी दूसरी पार्टियों के साथ निर्दलीय थे। मेयर के बजाय तब नगर प्रमुख का पद हुआ करता था जिसके लिए भाजपा की ओर से राजकुमार अग्रवाल का नाम तय किया गया। सभासदों की संख्या काफी कम होने के बाद भी राजकुमार अग्रवाल ने कुशल रणनीति के दम पर बड़े अंतर से कांग्रेस के दावेदार जसवंत प्रसाद बब्बू के खिलाफ जीत दर्ज की। हालांकि पहली बार में वह 10 फरवरी 1989 से 28 नवंबर 1990 तक ही मेयर रह पाए, इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव के आने के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा। दूसरे चुनाव में वह फिर जीते और 19 अगस्त 1991 से 7 फरवरी 1994 तक मेयर रहे।

## देहरादून: मूंढापांडे थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ दुष्कर्म में सौतेला भाई गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में रहने वाली मानसिक रूप से कमजोर किशोरी के साथ देहरादून में गैंगरेप से पहले उसके सौतेले भाई ने दुष्कर्म किया था। सोमवार को मूंढापांडे थाना पुलिस ने सौतेली बहन से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। थाना मूंढापांडे क्षेत्र के मजदूर की बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। वह घर से निकल कर उत्तराखंड के देहरादून पहुंच गई थी। किशोरी 12 अगस्त की रात रोडवेज बस में बैठी थी। बस देहरादून अड्डे पर रात में पहुंची। जिसमें सभी सवारियां उतर कर चली गई। इस दौरान उसे बस में अकेला पाकर बस के संविदा चालक, परिचालक व कैशियर सहित पांच कर्मचारियों ने गैंगरेप किया था। देहरादून पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में थाना मूंढापांडे के अपराध निरीक्षक कृष्ण कुमार ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। जिसमें उसने बताया कि गैंगरेप से पहले उसके साथ उसके सौतेले भाई ने दुष्कर्म किया था। विवेचना में इसकी पुष्टि हुई है। थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## बहू को जलाकर मारने में पति-सास को 10-10 वर्ष की सजा

रामपुर कार्यालय, अमृत विचार : दहेज के लिए पुत्रवधु को जलाकर मारने के मामले में एफटीसी प्रथम के न्यायिक अधिकारी ने उसके पति व सास को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर जुर्माना भी लगाया गया है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेड़ा टांडा गांव निवासी नजाकत अली ने अपनी बेटी की शादी दौंकपुरी टांडा निवासी मोहम्मद आरिफ से की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए उसे परेशान करने लगे। 9 फरवरी 2020 को पति ने उसकी बेटी को तीन तलाक देकर उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर जला दिया था। बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एफटीसी प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि मृतका के पति मोहम्मद आरिफ और उसकी सास हनीफा को हत्या के लिए दोषी पाए जाने पर अदालत ने 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने दोषियों पर 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## रोहिलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज में स्पोर्ट्स फिएस्टा शुरू

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के स्पोर्ट्स वीक स्पंदन के तहत एनुअल स्पोर्ट्स फिएस्टा की सोमवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के क्रिकेट मैदान पर मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अर्जुन अग्रवाल, कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विशाल अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. मुकेश सक्सेना ने शुरुआत की।

डॉ. अर्जुन ने बैटिंग करके पहली बॉल पर ही सिक्स मार के बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की स्पोर्ट्स कमेटी की ओर से किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिव ज्योति, डॉ. गणेश बाबू, डॉ. शिमी, डॉ. ज्ञानदेव, डॉ. माया प्रकाश, डॉ. राहुल, डॉ. सौरभ, डॉ. अरुण, डॉ. प्रगति गुप्ता, डॉ. हिमानी, डॉ. प्रियंका, नितेश मिश्रा, डॉ. कविता, डॉ. अनुराग, डॉ. राहुल यादव, डॉ. रामबाबू, डॉ. राहुल पाराशर आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बदायूँ।**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय बदायूँ के न्यायालय परिसर में बरसात के कारण एक वृक्ष गिर गया है जिसका विवरण निम्नवत है–

| क्र.सं. | प्रजाति | वृक्षों की संख्या | आयतन घ0मी0 में | मूल्यांकन रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बेरी | 01 | 0.531 | 1700/– रू0 |
| | | कुल योग | | 2000/– रू0 |

उपरोक्त सारणी में दिये गये पेड़ की नीलामी दिनांक 24/10/2024 को सायं 4:30 बजे केन्द्रीय सभागार जनपद न्यायालय बदायूँ में की जायेगी। इस सम्बंध में जो भी व्यक्ति अथवा फर्म इस नीलामी में भाग लेना चहता है तो उपरोक्त दिनांक समय व स्थान पर आकर नीलामी में बोली लगा सकते है। नीलामी को स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार केवल माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को ही होगा। इस सम्बंध में अधिक जानकारी करना चाहे तो किसी भी कार्यदिवस में केन्द्रीय नजारत से प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी की शर्ते निम्नवत है–

1. नीलामी बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली बोलने से पहले अंकन 1000/–रू0 केन्द्रीय नजारत में जमा करना होगा, तभी उसको बोली लगाने का अधिकार होगा।
2. बोली समाप्त होने पर सबसे अधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
3. उक्त उल्लेखित वृक्ष की नीलामी बोली प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा दिये गये कुल अंकित मूल्य अंकन 2000/– रुपये के लिए प्रारम्भ होगी।
4. सम्पूर्ण धनराशि जमा होने पर ही उक्त पेड़ की लकड़ी उठाने का अधिकारी होगा।
5. खरीदी हुई लकड़ी के परिवहन अथवा अनुमति सम्बंधित अथवा परमिट आदि की समस्त औपचारिकताओं का दायित्व खरीददार का होगा।

(सुयश प्रकाश श्रीवास्तव)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बदायूँ।

UP-221069 दिनांक 21.10.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली**

संख्या:- 2791-2814 दिनांक: 20.10.2024

**विज्ञप्ति**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकत्ती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बरेली के लैंडलाइन टेलीफोन नम्बर (0581)-2421561 तथा मो0नं0 9454465646, 9454465600 एवं निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर तत्काल सूचना दें-

1- 9454466468 सदर तहसील की सूचना हेतु
2- 9454466469 सदर तहसील की सूचना हेतु
3- 9454466470 सदर (कैण्ट) तहसील की सूचना हेतु
4- 9454466471 आंवला तहसील की सूचना हेतु
5- 9454466737 फरीदपुर तहसील की सूचना हेतु
6- 9454466472 बहेड़ी तहसील की सूचना हेतु
7- 9454466740 नबावगंज तहसील की सूचना हेतु
8- 9454466473 मीरगंज तहसील की सूचना हेतु

प्राप्त सूचना पर ठोस कार्यवाही की जायेगी तथा सूचना देने वाले का नाम / पता गोपनीय रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी बरेली — जिलाधिकारी बरेली

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अधिकारियों ने दी शहीद आरक्षियों को श्रद्धांजलि

# पुलिस स्मृति दिवस परेड में शामिल हुई 12 टुकड़ियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस स्मृति दिवस परेड की कमांड सोमवार को आईपीएस पीएसी द्वितीय वाहिनी के सेनानायक संतोष कुमार मीणा ने की। द्वितीय कमांड एडीसीपी अपराध कमिश्नरेट लखनऊ आईपीएस अमित कुमावत ने किया। परेड में कुल 12 टुकड़ियां शामिल थीं। वहीं, शोक पुस्तिका मुख्यमंत्री को सुपुर्द करने की जिम्मेदारी डिप्टी एसपी आभा पांडेय को सौंपी गई थी।

समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो शहीद आरक्षियों को श्रद्धांजलि दी। उनके परिवार को सम्मानित कर हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी भी ली। कार्यक्रम की शुरूआत में डीजीपी प्रशांत कुमार ने शोक पुस्तिका का वाचन कर किया। इसके बाद ड्यूटी में शहीद पुलिसकर्मी रोहित कुमार और सचिन राठी को मुख्यमंत्री व पुलिस के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। ड्यूटी के दौरान संवेदनशीलता, समर्पण और त्याग का अप्रतिम गाथा लिखने वाले शहीद पुलिस कार्मिकों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जीआरपी, अग्निशमन सेवा, यातायात, एटीएस, की कुल 12 टुकड़ियां शामिल थी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री और पूर्व आईपीएस असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पांडेय, आदि उपस्थित रहें।



सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस पर स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सलामी देते मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार व अन्य अधिकारी।

### दो बेटों को बनाया सिपाही, एक हुआ शहीद

बिजनौर चांदपुर निवासी जसवंत सिंह के बेटे रोहित पर खनन माफिया ने गाड़ी चढ़ा दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। जसवंत सिंह बताते हैं कि उनके दोनों बेटे यूपी पुलिस में सिपाही हैं। छोटे बेटे की मौत की सूचना बड़े बेटे सचिन के मोबाइल पर आई थी। पिता जसवंत सिंह ने कहा कि अगर और बेटा होता तो उसका भी पुलिस में भेज देता।

### 115 शहीदों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ की सहायता

पुलिसकर्मियों, केंद्रीय अर्ध सैनिक बल और भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीदों के आश्रितों को 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण करते हुए 30.56 लाख रुपए दिए गए। पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12.60 करोड़, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण 5.05 करोड़, जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों को 9.08 करोड़ रुपए, कैशलेस उपचार के तहत 31.16 लाख रुपये, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि से 53.30 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।

## यौन शोषण के आरोपी प्रिंसिपल को जमानत देने से किया इनकार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन शोषण के आरोप में बुलंदशहर के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में 9 से 13 वर्ष के बीच की बच्चियों का यौन शोषण करने वाले अभियुक्त को जमानत देने के लिए उपयुक्त आधार नहीं दिखाई देता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने प्रताप सिंह की याचिका को आधारहीन पाकर खारिज करते हुए पारित किया।

आरोपी के खिलाफ आईपीसी, पॉक्सो और एससी/एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन अरनिया, बुलंदशहर में मामला दर्ज है। अभियुक्त पर आरोप है कि वह छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करता था और उन्हें अपने मोबाइल पर 'अश्लील' सामग्री दिखाता था। आरोपियों के कथित कृत्यों के कारण ओबीसी और एससी वर्ग की 6 बच्चियों ने स्कूल छोड़ दिया। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अभियुक्त खांसी और सांस लेने की समस्या से पीड़ित है, इसलिए उसे 10 से 25 मार्च 2024 (वह अवधि, जिसके दौरान घटना घटित हुई है) के बीच आराम करने की सलाह दी गई थी। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि आरोपी द्वारा प्रस्तुत किए गए चिकित्सा प्रमाण पत्र फर्जी हैं और उसे बाद में प्राप्त किया गया है।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 25 को कांफ्रेंस

**कानपुर, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन बिल के विरोध में शहर के ऐतिहासिक मदरसा जामे उलूम पटकापुर में 25 अक्टूबर को तहफ्फुज औकाफ कांफ्रेंस आयोजित करने की घोषणा की है। इसमें बोर्ड के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य शिरकत करेंगे। अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी करेंगे। आयोजक मदरसा जामे उल उलूम के मोहतमिम मोहीउद्दीन खुसरू ताज ने बताया कि मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर में 25 अक्टूबर को शाम 6 बजे से तहफ्फुजे औकाफ कान्फ्रेंस होगी। इसमें पर्सनल ला बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी, जामिया अरबिया हथौरा बांदा के मौलाना सैयद हबीब अहमद बांदवी, दारूल उलूम नदवतुल उलेमा लखनऊ के मौलाना सैयद जाफर मसूद नदवी और मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली आदि आएंगे।

# बिना लीज डीड, नक्शा पास कराए चल रहे उद्योगों पर होगी कार्रवाई

### औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ने की यूपीसीडा के विकास कार्यों की समीक्षा

- बरेली, लखनऊ, आगरा, कानपुर आदि जिलों की जानकारी न मिलने पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को पिकप भवन में उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। चेतावनी दी कि बिना लीज डीड और नक्शा पास कराए चल रहे उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

नंदी ने बैठक में उद्योगों के लिए लैंड बैंक बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी वाला राज्य बनाने के लिए उद्योगों के विकास के लिए उद्यमियों को भूमि का आवंटन करें। कहा कि इस वर्ष 50 हजार एकड़ भूमि अधिग्रहित करने और 25 हजार एकड़ भूमि उद्योगों को स्थापित करने के लिए आवंटित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है। जिसके लिए अभी से लग जाएं। साथ ही पुरानी जमीन के अलाटमेंट का प्रयास करें।

मंत्री ने बैठक में आगरा, कानपुर, बरेली, लखनऊ, वाराणसी, झांसी के साथ ही सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिना लीज डीड के और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के बारे में जब पूछा, तो कोई भी क्षेत्रीय प्रबंधक जवाब नहीं दे सका। जिस पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया कि इस तरह की लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सख्ती के साथ कार्य करें और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को लम्बित जांचों को दो माह में पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए। आईजीआरएस पर आ रही शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मंत्री नंदी ने प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अभी भी बड़ी संख्या में फैक्ट्रियों के बंद होने और उनकी जमीनें खाली पड़े होने पर नाराजगी जताई। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधकों को चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही कत्तई बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसी जमीनों का उपयोग करने के लिए उद्यमियों को बाई बैक पॉलिसी की जानकारी दी जाए और री-एलाटमेंट कराने का भी प्रयास किया जाए।

## भदोही में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या

**भदोही, एजेंसी:** जिले में एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल चौराहे पर स्थित इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह (56), अमिलौरी गांव स्थित अपने घर से कार में सवार होकर निकले थे तभी घर से दो सौ मीटर की दूरी पर पूर्वाह्न करीब 10 बजे मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने कार के टायर पर गोली चला दी।

उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्होंने कार के पास पहुंचकर सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार प्रधानाचार्य को करीब 10 गोलियां मारी गईं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिंह को पास के एक सरकारी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## जिलाधिकारी का फोन मिला स्विच ऑफ, कोर्ट ने किया तलब

- हाईकोर्ट की लखनऊ बैंच ने डीएम हरदोई से मांगा स्पष्टीकरण

**लखनऊ, विधि संवाददाता:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा यह बताने पर कि निर्देश प्राप्त करने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी, हरदोई को फोन किया लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ आ रहा है, जिलाधिकारी को तलब कर लिया है। न्यायालय ने मंगलवार को सवा दस बजे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होकर उन्हें यह बताने को कहा है कि ऐसी क्या परिस्थितियां थीं कि सरकारी वकील के काफी प्रयास के बावजूद उनसे संपर्क नहीं किया जा सका।

न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव (गृह) को भी दी जाए। यदि उनका फोन भी स्विच ऑफ हो तो मुख्य सचिव को इस आदेश की जानकारी दी जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने हरदोई के नजाकत अली की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किय। याचिका में आठ महीने से आवेदन देने के बावजूद याची के एक्सप्लोसिव लाइसेंस के नवीनीकरण न होने का मुद्दा उठाया गया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को न्यायालय ने सरकारी वकील को जिलाधिकारी से निर्देश प्राप्त कर अवगत कराने को कहा कि याची के लाइसेन्स के नवीनीकरण पर निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

इसके साथ ही मामले को लंच के बाद सुनवाई के लिए रख दिया। दोबारा सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने बताया कि जिलाधिकारी का फोन स्विच ऑफ आ रहा है। इस पर न्यायालय ने कहा कि यह वास्तव में एक दुखद स्थिति है कि एक जिले का मुखिया फोन स्विच ऑफ रख के काम कर रहा है। यह समझ से परे है कि यदि कोई आपात स्थिति आ जाय तो जिलाधिकारी से कोई कैसे संपर्क करेगा।

## हेड कांस्टेबल से दुष्कर्म के आरोपी को जेल

**कानपुर, अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में अयोध्या में तैनात महिला हेड कांस्टेबल छुट्टी लेकर करवा चौथ त्योहार मनाने के लिए रविवार देर शाम घर आ रही थी। इस दौरान गांव बुधेड़ा निवासी कल्लू उर्फ धर्मेन्द्र ने रात में रास्ते में उसे मारापीटा और और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिला अयोध्या में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात 26 वर्षीय महिला ने दर्ज एफआईआर में बताया कि करवा चौथ पर पूजा करने के लिए वह शनिवार शाम 7 बजे सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के एक गांव स्थित घर आ रही थी। रास्ते में कल्लू उर्फ धर्मेन्द्र निवासी बुधेड़ा सेन पश्चिम पारा उसे घसीटते हुए खेत में ले गया और बाल पकड़कर घसीट कर गिरा दिया। वह पीटने लगा और दुष्कर्म किया। उसने आत्मरक्षा करते हुए आरोपी की अंगुली अपने दांतों से काट ली। इस दौरान मारपीट में दांत टूट गया।

## धर्म दर्शन

### वरुण एक नियामक देवता

वरुण एक नियामक देवता हैं, जो पाप कर्मियों को अपने पाश मे बांधते हैं। उन्हीं का आवाहन करते हुए ऋषि कहते हैं, देवताओं में बली राजा वरुण देव प्रकाशित हैं। उनकी इच्छा ही सत्य है, तथापि हम दैवी ज्ञान के बल पर पीड़ित व्यक्तियों को उनके प्रकोप से स्तुतियों द्वारा बचाते हैं। हे सर्वज्ञ वरुण देव! आप हमारे सभी दोषों को भली-भांति जानते हैं। जनमानस को बोध हो रहा है कि देवत्व की शरण में पहुंचकर, सद्गुणों को अपनाकर ही सुखी और दीर्घ जीवन प्राप्त हो सकता है। हे पीड़ित मानव! तुमने अपनी वाणी का दुरुपयोग करते हुए असत्य और पाप वचन बोलकर अपनी गरिमा का हनन किया है। सर्वसमर्थ वरुण देव के अनुग्रह से इस दुखद स्थिति से मैं तुम्हें मुक्त करता हूं।

सुगम प्रसव हेतु पूषा देवता का आवाहन करते हुए ऋषि कहते हैं, हे अखिल विश्व के पोषक पूषा देवता! हम अपनी हवि आपको समर्पित करते हैं। आप इस प्रसूता की सहायता करें। द्युलोक एवं भूमि को चारों दिशाएं घेरे हैं। दिव्य पंचभूतों ने इस गर्भ को धारण किया हुआ है। वे ही इसे आवरण से मुक्त करें। हे प्रसूता! निर्विघ्न प्रसव के लिए गर्भ मार्ग, योनि एवं नाड़ियों को विशेष प्रकार से खोलता हूं। मां व बालक को नाल से अलग करता हूं। 'जेरी' (जल मे स्थित सेवार घास जैसे जाल) से शिशु को अलग करता हूं। जेरी पूर्णरूपेण पृथ्वी पर गिर जाए। जिस प्रकार वायु वेग पूर्वक प्रवाहित होती है, पक्षी जिस वेग से आकाश में उड़ते हैं एवं मन जिस तीव्र गति से विषयों में लिप्त होता है, उसी प्रकार दसवें माह गर्भस्थ शिशु जेरी के साथ गर्भ से मुक्त होकर बाहर आए। संधि रोग नाशक सूर्यदेव की प्रार्थना करते हुए ऋषि कहते हैं, जरायु से उत्पन्न शिशु की भांति बलशाली सूर्यदेव वायु के प्रभाव से मेघों के बीच से प्रकट होकर हमारे शरीरों को हर्षित करते हैं। वे सीधे मार्ग से बढ़ते हुए अपने एक ही ओज को तीन प्रकार से प्रसारित करते हैं। (सूर्य का ओज- प्रकाश, ताप तथा चेष्टा के रूप में अथवा शरीर में त्रिधातुओं को पुष्ट करने वाले के रूप में सक्रिय होता है)।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अपनी ऊर्जा से अंग-प्रत्यंग में व्याप्त हे सूर्यदेव! स्तुतियों एवं हवि द्वारा हम आपका और आपके समीपवर्ती देवों का अर्चन करते हैं, जिसके शरीरस्थ जोड़ों को रोगों ने ग्रसित कर रखा है, उसके निमित्त भी हम आपको पूजते हैं। हे आरोग्यदाता सूर्य देव! आप हमें सिर दर्द एवं खांसी की पीड़ा से मुक्त करें। संधियों में घुसे हुए रोगाणुओं को नष्ट करें। वर्षा, शीत एवं ग्रीष्म ऋतुओं के प्रभाव से उत्पन्न होने वाले वात, पित्त कफ जनित रोगों को दूर करें। इसके लिए हम अनुकूल वातावरण के रूप में पर्वतों एवं वनौषधियों का सहारा लेते हैं। हमारे समस्त शरीर को आरोग्य लाभ प्राप्त हो।

### ओंकार का महत्व

यजुर्वेद के मंत्र "ओम खं ब्रह्म" (सबका रक्षक ब्रह्म परमेश्वर है, जो आकाश के समान सर्वत्र व्यापक है)। में यदि 'ॐ' (ओम) को सर्वव्यापी कहा गया है तो अथर्ववेद का कथन है कि:- "प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे ।/यो भूतःसर्वस्य ईश्वरो यस्मिन् सर्व प्रतिष्ठितम्।।"

अथर्ववेद के इस मंत्र में संसार के समस्त जीव जगत एवं पदार्थों के स्वामी के रूप में ईश्वर को नमन का उल्लेख है। मनुस्मृति में इसका समर्थन है। मांडूक्य उपनिषद् में इसकी विस्तृत व्याख्या है, जिसमें कहा गया है कि इस संसार में भूत, भविष्य और वर्तमान काल और इनसे से भी परे हर समय हर स्थान पर विद्यमान रहने वाला 'ॐ' है अर्थात यह ब्रह्मांड में सदा से रहा और भविष्य में भी आवश्य ही रहेगा। छान्दोग्य उपनिषद में यह शब्द परब्रह्म का प्रतीक है। याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा गया है:-"यथा पर्ण पलाशस्य शंकुनैकेन धार्य्यते। तया जगदिद सर्वमोकारेणैव धार्य्यतै ।।" अर्थात जैसे पलाश का पत्ता एक तिनके से उठाया जा सकता है, उसी प्रकार यह संपूर्ण विश्व ओंकार से धारण किया जाता है।

श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 17 वें अध्याय में वर्णित है कि-"ओंकाराश्चायश्ब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।/कण्ठं भित्वाविनिर्गातो तस्द मांगलिकावुभौ।। तस्मादोमित्युदाहृत्य यग्यदानतपः क्रियाः।/प्रवर्तन्ते विधामोक्ताः सत्यं ब्रह्मवादिनाम्।।" अर्थात ओंकार और अथ दोनों शब्द ब्रह्मा के कंठ का भेदन करके निकले, इसलिए दोनों ही मांगलिक हैं। इसलिए ओम का उच्चारण कर ब्रह्मवादी लोग विधिपूर्वक निरंतर योग्य, दान और तप करके क्रिया आरंभ करते है। गीता में अंयत्र यह भी कहा गया है कि जो व्यक्ति 'ॐ' का उच्चारण करते हुए प्राण त्याग करता है, उसको परमगति मिलती है। योगी जन ओंकार का उच्चारण बहुत देर तक घंटा ध्वनि के बीच प्रात् स्वर में देर तक ओम की ध्वनि के साथ करते हैं, इसी को "उद्गीथ" कहा जाता है। इस स्वयं उत्पन्न ओम की ध्वनि को 'अनहद नाद' अथवा ईश्वर का नाद (ध्वनि) भी कहते हैं।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

महादेवी पार्वती और भगवान शिव के प्रश्न और उत्तर के रूप में बहुत कम उपलब्ध मंत्र-संग्रह ग्रंथ "कामधेनु तंत्र" तथा 'तंत्र शास्त्र' से सुप्रसिद्ध इतिहास कार डॉ राज बली पांडेय ने 'ॐ' के धार्मिक माहात्म्य उल्लेख किया है- "ओंकार चञचलापाड्गि पंचदेवमयं सदा। रक्तविद्युत्लताकार त्रिगुणात्मानमीश्वरम्।। पंचप्राणमयं वर्ण नमामि देवमातरम्। एतद् वर्ण महेशानि स्वयंकुण्डली।।" स्पष्ट है स्वयं महादेव शिव ने पार्वती जी के प्रश्न के उत्तर मे ओंकार को चंचल अंगों से युक्त, पंचदेवमय, विद्युत प्रकाश के समान रक्त वर्ण वाला, पांच प्राणों से युक्त वेदमाता को प्रणम्य या माननीय बताया है।


## वर्ग पहेली-229

**बाएं से दाएं**

2. 1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।
5. 1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।
7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।
8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।
3. 1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।
4. 1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।
6. 1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव; विस्तार; प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



### वर्ग पहेली -228 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | ■ | ■ | 2 जृं |
| प | ■ | ■ | 3 अ | ■ | भ |
| ती | ■ | 4 अ | कृ | प | ण |
| ■ | ■ | ■ | षि | ■ | ■ |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | ■ | 7 डा |
| ■ | रा | ■ | ■ | ■ | ब |
| 8 सं | वा | द | ■ | ■ | र |

### सुडोकू-142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 8 | | 5 | 7 | | 2 |
| | 5 | | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 3 | | 4 | | 6 | |
| | | 6 | | 4 | 1 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | | 2 | 7 | | 9 | | |
| | 9 | | 5 | | 7 | | | 1 |
| | | 7 | 1 | | | | 4 | |
| 1 | | 8 | 4 | | 2 | 3 | | |

### सुडोकू - 141 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 22 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 23 अक्टूबर 01.28 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 23 अक्टूबर 05.58 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज परिवार में शुभ कार्यों का आयोजन होगा। यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आप काफी भाग्यशाली रहने वाले हैं। दैनिक दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

**वृष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार प्राप्त हो सकते हैं। आपको बड़े काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। धर्म-कर्म में आप काफी रुचि लेंगे। जीवनसाथी की बातों पर गुस्सा न करें। खानपान में असंतुलन की वजह से मुख में छाले पड़ सकते हैं।

**मिथुन:** आज व्यवहार में सदैव पारदर्शिता बनाए रखें। गुप्त अनुसंधानों पर आपकी विशेष रुचि रहेगी। आपका कोमल स्वभाव आपके लिए परेशानी खड़ी करेगा। कार्यक्षेत्र में नए कर्मचारियों पर ज्यादा विश्वास न करें। छोटी बातों पर तनाव लेना उचित नहीं है।

**कर्क:** आज कारोबार में प्रगति होती रहेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपका मूड रोमांचक कार्यों की तरफ बार-बार प्रवृत्त होता रहेगा। स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे लोगों को संभलकर निवेश करना चाहिए अन्यथा बड़ा आर्थिक घाटा हो सकता है।

**सिंह:** आज मानसिक तनाव में कमी आएगी। आप खुले विचारों के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। आप अपने कार्यों को बड़ी सरलता और स्पष्टता से करें, जिसके कारण आपकी परेशानियां दूर होगी।

**कन्या:** आज आप अपनी योजनाओं से दूसरों को अचंभित करने में लगे रहेंगे। भूमि संपत्ति को लेकर बड़े सौदे कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न लें। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को काम ज्यादा करना पड़ेगा। आपका दिमाग अस्थिर रहेगा।

**तुला:** आज प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रुख सहयोगात्मक रहेगा। आत्मविश्वास और पराक्रम में वृद्धि होगी। बीमा आदि से धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें। वाणी में उग्रता के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज वैवाहिक संबंधों में सुधार होने की संभावना बन रही है। आप जिन भी योजनाओं पर काम करेंगे वह सफल होगी। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर काम करेंगे तो सफलता सुनिश्चित है। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**धनु:** आज करियर उच्च शिक्षा की दृष्टि से उत्तम रहेगा। परिजनों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आप मित्रों के साथ घूमने जा सकते हैं। किसी भी तरह का आर्थिक निवेश सोच-समझकर ही करें। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आपका अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है।

**मकर:** आज आपको अपने आप पर भरोसा रखना चाहिए। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहने वाले हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए बेहतरीन समय है। किसी पुराने प्रोजेक्ट्स में परेशानी हो सकती है। सेहत थोड़ी नरम-गरम रहेगी।

**कुंभ:** आज अपने काम करने के तरीके में बदलाव न करें, जो जैसा चल रहा है चलने दें। बुद्धिजीवियों के बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपनी समस्याओं को जीवनसाथी से शेयर करें समाधान अवश्य मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन:** आज पुरानी घटनाएं दोबारा आपके सामने यथारूप में सामने आ सकती हैं। आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी सफलता से काफी लोग निराश रहेंगे। किसी विदेशी स्थान की यात्रा हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
विरोध — सुबह: 09.21
दिल्लगी — रात: 08.55

&pictures:
एक विवाह ऐसा भी — सुबह: 11.17
क्रू — रात: 08.00

Sony Pix:
टर्मिनेटर सैल्वेशन — सुबह: 10.18
द रेड 2 — रात: 09.00

Zee Cinema:
धमाल — सुबह: 11.40
भोला — रात: 08.00

Zee Action:
मैं हूं दुर्गा — सुबह: 10.12
दबंग 2 — रात: 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात: 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2460, राज श्री 1710, फ़ॉर्चून कि. 2145, रविन्द्रा 2335, फॉर्चुन ली. 1965, जय जवान 1930, सचिन 2010, सूरज 1955, अवसर 2055, राग गोल्ड 2125, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2250, स्वास्तिक 2430 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 ।चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी- डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 974 (अनुमानित) |

# त्योहार के दौरान मांग बढ़ने से निजी निवेश में तेजी के संकेत

## आरबीआई बुलेटिन के अनुसार - विकास की गति को मिल रहा घरेलू समर्थन

मुंबई, एजेंसी

- लेख अनुसार- वित्तीय क्षेत्र मजबूत बही-खाते के साथ संसाधनों से लैस होकर निवेश के लिए तैयार



कारोबार को लेकर बढ़ती उम्मीद और मौजूदा त्योहारों पर उपभोग मांग बढ़ने से निजी निवेश में उत्साहजनक संकेत देखने को मिल रहा है। देश के वृद्धि परिदृश्य को विकास को गति देने वाले घरेलू इंजन से समर्थन मिल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोमवार को जारी अक्टूबर के बुलेटिन में यह कहा गया है।

बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही में जो अस्थायी नरमी दिखी है, देश में कुल मांग इससे पार पाने को तैयार है। इसका कारण त्योहारी मांग में तेजी और उपभोक्ता भरोसे में सुधार है। वहीं कृषि में सुधार के साथ ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। लेख अनुसार खपत मांग में तेजी के संकेतों और कारोबार को लेकर बढ़ती उम्मीद से निजी निवेश में तेजी आनी चाहिए। मजबूत बही-खाते के साथ वित्तीय क्षेत्र संसाधनों से लैस होकर निवेश को लेकर तैयार है। इसके साथ सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर है। इससे कुल मिलाकर निवेश का दृष्टिकोण उज्ज्वल दिखाई देता है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 की पहली छमाही में मजबूत रही। मुद्रास्फीति में गिरावट से घरेलू खर्च को समर्थन मिला। लेख में कहा गया है कि मौद्रिक नीति में नरमी के बीच वृद्धि की स्थिर गति ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण विषय बन रही है। वैश्विक स्तर पर जारी तनाव के बावजूद, भारत के वृद्धि परिदृश्य को मजबूत घरेलू इंजन से समर्थन मिल रहा है। कुछ महत्वपूर्ण आंकड़ों में 2024-25 की दूसरी तिमाही में नरमी देखी गयी है।

# शेयर बाजार में लिस्टिंग : नई संभावनाओं की उम्मीद

शेयर बाजार में लिस्टिंग एक कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उसे सार्वजनिक रूप से व्यापार करने की अनुमति देती है। यह प्रक्रिया कंपनी को पूंजी जुटाने, ब्रांड प्रतिष्ठा बढ़ाने और निवेशकों के लिए तरलता प्रदान करने का अवसर देती है। सही रणनीति और नियामक अनुपालन के साथ लिस्टिंग कंपनियों को नए अवसरों और विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती है। आइए, हम जानें इस प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं और इसके लाभों के बारे में।



### लिस्टिंग की प्रारंभिक तैयारी

- **आंतरिक मूल्यांकन :** कंपनी अपने वित्तीय स्वास्थ्य, व्यापार मॉडल, और बाजार में स्थिति का मूल्यांकन करती है।
- **कानूनी और वित्तीय सलाह :** कंपनियां आमतौर पर कानूनी और वित्तीय सलाहकारों की मदद लेती हैं।
- **डॉक्यूमेंटेशन करना :** कंपनी को विस्तृत दस्तावेज़, जिसे प्रॉस्पेक्टस कहा जाता है, तैयार करना होता है। इसमें वित्तीय स्थिति, संचालन और योजनाएं शामिल होती हैं।
- **अनुपालन :** कंपनी को विभिन्न नियामक आवश्यकताओं का पालन करना होता है, जैसे कि सेबी के नियम।
- **मार्केटिंग- इन्वेस्टर मीटिंग्स :** कंपनी निवेशकों के साथ मीटिंग्स करती है ताकि वे अपने व्यवसाय और प्रस्तावित लिस्टिंग के बारे में जानकारी साझा कर सकें।
- **आईपीओ :** लिस्टिंग के लिए अक्सर एक प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की आवश्यकता होती है, जिसमें कंपनी अपने शेयरों को पहली बार निवेशकों के लिए पेश करती है।

**अगर सभी प्रक्रियाएं सफल होती हैं, तो कंपनी के शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होते हैं, जैसे कि एनएसई ( नेशल स्टॉक एक्सचेंज) या बीएसई (बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज)।**

### लिस्टिंग से लाभ

- **पूंजी जुटाना :** लिस्टिंग से कंपनी नए निवेशकों से धन जुटा सकती है, जिससे वे विस्तार के लिए वित्तीय संसाधन प्राप्त कर सकते हैं।
- **ब्रांड प्रतिष्ठा :** लिस्टेड कंपनियां अधिक विश्वसनीय होती हैं, जिससे उन्हें ग्राहकों में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है।
- **तरलता :** लिस्टेड शेयरों को खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों के लिए निवेश को परिवर्तित करना आसान होता है।
- **प्रेरणा :** कर्मचारियों और प्रबंधन के लिए स्टॉक विकल्प प्रदान करके कंपनी उन्हें प्रेरित कर सकती है।

### लिस्टिंग के प्रकार

**प्राथमिक लिस्टिंग :** जब कंपनी पहली बार अपने शेयरों को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करती है।

**द्वितीयक लिस्टिंग :** जब कोई लिस्टेड कंपनी दूसरे एक्सचेंज पर शेयरों को सूचीबद्ध करती है।

**चुनौतियां-पारदर्शिता :** लिस्टेड कंपनियों को अपनी वित्तीय रिपोर्ट्स और अन्य जानकारी को नियमित रूप से साझा करना होता है, जो कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## मुइज्जू ने यूपीआई सेवा को उठाए जरूरी कदम

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने द्वीपसमूह देश में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को पेश करने को जरूरी कदम उठाए हैं, जिससे मालदीव की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की उम्मीद है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूपीआई मोबाइल फोन के जरिये अंतर-बैंक लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए भुगतान प्रणाली है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, मुइज्जू ने यूपीआई शुरू करने को एक संघ का गठन किया है। ट्रेडनेट मालदीव कॉर्पोरेशन लिमिटेड को अग्रणी एजेंसी नियुक्त किया है।

# जीवामृत से लगाई ड्रैगन की बगिया, जल्द अन्य जिलों में पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में अमेरिका के ड्रैगन फल की पैदावार किसान करेंगे। इसकी पहल लखनऊ के बालागंज के प्रगतिशील किसान ओम प्रकाश मौर्या ने अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक स्थित पहाड़पुर गांव से की है। इन्होंने 2022 में गुजरात से ड्रैगन के पौधे मंगाकर एक बीघे में पांच लाख रुपये की लागत से बगिया लगाई थी, जो जीवामृत के प्रयोग से तैयार करके फल बेचकर कमाई करते हैं। इस वर्ष ड्रैगन फल की पैदावार बढ़ाने को नर्सरी लगाकर कृषि विज्ञान केंद्र के साथ कन्नौज, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी समेत अन्य जिलों के किसानों को पौध बेची है। इसे लगाने का तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया है।



ड्रैगन फल दिखाते ओम प्रकाश मौर्या।

- प्रगतिशील किसान ने फलों की बिक्री के साथ नर्सरी लगाकर बांटे पौधे
- प्रदेश में रकबा बढ़ाने की पहल किसानों को दे रहे प्रशिक्षण

### इम्यूनिटी बढ़ाने और डेंगू से बचाने में कारगर है फल

ओम प्रकाश बताते हैं कि यह औषधीय फल है। जो इम्यूनिटी और खून बढ़ाता है। डेंगू होने पर इसके सेवन से प्लेटलेट्स कम नहीं होते हैं। इस वजह से खूब मांग है। वह फल की बिक्री बालागंज स्थित अपनी दुकान और गोमती नगर स्थित किसान बाजार से करते हैं। इस बार डेंगू की वजह से लखनऊ समेत आसपास जिलों में फल खूब बिका है। मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पाए हैं। जुलाई से अगस्त तक फल और पौधों की बिक्री से एक लाख रुपये कमाए हैं। इनके अलावा बाराबंकी, शाहजहांपुर, कौशांबी में एक-दो किसान ड्रैगन की पैदावार करते हैं। इसका और रकबा बढ़ेगा।

### सीमेंट के पिलर और टायर में लगते पौधे

ड्रैगन के पौधे सात फीट सीमेंट के पिलर में लगाए जाते हैं। जो पिलर के सहारे ऊपर की तरफ बढ़ते है और टायर के अंदर से निकलर नीचे की तरफ फैलते हैं। इससे पौधे की बढ़वार होने पर फल आते हैं। यह पौधे 25-30 साल तक चलते हैं और एक साल में 45-45 दिन में सात बार फल आते हैं। इसकी कीमत 200 रुपये किलो तक रहती है।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन

नई दिल्ली, एजेंसी



- पोर्टल से पंजीकरण प्रक्रिया बनेगी आसान और अधिक पारदर्शी

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को पोर्टल ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन जारी किया। इस पोर्टल से पंजीकरण प्रक्रिया आसान और अधिक पारदर्शी बनेगी। मांडविया ने पोर्टल जारी करते हुए कहा कि हर दिन 60,000 से 90,000 कर्मचारी ई-श्रम प्लेटफॉर्म से जुड़ रहे हैं। ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इसका प्राथमिक उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना और सरकारी कल्याण योजनाओं तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना है। यह प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले कई लाभों से जोड़ेगा और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान और अधिक पारदर्शी बनाएगा।

## राष्ट्रीय

# हरियाणा चुनाव ने स्थिरता की अभिव्यक्ति को दी मजबूती

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम कर रही

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने स्थिरता की उस अभिव्यक्ति को और मजबूत किया है, जिसे केंद्र में उनके नेतृत्व वाली सरकार को लगातार तीसरी बार मौका देकर जनता ने व्यक्त किया था।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब महाराष्ट्र और झारखंड में विस चुनावों की घोषणा हो चुकी है और राजनीतिक दल प्रचार अभियान को धार देने में जुटे हुए हैं। एक सम्मेलन में मोदी ने कहा कि उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम कर रही है और दुनिया में जारी संघर्षों व उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण है। भारत को एक उभरती शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के पास एस्पिरेशनल इंडिया (एआई यानी आकांक्षी भारत) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई यानी कृत्रिम बुद्धमत्ता) के दोहरे लाभ है और जब दोनों की ताकत मिलती है तब विकास की गति भी तेज होना स्वाभाविक है। मोदी ने कहा कि भारत संकट के समय का साथी है और कोविड महामारी के दौरान भेजे गए जीवनरक्षक टीके इसका उदाहरण हैं। मोदी ने कहा कि चुनौतियां भारत के सामने भी हैं लेकिन इसमें सकारात्मकता की एक भावना है और जिसे सभी भारतवासी महसूस भी करते हैं। भारत इतिहास में वैश्विक विकास की ताकत रहा है, लेकिन भारत ने गुलामी भी देखी और औद्योगिक क्रांतियों का लाभ नहीं उठा पाया। अब, यह उद्योग 4.0 का समय है और हम तैयार हैं क्योंकि अब हम गुलाम नहीं हैं।



नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### भारत एक उभरती हुई शक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकासशील देश होने के साथ उभरती हुई शक्ति भी है। हम गरीबी की चुनौतियां भी समझते हैं और प्रगति का रास्ता बनाना भी जानते हैं। हमारी सरकार तेजी से नीतियां बना रही है, निर्णय ले रही है, सुधार कर रही है। आज भारत हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में जिस तेजी से काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। भारत की गति, भारत का पैमाना अप्रत्याशित है। विकसित भारत की अवधारणा जन चेतना का हिस्सा बन गई है और जन शक्ति राष्ट्र शक्ति को शक्ति प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 125 दिनों में किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब भारत दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है और यह 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प में भी दिखता है। उन्होंने कहा, भारत की सोच और दृष्टिकोण में आए बदलाव पर आप भी ध्यान देते होंगे।

# प्रधानमंत्री की डिग्री पर टिप्पणी: गुजरात में केजरीवाल के खिलाफ समन बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने रद की याचिका मानहानि मामले में जारी किया समन

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका सोमवार को रद रिज कर दी, जिसमें उन्होंने मामले में जारी समन को रद करने से इनकार करने के गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

गुजरात की मेट्रोपोलिटन अदालत ने केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह के प्रधानमंत्री की शैक्षणिक डिग्रियों से जुड़े बयानों पर मानहानि मामले में दोनों को समन जारी किया था। हाईकोर्ट ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मोदी की डिग्रियों के बारे में सूचना देने के लिए मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के आदेश को रद किया था। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय के पंजीयक पीयूष पटेल ने टिप्पणियों पर नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की एक अलग पीठ ने इसी मामले में आप नेता संजय सिंह की याचिका को आठ अप्रैल को खारिज किया था। पीठ ने कहा कि हम मौजूदा याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहेंगे। इसे खारिज किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी दलीलों पर मुकदमे में निर्णय लिया जा सकता है और वह मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं दे रहा है। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि मामले में पटेल पीड़ित पक्ष नहीं हैं। अगर बयान मानहानिकारक था, तो आपराधिक मानहानि का मामला मोदी को दायर करना चाहिए था न कि गुजरात विवि के पंजीयक को। विवि की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की अलग पीठ ने आठ अप्रैल को सिंह की याचिका रद किया है। सिंघवी ने कहा कि मानहानि का कोई मामला नहीं बनता है। केजरीवाल ने महज पूछा कि विवि मोदी की डिग्री प्रकाशित क्यों नहीं कर रहा है। बहरहाल, पीठ ने केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी।

# स्टांप ड्यूटी बढ़ने से मध्यस्थता में बढ़ेगा खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाराष्ट्र सरकार की ओर से स्टांप ड्यूटी बढ़ाने पर विशेषज्ञ की राय

महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्टांप ड्यूटी बढ़ाने के निर्णय पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। महाराष्ट्र ने अपने स्टांप अधिनियम में संशोधन किया है, जिससे 15 अक्टूबर से कानूनी दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क बढ़ गया है। इस बदलाव से राज्य को भले ही अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है लेकिन इससे व्यवसायों की लागत बढ़ सकती है, खासकर मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) का विकल्प चुनने वालों के लिए। बढ़े हुए शुल्क से छोटे उद्यम के विवादों को सुलझाना महंगा पड़ सकता है। विशेषज्ञों को डर है कि इससे मध्यस्थता वित्तीय रूप से कम व्यवहारिक हो जाएगी।

इंडिया लॉ हाउस के पार्टनर और अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी का कहना है कि इस संशोधन के पीछे मुख्य उद्देश्य राज्य के राजस्व में वृद्धि करना है, लेकिन इससे व्यवसायों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा। मध्यस्थता के मामले में, यह बदलाव छोटे उद्यमों के लिए वित्तीय बोझ बढ़ा सकता है, जिससे वे मध्यस्थता का विकल्प चुनने से पीछे हट सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेई का इस संबंध में कहना है कि यह कदम सरकार के राजस्व वृद्धि के लक्ष्यों के अनुरूप हो सकता है लेकिन इससे मध्यस्थता की लागत बढ़ जाएगी। उनका कहना है कि खास तौर पर छोटे विवादों के लिए, जिसमें बढ़ी लागत के कारण पक्षकार मध्यस्थता का विकल्प चुनने से बचेंगे।

# वक्फ संबंधी समिति की बैठक में नोकझोंक

- अल्पसंख्यक मंत्रालय ने संसदीय समिति की बैठक में सांसदों के सवालों के दिए जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सोमवार को संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में सांसदों के सवालों के जवाब दिए और विस्तृत प्रस्तुति दी, जिस दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने तर्क दिया नए कानून को लेकर मंत्रालय से वर्षों से कभी भी परामर्श नहीं किया गया। वर्ष 1976 में संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल करने को चुनौती के लिए उच्चतम न्यायालय में दायर याचिकाओं का असर भी बैठक पर पड़ा क्योंकि विपक्षी सांसदों द्वारा कुछ वकीलों से बयान लेने के समिति के फैसले पर सवाल उठाने के बाद नोकझोंक भी हुई। भाजपा के एक सांसद ने कहा कि किसी भी प्रस्तावित कानून में सभी भारतीय हितधारक जुड़े हैं और समिति अपने विवेक से किसी को भी मूल्यवान सुझाव देने के लिए बुला सकती है जिसे वह उचित समझे। उन्होंने दावा किया कि वक्फ कानून ने बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय से इतर लोगों को को प्रभावित किया है। याचिका दायर करने वालों में भाजपा सदस्य अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय और विष्णु शंकर जैन शामिल हैं। वे पिछले सप्ताह भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति के सामने पेश हुए थे।

### सांसदों का दावा- मौजूदा कानून को खत्म करने का कोई उल्लेख नहीं

मंत्रालय की प्रस्तुति के दौरान कुछ सांसदों ने दावा किया कि वक्फ अधिनियम में संशोधन के निर्णय के लिए परामर्श के मिनटों में मौजूदा कानून को खत्म करने की जरूरत का कोई उल्लेख नहीं हुआ था। कुछ विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि मंत्रालय ने साल नवंबर में इस मुद्दे पर अपनी आखिरी बैठक में अधिनियम से उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी उपाय सुझाए थे। समिति की सदस्य और भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने पुणे स्थित गैर सरकारी संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का आवेदन सौंपा, जिसमें राज्य वक्फ बोर्ड के 19 ऐसे मामलों के बारे में बताया गया है, जो दूसरों की संपत्तियों पर दावे से जुड़े हैं।

# बंगाल: चिकित्सकों ने ममता के साथ बैठक के बाद वापस ली भूख हड़ताल

कोलकाता, एजेंसी


- राज्य के अस्पतालों में अपनी प्रस्तावित हड़ताल को भी लिया वापस

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के कुछ घंटे बाद आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों ने आरजीकर अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म एवं हत्या की घटना को लेकर सप्ताह भर से जारी भूख हड़ताल सोमवार शाम वापस ले ली। चिकित्सकों ने मंगलवार से राज्य में अस्पतालों में अपनी प्रस्तावित हड़ताल भी वापस ले ली।

आंदोलनकारी चिकित्सक देबाशीष हल्दर ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में हमें कुछ आश्वासन तो मिला, लेकिन सरकार का हाव-भाव सकारात्मक नहीं था। आम लोगों ने दिल से हमारा समर्थन किया है। वे और हमारी मृतक बहन के माता-पिता हमसे अनुरोध कर रहे हैं कि हमारे बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए हम भूख हड़ताल खत्म कर दें। उन्होंने कहा कि इसलिए हम आमरण अनशन और मंगलवार को किये पूर्ण बंद के आह्वान को वापस ले रहे हैं। यह निर्णय चिकित्सकों की बैठक के बाद किया गया।

# चंद्रबाबू नायडू बोले- कम से कम दो बच्चे करें पैदा

अमरावती, एजेंसी



- आंध्र प्रदेश में गिरते जन्म दर पर मुख्यमंत्री ने राज्य की महिलाओं से जनसंख्या स्थिर करने का किया आह्वान

आंध्र प्रदेश में गिरते जन्म दर पर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की महिलाओं से जनसंख्या स्थिर करने के लिए कम से कम दो बच्चे पैदा करने का आह्वान किया है। इस टिप्पणी का कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई ने स्वागत किया है, जबकि सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने इस मामले पर मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण पर सवाल उठाया है। नायडू ने कहा कि दक्षिण भारत में आबादी बूढ़ी हो रही है। प्रत्येक महिला को दो से अधिक बच्चों को जन्म देना चाहिए। चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी जनसंख्या के मुद्दे को उठाया और इसे परिसीमन कवायद से जोड़ा। आंध्र प्रदेश की जन्म दर प्रति महिला 2.1 जीवित जन्मों के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। मुख्यमंत्री ने अमरावती में बैठक के दौरान कहा कि हमें जनसंख्या को प्रबंधित करने की जरूरत है। 2047 तक, हमारे पास जनसांख्यिकीय लाभांश होगा अधिक युवा होंगे।

### अन्य क्षेत्रों का दिया हवाला

नायडू ने कहा भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सभी को अधिक बच्चे पैदा करना अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। यह काम मैं (अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान) न केवल आपके लिए कर रहा हूं, बल्कि राष्ट्र के लिए, व्यापक भलाई के लिए कर रहा हूं। उन्होंने कहा हम कोई भी काम करके पैसा कमा सकते हैं, लेकिन हम तभी काम करेंगे, जब हमारे बच्चे होंगे या जनसंख्या बढ़ेगी। यूरोप, जापान और अन्य क्षेत्रों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ये देश बुजुर्ग होती आबादी की समस्या से जूझ रहे हैं, जहां वृद्धों की संख्या बढ़ रही है और युवाओं की संख्या घट रही है। नायडू ने तर्क दिया कि दक्षिण भारत भी ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहा है।

## विमानों में बम की धमकियों पर विधायी कार्रवाई की योजना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमानों में बम रखे होने की धमकी संबंधी घटनाओं से निपटने के लिए सरकार विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिनमें ऐसी धमकी देने वालों के नाम उड़ान-निषिद्ध सूची में डालना शामिल है। नायडू ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता किए बिना स्थिति से निपटने के प्रयास हो रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में भारतीय विमानन कंपनियों की 100 उड़ानों में बम की धमकियां मिली हैं। सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैर-कानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम-1982 (एसयूएएससीए) में संशोधन करने की योजना बना रही है।

# टीआरएफ ने किया था कश्मीर में हमला

श्रीनगर, एजेंसी

### जिम्मेदारी ली

- गांदरबल में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान
- जांच में मदद करने के लिए एनआईए पहुंची



आतंकियों की तलाश में जुटी टीम। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में निर्माण श्रमिकों पर हमला करने की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छाया समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। आतंकियों ने रविवार शाम को श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर गगनगीर के पास 6.5 किमी लंबी जेड-मोड़ सुरंग का निर्माण करने वाली कंपनी के शिविर को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें एक डॉक्टर और छह श्रमिकों सहित सात लोगों की मौत हो गई थी। हमले में पांच अन्य कर्मचारी घायल भी हुए थे।

उधर, इसके जिम्मेदार आतंकियों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने सोमवार को तलाशी अभियान जारी रखा। अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद पुलिस और सेना ने क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों ने जंगलों में तलाशी के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी तैनात किया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अभियान की निगरानी के लिए गांदरबल में डेरा डाले हुए हैं।

# अब दर्द नहीं, ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में अभी समय : शमी



गुरुग्राम, एजेंसी

- बेंगलुरु में भारत-न्यूजीलैंड का पहला टेस्ट समाप्त होने के बाद नेट पर किया अभ्यास

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन उन्होंने सोमवार को कहा कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और वह अगले महीने शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया के दौरे के लिए अब भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में समाप्त हुए भारत के शुरुआती टेस्ट के बाद उन्होंने नेट पर गेंदबाजी की। हालांकि कुछ दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया था कि उनके घुटने में सूजन है, जिससे पिछले साल लगी टखने की चोट से उबरने के लिए चल रहा उनका रिहैबिलिटेशन प्रभावित हुआ। यूजेनिक्स हेयर साइंसेस के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मैंने कल जिस तरह गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। मैं इससे पहले आधे रन-अप से गेंदबाजी कर रहा था क्योंकि मैं ज्यादा दबाव नहीं लेना चाहता था, लेकिन कल मैंने रन-अप से गेंदबाजी की। पर्थ में 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का जिक्र करते हुए शमी ने कहा कि मुझे अब कोई दर्द नहीं है। हर कोई लंबे समय से सोच रहा है कि मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए जा पाऊंगा या नहीं लेकिन अभी इसमें थोड़ा समय है। रोहित ने कहा था कि वह फिटनेस के कारण शमी को महत्वपूर्ण श्रृंखला के लिए ले जाने के पक्ष में नहीं हैं। शमी ने कहा कि वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य की टीम बंगाल के लिए कुछ मैच खेलना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में सिर्फ यही चीज सुनिश्चित करना है कि मैं फिट रहूं और ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए मैं कितना मजबूत रह सकता हूं। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया में किस तरह के आक्रमण की जरूरत होती है। मुझे मैदान पर ज्यादा समय बिताना होगा। शमी ने कहा कि मैं इससे पहले कुछ रणजी मैच खेलना चाहता हूं।वह इस चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर को 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं।

# दीपिका को मिला पांचवां रजत, धीरज हारे

**तीरंदाजी विश्व कप**

टिलेक्सकला (मैक्सिको), एजेंसी



- फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में मिली थी तीसरी वरीयता

भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्वकप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से हार गई। दिसंबर 2022 में बेटी के जन्म के बाद फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी।

सेमीफाइनल तक दीपिका को दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। विश्व कप में भारत की डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी।

## खेल डायरी

### रोनाल्डो और अल नासर का एसीएल मैच दुबई में

वॉशिंगटन। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं से अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने इसकी जानकारी दी थी। भारत ने इस फैसले पर हैरानी जताई है क्योंकि सात अक्टूबर को एएफसी ने कहा था कि कोलकाता के मोहन बागान क्लब ने ट्रैक्टर एससी के खिलाफ दो अक्टूबर को दूसरी श्रेणी के एएफसी चैम्पियंस लीग दो के मैच के लिये ईरान जाने से इनकार किया था लिहाजा माना जायेगा कि उसने नाम वापिस ले लिया है। सिर्फ अल नासर ही नहीं बल्कि ट्रैक्टर का ताजिकिस्तान के रावशान के खिलाफ घरेलू मैच भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। ईरान और कतर के बीच 15 अक्टूबर का मैच भी कतर से दुबई स्थानांतरित किया गया। मोहन बागान के प्रवक्ता ने कहा कि क्लब ने देखा है कि एएफसी ने आखिरकार माना कि ईरान में सुरक्षा हालात गंभीर है और इसी वजह से कई मैच स्थानांतरित किये गए। मोहन बागान के मामले में भी ऐसा नहीं करने से लगेगा कि एएफसी पक्षपात कर रहा है।

### भारत चैलेंजर स्तर की चार स्पर्धाओं की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी। एआईटीए ने कहा कि एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है। चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नई दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी। एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एआईटीए 2025 सत्र के दौरान देश में और अधिक चैलेंजर प्रतियोगिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारतीय टीम विश्व ब्रिज खेलों में पेश करेगी मजबूत चुनौती

**नई दिल्ली।** विनय देसाई के नेतृत्व में मजबूत भारतीय दल 22 अक्टूबर से तीन नवंबर तक ब्यूनस आयर्स में होने वाले 16वें विश्व ब्रिज खेलों की चार श्रेणियों में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। भारतीय दल में 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रणव बर्धन (सीनियर वर्ग), राजू तालानी और जैग्गी शिवदासानी (ओपन वर्ग) जैसे कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल है। इस प्रतियोगिता के ओपन' वर्ग में 34 जबकि महिला वर्ग में 24 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। इससे क्वालीफाई करने वाली टीमें अंतिम 16 के नॉकआउट चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिताएं ओपन, वरिष्ठ, महिला और मिश्रित श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। भारतीय टीम : ओपन वर्ग : संजीत डे, अजय खरे, बिनोद कुमार साव, जैग्गी शिवदासानी, संदीप ठाकरन, राजू तोलानी, विनय देसाई (कप्तान)। सीनियर : अरुण बीपर, प्रणव बर्धन, बादल चंद्र दास, रबी गोयनका, कमल कृष्ण मुखर्जी, विवस जे, गिरीश ओड (कप्तान)। महिला : पूजा बत्रा, देवी मुथु भटनागर, भारती डे, अलका जैन, अलका क्षीरसागर, आशा शर्मा, अनल शाह (कप्तान)।

### टाटा स्टील शतरंज भारत : कार्लसन लेंगे दूसरी बार हिस्सा

**कोलकाता।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले टाटा स्टील शतरंज भारत के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे का यह खिलाड़ी दूसरी बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे। बुडापेस्ट में हाल ही में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती जैसे युवा भारतीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में निहाल सरीन और एसएल नारायणन भी इसमें भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, डी. हरिका, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल करेंगी। शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद टूर्नामेंट के ब्रांड दूत बने रहेंगे। आनंद ने कहा कि टाटा स्टील शतरंज भारत में वापस आने का इंतजार कर रहा हूं। यह भारत में एक प्रमुख टूर्नामेंट बन गया है।

# ड्रा मैच में यूपी नहीं ले सका बढ़त

## एक अंक से करना पड़ा संतोष, पहली पारी में बढ़त के आधार पर मेहमान हरियाणा को मिले तीन अंक

**रणजी मैच- चौथा दिन**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ : मैच समाप्त होने के बाद एक-दूसरे से हाथ मिलाते यूपी व हरियाणा के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हरियाणा के खिलाफ ड्रा रहे मुकाबले में पहली पारी में पिछड़ने पर यूपी को मात्र एक अंक से संतोष करना पड़ा। धमाकेदार प्रदर्शन करने वाली मेहमान हरियाणा की टीम ने बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। हरियाणा की पहली पारी में 453 रनों के जवाब में यूपी पहली पारी में 364 रन का सफर ही तय कर सकी। हरियाणा के शतकवीर हिमांशु राणा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने पहली पारी में 114 रन बनाया था।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम, लखनऊ में सोमवार को यूपी ने कल के छह विकेट खोकर 267 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने अभी स्कोर में एक रन का इजाफा नहीं किया था कि शिवम शर्मा (15) आउट हो गए। ऑफ स्पिनर जयंत यादव ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। टीम के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था, तभी, शतकवीर और यूपी के कप्तान आर्यन जुयाल आउट हो गए। आर्यन 119 रन के निजी स्कोर पर सुमित की गेंद पर हर्षित राणा को कैच दे बैठे। विप्रज निगम के रूप में यूपी को नौवा झटका लगा। 279 रन के योग पर विप्रज निगम (6) जयंत यादव की गेंद पर कपिल हुड्डा को आसान कैच दिया। इसके बाद यश दयाल और अंकित राजपूत ने लड़खड़ा चुकी यूपी की पारी को संभालने का प्रयास किया और 85 रन की साझेदारी की, लेकिन वह टीम को लीड नहीं दिला सके। 364 रन के योग पर अंकित 40 रन बनाकर तेज गेंदबाज सुमित कुमार की गेंद पर बोल्ड हो गए। यश दयाल ने नाबाद 41 रन बनाये। हरियाणा की ओर से जयंत यादव ने चार विकेट लिये। अमन कुमार, सुमित कुमार और हर्ष पटेल को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद हरियाणा की टीम दूसरी पारी खेलने उतरी। टीम ने तीन विकेट खोकर 72 रन बना लिए थे। इसके बाद दोनों कप्तानों की सहमति से अंपायरों ने मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया। हरियाणा की ओर से मयंक शांल्डिय ने सबसे अधिक 31 रन बनाए। यूपी की ओर से शिवम शर्मा ने दो विकेट लिए।

### मुंबई ने महाराष्ट्र को नौ विकेट से हराकर पूरे अंक लिये

**मुंबई।** पहले मैच में बड़ौदा से मिली करारी हार से उबरते हुए गत चैम्पियन मुंबई ने महाराष्ट्र को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के दूसरे मैच में नौ विकेट से हराकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाया। जीत के लिये 74 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने रविवार को बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिये थे। आयुष म्हात्रे (15) के आउट होने से उसे बोनस अंक नहीं मिल सका। पृथ्वी साव (36 गेंद में 39 रन) और हार्दिक तामोर (26 गेंद में 21 नाबाद) ने 13 .3 ओवर में टीम को जीत तक पहुंचाया। पहले मैच में 42 बार की चैम्पियन मुंबई टीम को बड़ौदा ने 84 रन से हराया था। मुंबई ने महाराष्ट्र को पहली पारी में 126 रन पर आउट करने के बाद 17 वर्ष के म्हात्रे के 176 रन और श्रेयस अय्यर के 142 रन की मदद से 441 रन बनाये। महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में 388 रन बनाये लेकिन वह नाकाफी थे।

# घरेलू टेस्ट मैच में निराशाजनक प्रदर्शन से सिराज पर बढ़ा दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- सिराज को दूसरे टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह बनाए रखने के लिए करना होगा संघर्ष
- टीम में स्पिन गेंदबाजी वाशिंगटन सुंदर को शामिल करना एक संकेत



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम चयन में निरंतरता में विश्वास करते हैं, जिससे घरेलू परिस्थितियों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष करना होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे में शुरू होगा।

टीम में स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को शामिल करना एक संकेत है कि कोच गौतम गंभीर और रोहित स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर उन्हें खिलाना चाहेंगे। हैदराबाद के इस गेंदबाज ने 30 टेस्ट में 80 विकेट लिये है, जिसमें से 61 विकेट दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 17 टेस्ट मैचों में हैं। भारत में उनके नाम 13 मैचों में 192.2 ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 19 विकेट है। यह आंकड़े बताते है कि सिराज उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाजों इतने कारगर नहीं है। बुमराह और शमी के पास किसी भी पिच और परिस्थितियों में विकेट निकालने की क्षमता है। सिराज भारत में इनमें से चार मैचों में एक भी विकेट लेने में विफल रहे है उनमें से दो मैचों में उन्हें क्रमश 10 और छह ओवर ही गेंदबाजी करने को मिले। ये मुकाबले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल इंदौर और दिल्ली में खेले गये थे। सिराज के लिए निराशा की बात यह है कि वह नयी गेंद से विकेट निकालने में विफल रहे हैं जिससे बुमराह पर दबाव काफी बढ़ता जा रहा है। गेंदबाजी कोच ने कहा कि सिराज की गेंदबाजी में भारतीय परिस्थिति के लिए तकनीकी खामियां है। टेस्ट मैचों में गेंद को बल्लेबाज से छह से आठ मीटर की दूरी पर टप्पा खिलाने को टेस्ट मैचों में आदर्श लंबाई मानी जाती है। अलग-अलग देशों में हालांकि उछाल के आधार पर परिस्थितियां अलग होती है।'

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

पल्लेकेले, एजेंसी



श्रीलंका ने वर्षा बाधित वन-डे में वेंस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। रविवार देर रात खेले मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। उसने आठवें ओवर में ब्रैंडन किंग (14) का विकेट गवां दिया। वेस्टइंडीज ने 25 ओवर में 100 रन स्कोर तक 4 विकेट गवांए थे। केसी कार्टी (37), ऐलेक ऐथनेज (10) और शो होप (5) रन बनाकर आउट हुए। शरफेन रदरफोर्ड और रॉस्टन चेज ने धीकी गति से रन बनाए और विकेट बचाया। शरफेन ने नाबाद 77 व रॉस्टन चेज ने नाबाद 33 रन बनाये। बारिश से ओवरों की संख्या घटा दी गई। वेस्टइंडीज ने 38.3 ओवर में 4 विकेट पर 185 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य पाने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी खराब रही और महज 45 रन पर उसके 3 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। अविष्का फर्नाडो (5), कुसल मेंडिस (13) और सदीरा समरविक्रमा (18) रन ही बना सके। सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का और कप्तान चैरिथ असलांका ने पारी को संभाला। श्रीलंका ने महज 31.5 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य पा लिया। चैरिथ असलांका ने सबसे ज्यादा 77 रनों की पारी में आठ चौके और तीन छक्के जड़ें। वहीं निशान ने (69) रन बनाए। जतिन लियागे (18) और कामिंडु मेंडिस (30) रन बनाकर नाबाद रहे।

# यूएई को 7 विकेट से हराकर भारत सेमीफाइनल में



**अल अमरात (ओमान)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (58 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत भारत ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सात विकेट से हराकर इमर्जिंग टीम एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। इससे पहले उसने पाकिस्तान को पहले मैच में सात रन से हराया था। भारत फिलहाल ग्रुप बी में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप गेम में मेजबान ओमान से भिड़ेगा। अभिषेक की पांच चौके और चार छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी और आयुष बडोनी के एक छक्के और एक चौके की मदद से भारत ने 55 गेंद रहते 108 रन का लक्ष्य हासिल करने की औपचारिकता पूरी की। कप्तान तिलक वर्मा ने 18 गेंद में 21 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की टीम 16 .5 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। यूएई ने पहले दो ओवरों में बल्लेबाजों मयंक (10) और आर्यांश शर्मा (1) के विकेट गंवाएं। तेज गेंदबाज रसिख सलाम ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया।

# बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने से प्रदर्शन की छवि हुई प्रभावित : साक्षी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान ने अपनी किताब विटनेस में संघर्षों का किया जिक्र



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब विटनेस में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है। वहीं किताब में साक्षी ने करियर के शुरुआती संघर्षों के अलावा पूर्व पहलवान बबीता फोगाट पर अपने स्वार्थ के लिए प्रदर्शन का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया, जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे। साक्षी की आत्मकथा के जोनाथन सेल्वाराज सह लेखक हैं। इसमें साक्षी ने हालांकि उन लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने बजरंग और विनेश को प्रभावित किया।

साक्षी ने लिखा कि पहले की तरह स्वार्थी सोच फिर से हावी होने लगी। बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू कर दिया। वे खेलों के लिए ट्रायल्स से छूट लेने की बात करने लगे। उन्होंने लिखा कि बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने का अच्छा असर नहीं पड़ा। इससे हमारे प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई।

## बॉलीवुड हलचल



# मौनी को गहनों में सबसे ज्यादा पसंद पोल्की ब्रेसलेट

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपनी पहली कमाई से अपने लिये पोल्की ब्रेसलेट खरीदी थी, जो उनकी पसंदीदा गहनों में से एक है। मौनी रॉय ने मंगलवार को यहां सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के रिटेल स्टोर के उद्घाटन पर बताया कि उन्होंने सबसे पहले अपनी कमाई से पोल्की ब्रासलेट खरीदी थी, जो उनके लिये बेहद ख़ास है और उनके पसंदीदा गहनों में से एक है। उन्होंने बताया कि चूंकि वह बंगाली परिवार से हैं तो गहनों के लिए उनकी पसंद और गहना पहनने का उनका शौक उन्हें विरासत में मिला है। मौनी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गहनों का शौक रहा है, मौनी रॉय त्योहारों पर ऐसे गहने पहनना पसंद करती हैं जिनसे उनकी ख़ास यादें जुडी हैं। उन्होंने कहा कि इस कड़वा चौथ पर भी उन्होंने अपनी मां, सासु मां और पति के द्वारा तोहफे में दिये हुये कुछ ख़ास गहनों को मिक्स करके पहना था।

### वड़ा पाव खाना बहुत पसंद करते हैं अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को वड़ा पाव बेहद पसंद है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16, के आने वाले एपिसोड में, गुजरात निवासी कला और शिल्प और संगीत की शिक्षिका, प्रतियोगी हर्षा उपाध्याय हॉट सीट पर बैठेंगी। खाने से संबंधित सवाल के बाद एक खुशनुमा बातचीत के दौरान, हर्षा उपाध्याय ने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन से पूछा कि क्या उन्हें चूरमा पसंद है, जिस पर उन्होंने हंसते हुए खुलासा किया कि भले ही उन्होंने सभी व्यंजनों का स्वाद न चखा हो, लेकिन एक स्नैक उन्हें बेहद पसंद है, वड़ा पाव ! उन्होंने कहा कि उससे बढ़ कर कोई चीज़ नहीं है, छोटा सा है पर लेकिन इतना बढ़िया है हर जगह मिलता है। सिर्फ देश में ही नहीं पर विदेश में भी।

### शर्वरी ने दिखाई फिटनेस की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस की झलक दिखाते हुए इस सोमवार जबरदस्त मोटिवेशन दी है। शर्वरी ने इस साल शानदार परफॉर्मेंस दी है। 100 करोड़ की ब्लॉकबस्टर मुंजा में शर्वरी ने सबका दिल जीत लिया, जिसमें उन्होंने साल का सबसे हिट डांस एंथम तरस भी दिया। इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन ने किया है और इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। 2024 में अपनी सफलता की कड़ी जारी रखते हुए, शर्वरी ने वाईआरएफ की ग्लोबल हिट स्ट्रीमिंग फिल्म महाराज में शानदार अभिनय किया और फिर निखिल आडवाणी की वेदा में भी अपनी अदाकारी का जादू बिखेरा। अब, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म अल्फा की शूटिंग के दौरान, शर्वरी ने एक फिट पेडल खिलाड़ी के रूप में सोशल मीडिया पर अपने फैंस को प्रेरित किया है! शर्वरी ने अपनी फिटनेस तस्वीरों के साथ कैप्शन दिया : मंडेमोटिवेशन दे रही हूं।शर्वरी इन दिनों अल्फा की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी।अल्फा 25 दिसंबर 2025 को रिलीज़ होने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत के भविष्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी के पास है स्पष्ट योजना : कैमरुन

- ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री कैमरुन ने कहा- आर्थिक विकास को गति देने के लिए स्पष्ट योजना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरुन ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास प्रौद्योगिकी तथ भारत के भविष्य को लेकर स्पष्ट योजना है और उनका तीसरा कार्यकाल यह दर्शाता है कि वह लगातार वास्तविक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।

एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में कैमरुन ने कहा कि आर्थिक विकास को गति देने, बुनियादी ढांचे में सुधार और देश के भविष्य के लिए एक स्पष्ट योजना का होना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा जब आप राजनीति में होते हैं कि तो सब की निगाहें आप पर टिकी रहती हैं। इससे पहले शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का अपना दृष्टिकोण साझा किया और अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 125 दिन के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कैमरुन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के भाषण को सुनकर अच्छा लगा।

### लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार


कैमरुन ने कहा यह बहुत प्रभावित करने वाला है क्योंकि इसका मतलब है कि आपमें वास्तविक बदलाव लाने, बेहतर तरीके से वास्तविक चीजों को अंजाम देने की क्षमता है, जो हम भारत में होते हुए देख रहे हैं। कैमरुन ने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नेताओं के पास भविष्य के लिए स्पष्ट योजना होनी चाहिए। कैमरुन ने कहा आपके पास जितनी अधिक योजना होगी, शोर कम होते ही आप उतनी ही जल्दी उस पर वापस आ सकेंगे।

# पुरी और सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा भीषण चक्रवाती तूफान

## आईएमडी ने कहा- बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव हुआ मजबूत, 23 तक चक्रवाती तूफान में होगा तब्दील

भुवनेश्वर, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र सोमवार को और मजबूत हो गया और 23 अक्टूबर तक इसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है जो ओडिशा के पुरी तथा पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है मौसम की यह प्रणाली अपनी गति जारी रखते हुए 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर की सुबह के समय एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के तटों को पार कर सकती है, जिसकी हवा की गति 100-110 किमी प्रति घंटा से लेकर 120 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ गया है तथा सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे यह बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य क्षेत्र के ऊपर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र के रूप में स्थित था।



### 26 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह

आईएमडी ने कहा इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 22 अक्टूबर की सुबह तक दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने तथा 23 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की पूरी संभावना है। इसके बाद, इसके उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 24 अक्टूबर की सुबह तक ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों के पास उत्तरपश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की पूरी आशंका है। आईएमडी ने मछुआरों को सोमवार शाम तक किनारे पर लौट आने और 26 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने रविवार को कहा कि चक्रवाती तूफान का सबसे ज़्यादा असर ओडिशा पर पड़ने की संभावना है।

### भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलेंगी

चक्रवात ओडिशा तट पर ज़्यादा समय तक रहेगा, जिससे भारी से बहुत भारी बारिश होगी और 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएँ चलेंगी। मौसम एजेंसी ने 23 अक्टूबर को ओडिशा में अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का अनुमान लगाया है। 24-25 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा तथा कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा भी हो सकती है। भुवनेश्वर के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि आईएमडी ने अभी तक चक्रवात के संभावित स्थान का खुलासा नहीं किया है, हालांकि इसके संभावित मार्ग का ग्राफ़िक जारी किया गया है, जिससे संकेत मिलता है एक गंभीर चक्रवाती तूफान उत्तरी ओडिशा तट को प्रभावित कर सकता है। आईएमडी ने 24 अक्टूबर को पुरी, खुर्दा, गंजम और जगतसिंहपुर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश (सात से 20 सेमी) और अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश (20 सेमी से अधिक) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

## एक नजर

### सैन्य जनरल को नया राष्ट्रपति नियुक्त किया

**हनोई।** वियतनाम ने सोमवार को सैन्य जनरल लुओंग कुओंग को अपना नया राष्ट्रपति चुना। वह 18 महीनों में इस पद पर नियुक्त चौथे अधिकारी हैं। नेशनल असेंबली ने कुओंग (67) को टो लैम की जगह राष्ट्रपति बनाया है। टो लैम अगस्त में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव के रूप में औपचारिक रूप से नियुक्त होने के बाद भी राष्ट्रपति बने रहे। कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव की भूमिका वियतनाम में सबसे शक्तिशाली पद है जबकि राष्ट्रपति पद काफी हद तक औपचारिक है। चार दशकों से अधिक समय तक वियतनाम सेना में सेवा दे चुके कुओंग 2021 से पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं। कुओंग की नियुक्ति वियतनाम की राजनीति में महीनों तक चली उथल-पुथल और पूर्व पार्टी महासचिव गुयेन फू ट्रोंग के निधन के बाद हुई है जो 2011 से देश के नेतृत्व पद पर थे।

### आध्यात्मिक नेता फतेहुल्ला गुलेन का निधन

**अमेरिका।** तुर्किये में 2016 में तख्तापलट की नाकाम कोशिश के मास्टरमाइंड होने के आरोपों का सामना करने वाले इस्लामी धर्म गुरु फतेहुल्ला गुलेन का अमेरिका में स्व निर्वासन में निधन हो गया। अमेरिका में रह रहे धर्मगुरु ने वैश्विक सामाजिक आंदोलन को प्रेरित किया था। गुलेन से संबंधित 'टूडेज़ जमां' अखबार के पूर्व संपादक अब्दुल्ला बुजकुर्त ने कहा कि उन्होंने गुलेन के भतीजे कमाल गुलेन से बातचीत की है और उन्होंने फतेहुल्ला गुलेन के निधन की पुष्टि की है। फतेहुल्ला गुलेन की उम्र 83 साल थी और वह लंबे वक्त से बीमार थे।

### नौका डूबने से सात लोगों की मौत, 30 लापता

**बैंकॉक।** म्यांमा में सैनिकों और लोकतंत्र समर्थक छापामार लड़ाकों के बीच लड़ाई से बचकर जा रहे लोगों की नाव अंडमान सागर में पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग लापता हैं। एक बचावकर्मी और स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। बचाव कार्य में मदद कर रहे एक ग्रामीण के अनुसार, नाव से लगभग 30 लोगों को बचा लिया गया है। रविवार को क्यौक कार द्वीप से लगभग 70-75 लोग सवार होकर म्यांमा के दक्षिणी क्षेत्र तनिनथारी के निकटवर्ती तटीय शहर म्यीक जा रहे थे।

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ह्यूस्टन में एक हेलीकॉप्टर रविवार रात रेडियो टावर से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आर44 हेलीकॉप्टर ह्यूस्टन की एलिंगटन हवाई पट्टी से उड़ान भरने के बाद लगभग 15 मील की दूरी पर स्थित सेकंड वॉर्ड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान और उम्र अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

### इंडोनेशिया में सबसे बड़े मंत्रिमंडल की घोषणा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के नवनियुक्त राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने रविवार देर रात, 1966 के बाद देश के सबसे बड़े मंत्रिमंडल की घोषणा की और मजबूत सरकार का संकल्प जताया। नए राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल में 109 सदस्य हैं।

# ब्रिक्स में अहमियत साबित करेगा रूस

## कजान में दो दिवसीय सम्मेलन आज से, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति चिनफिंग समेत कई दिग्गज नेता होंगे शामिल

वाशिंगटन, एजेंसी



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन सहित दुनियाभर के कई नेताओं की मेजबानी करेंगे। ये सभी नेता ब्रिक्स समूह के शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को रूस के शहर कजान में होंगे और इसी के साथ यूक्रेन में जारी युद्ध एवं पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट की वजह से रूस के राष्ट्रपति के अलग-थलग पड़ने की संभावनाएं खारिज हो जाएंगी।

विकासशील देशों के समूह ब्रिक्स का उद्देश्य पश्चिमी नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था को संतुलित करना है। शुरुआत में इसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे लेकिन इस साल इसका तेजी से विस्तार हुआ। ईरान, मिस्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जनवरी में इसमें शामिल हुए। तुर्किये, अजरबैजान और मलेशिया ने इसमें शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से आवेदन किया है तथा कई अन्य देशों ने सदस्य बनने की इच्छा व्यक्त की है। रूसी अधिकारी इसे पहले से ही एक बड़ी सफलता के रूप में देख रहे हैं। पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि 32 देशों ने भागीदारी की पुष्टि की है और 20 से अधिक देश इसमें अपने शासन प्रमुखों को भेजेंगे। उशाकोव ने कहा कि पुतिन लगभग 20 द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और यह शिखर सम्मेलन रूसी धरती पर अब तक का सबसे बड़ा विदेश नीति कार्यक्रम बन सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिम के साथ जारी तनाव के बीच इस सम्मेलन के जरिए रूस यह दिखाने की कोशिश करेगा कि वह अपने वैश्विक सहयोगियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इसके साथ ही वह रूस की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और उसके युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए उनके साथ समझौते भी करना चाहेगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के लिए यह अपनी बात रखने का एक मौका होगा।

### मोदी-शी की मुलाकात के बारे में पूछे गए सवालों को टाला

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने रूस में इस सप्ताह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात के बारे में सोमवार को पूछे गए सवालों को टाल दिया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, अगर कोई बात सामने आती है तो हम आपको सूचित करेंगे। रूस के कजान में मंगलवार को शुरू हो रहे ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी और शी भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कजान यात्रा से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को नयी दिल्ली में कहा कि भारत और चीन के वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के बारे में एक समझौते पर पहुंच गए हैं। मिस्री द्वारा घोषित समझौते पर बीजिंग से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के संबंधों में खटास आ गई थी। इस झड़प को पिछले कई दशक में दोनों देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष माना जा रहा है। चीन ने पिछले शुक्रवार को घोषणा की थी कि शी रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ के लिए एकजुटता हासिल करने के वास्ते एक नये युग की शुरुआत को लेकर अन्य पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए अपनी यात्रा की रद

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ने चोटिल होने के कारण आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस की योजनाबद्ध यात्रा रद्द कर दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को घोषणा की कि श्री इनासियो को शनिवार को एक दुर्घटना में सिर में चोट लगने के बाद ब्रासीलिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके कारण वह 22 से 24 अक्टूबर तक कज़ान में होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। राष्ट्रपति ब्रासीलिया से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### आपसी व्यापार बढ़ाने के साथ पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के बारे में होगी बातचीत

कार्नेगी रूस यूरेशिया सेंटर के निदेशक अलेक्जेंडर गबुयेव ने कहा कि यह सम्मेलन देश और विदेश में यह प्रदर्शित करेगा कि रूस वास्तव में एक अहम खिलाड़ी है जो ऐसे नए समूह का नेतृत्व कर रहा है जो पश्चिमी प्रभुत्व को समाप्त करेगा। रूस, भारत और चीन जैसे अहम देशों के साथ व्यापार बढ़ाने और पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के बारे में बात करेगा। भारत रूसी वस्तुओं के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। रूस यह भी चाहता है कि अधिक देश ऐसी भुगतान प्रणाली परियोजना में शामिल हों जो वैश्विक बैंक मैसेजिंग नेटवर्क स्विफ्ट का विकल्प हो ताकि मॉस्को प्रतिबंधों की चिंता किए बिना अपने भागीदारों के साथ व्यापार कर सके।

# भारतीय अमेरिकी हैरिस को वोट देने से हिचकिचा रहे

- वरिष्ठ भारतीय अमेरिकी नेता स्वदेश चटर्जी ने दी जानकारी

वाशिंगटन, एजेंसी



वरिष्ठ भारतीय अमेरिकी नेता स्वदेश चटर्जी ने कहा है कि अमेरिका में रह रहा भारतीय समुदाय 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को वोट देने से हिचकिचा रहा है, क्योंकि सीनेटर या कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल के रूप में अपनी पिछली भूमिकाओं में हैरिस ने भारतीय समुदाय के बीच अपना जनाधार विकसित नहीं किया।

वर्ष 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय समुदाय के डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े नेता ने इंडियन अमेरिकन्य फॉर हैरिस नामक समूह बनाया है, जो उपराष्ट्रपति के पक्ष में न सिर्फ कैलिफोर्निया में चुनाव प्रचार कर रहा है बल्कि अन्य राज्यों में भी उपराष्ट्रपति का समर्थन कर रहा है। चटर्जी ने स्वीकार किया है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय उन्हें भारी मत देने से हिचकिचा रहा है, क्योंकि वे उन्हें अच्छी तरह से नहीं जानते। उन्होंने कहा कि कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल के रूप में हैरिस ने भारतीय अमेरिकी समुदाय में अपना जनाधार नहीं बनाया और सीनेटर के रूप में वह समुदाय की किसी भी बैठक या उनके किसी भी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनीं। उन्होंने कहा हालांकि वह भारतीय मूल की हैं, लेकिन उनके पास उस तरह का जनाधार नहीं है।

### ऐतिहासिक चुनाव प्रचार का अंतिम पखवाड़ा शुरू

चटर्जी ने कहा कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए ऐतिहासिक चुनाव प्रचार का अंतिम पखवाड़ा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए हैरिस के सामने आने वाली चुनौतियों पर उनका अवलोकन भारतीय अमेरिकियों से उन्हें और उनकी टीम को मिली जानकारी पर आधारित है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती हो सकती है। हालांकि वे (हैरिस की चुनाव प्रचार अभियान टीम) इसका समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री ऑस्टिन अघोषित यात्रा पर पहुंचे कीव

कीव। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन यूक्रेन की राजधानी में रूस के ड्रोन हमले के कुछ घंटों बाद सोमवार को अघोषित यात्रा पर कीव पहुंचे। यह यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी साझेदारों से युद्ध के लिए सैन्य सहयोग उपलब्ध कराते रहने का आह्वान किया है। ऑस्टिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनकी चौथी यात्रा दर्शाती है कि अमेरिका के साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय यूक्रेन के साथ खड़ा है। जेलेंस्की पश्चिम के सहयोगी देशों से करीब तीन साल के युद्ध को खत्म करने के लिए अपनी तथाकथित विजय योजना का समर्थन करने का अनुरोध कर रहे हैं। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है और इसमें दोनों पक्षों के हजारों लोगों की जान चली गयी है।

# ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने चार्ल्स से कहा- आप मेरे राजा नहीं

- सांसद लिडिया थोर्पे शाही दंपति पर संसद में भड़कीं

कैनबरा, एजेंसी



ऑस्ट्रेलियाई संसद का दौरा करने पहुंचे राजा चार्ल्स तृतीय से यहां की एक सांसद ने सोमवार को कहा कि यह देश ब्रिटेन के राजा की जमीन नहीं है। आदिवासी सांसद लिडिया थोर्पे ने शाही दंपति के संसद में पहुंचने पर चिल्लाते हुए कहा कि ब्रिटिश उपनिवेशवादियों ने ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों की जमीनें और हड्डियां तक छीन ली थीं, जिसके बाद उन्हें (थोर्पे) को संसद से बाहर ले जाया गया।

थोर्पे ने कहा आपने (ब्रिटेन के राजा) हमारे लोगों का कत्लेआम किया। आपने हमारा जो भी लिया है, हमें लौटाइए- चाहे वे हमारी हड्डियां, हमारी खोपड़ियां, हमारे बच्चे और हमारे लोग ही क्यों न हों। आपने हमारी धरती तबाह कर दी। हमारे साथ संधि कीजिए। हमें संधि चाहिए। ब्रिटिश उपनिवेशवादियों और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों (आदिवासियों) के बीच आज तक कोई संधि नहीं हुई। चार्ल्स ने तुरंत ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से दबी आवाज में कुछ बातचीत की और सुरक्षा अधिकारियों ने थोर्पे को उनके करीब जाने से रोक दिया। सभागार से बाहर थोर्पे ने चिल्लाते हुए कहा यह आपकी (चार्ल्स) जमीन नहीं है।


## पाकिस्तान में सीजेआई का कार्यकाल तीन वर्ष तक सीमित किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सोमवार को एक कानून पारित किया, जिसके तहत प्रधान न्यायाधीश का कार्यकाल तीन साल तक सीमित कर दिया गया और उच्चतम न्यायालय के तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से शीर्ष न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए विशेष आयोग का गठन किया जाएगा। जेल में बंद इमरान खान की पार्टी के विरोध के बीच पाकिस्तान सरकार ने यह कदम उठाया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को संविधान (26वां संशोधन) अधिनियम, 2024 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे संसद के दोनों सदनों - सीनेट और नेशनल असेंबली ने पहले ही पारित कर दिया था। 26वें संविधान संशोधन विधेयक के कानून बन जाने के बाद सरकार अब न्यायमूर्ति मसूर अली शाह को वर्तमान प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा का स्थान लेने से रोक सकती है।

# सदगुरु को मिला सीआईएफ ग्लोबल इंडियन अवार्ड

- पुरस्कार स्वरूप मिलने वाले 50 हजार कनाडाई डॉलर कावेरी कॉलिंग संस्था को देंगे सदगुरू

टोरंटो, एजेंसी



कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) ने वर्ष 2024 के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन अवार्ड की घोषणा कर दी है। इस बार यह अवार्ड ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्‌गुरु को दिया जाएगा। सदगुरु पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली 50 हजार कनाडाई डॉलर की धनराशि 'कावेरी कॉलिंग संस्था' को देंगे। यह संस्था भारत में नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य करती है।

कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा यह सम्मान भारतीय मूल के उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है। सद्‌गुरु पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के साथ ही मानव चेतना को आगे बढ़ाने को लेकर संपूर्ण विश्व को जागरूक कर रहे हैं। कनाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश मलिक ने कहा कि हम खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि सद्‌गुरु न केवल सम्मान स्वीकार किया है बल्कि टोरंटो में होने वाले पुरस्कार समारोह में उपस्थिति के लिए भी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि सद्‌गुरु के विचार सम्पूर्ण मानवजाति के लिए प्रेरणादायक है।

## हमलों में लेबनान के तीन सैनिकों की मौत पर इजराइल को अफसोस

**यरुशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में एक दिन पहले हमले में तीन लेबनानी सैनिकों के मारे जाने पर सोमवार को अफसोस जताते हुए कहा कि वह देश की सेना से नहीं लड़ रही है। इजराइल ने कहा कि उसके सैनिकों को लगा कि वे आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के वाहन को निशाना बना रहे थे। गाजा में हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद पिछले हफ्ते हिजबुल्ला ने कहा कि वह हमलावर इजराइली सैनिकों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। सिनवार पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद भीषण जंग शुरू हुई थी। इजराइल के सहयोगी देशों, गाजा के निवासियों और अन्य ने आशा व्यक्त की है कि सिनवार के मारे जाने से युद्ध समाप्त हो सकता है।

# पाकिस्तान में 64 साल बाद हिंदू मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

लाहौर, एजेंसी



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है जिससे इस मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू होगा। मीडिया में आयी एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गयी।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड ने पंजाब में रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। अभी नारोवाल जिले में कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाक धर्मस्थान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल ने कहा बावली साहिब मंदिर पर ईटीपीबी के नियंत्रण के कारण वह जर्जर हो गया और नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए।

## ट्रंप पर हमला सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर नाकामी को उजागर करता है


**वाशिंगटन।** जुलाई में पेंसिल्वेनिया की एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की घटना रोकी जा सकती थी और ऐसा नहीं होना चाहिए था। गोलीबारी की जांच कर रहे अमेरिकी संसद के एक कार्यबल ने कहा कि यह मामला सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर नाकामी को उजागर करता है। सोमवार को जारी की गई संसदीय कार्यबल की रिपोर्ट में 13 जुलाई को बटलर, पेंसिल्वेनिया में हुई गोलीबारी से पहले कानून लागू करने वाली एजेंसियों की व्यापक विफलताओं का उल्लेख किया गया है जहां ट्रंप के कान में गोली लगी थी। गोलीबारी से रैली में शामिल एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे।

खगोल विज्ञान

एक ही श्रोत है पृथ्वी तक आने वाले उल्कापिंडों का

# हर वर्ष हजारों उल्कापिंड पहुचते हैं हमारे वायुमंडल में

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** पृथ्वी से टकराने वाले अधिकांश क्षुद्रग्रह एक ही दिशा यानी एक ही श्रोत से आती हैं। नए शोध से यह जानकारी सामने आई है। चंद्रमा और मंगल ग्रह से बड़ी संख्या में उल्कापिंड पृथ्वी तक पहुचते हैं। दरअसल पृथ्वी को रंगरूप व आकार देने में अंतरिक्ष से आने वाली चट्टानों की बड़ी भूमिका रही है। जिनके कई निशान पृथ्वी की सतह में मिलते हैं।

साथ ही सुरक्षित चट्टाने भी पृथ्वी पर मिलते रहे हैं। इन चट्टानों पर शोध होते रहे हैं। हाल ही में किये गये नए शोध भी कई नई जानकारी पसामने आई है। पृथ्वी पर प्रत्येक वर्ष लगभग 17,000 आग के गोले यानी उल्कापिंड न केवल हमारी वायुमंडल में प्रवेश करते हैं, बल्कि सतह की खतरनाक यात्रा के बावजूद जीवित रह जाते हैं। इनमें से कुछ उल्कापिंड चंद्रमा और मंगल ग्रह से आते हैं, जबकि अधिकांश क्षुद्रग्रह अन्य स्थानों से पहुचते हैं। इन चट्टानों पर नया शोध एक कदम आगे की जानकारी दी है। जिसे नेचर पत्रिका ने प्रकाशित किया है। यह अनुसंधान चेक गणराज्य के चार्ल्स विश्वविद्यालय के मिरोस्लाव ब्रोज़ और चिली में यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला से माइकल मार्सेट ने किया है। इस शोध से पता चलता है कि पृथ्वी तक पहुचने वाले अधिकांश अंतरिक्ष चट्टाने व क्षुद्रग्रह अंतरिक्ष के एक दिशा से आई हैं।

### अधिकांश क्षुद्रग्रह मंगल व बृहस्पति के बीच रहते हैं

अधिकांश क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति के बीच रहते हैं। इसे क्षुद्रग्रह बेल्ट कहा जाता है। बृहस्पति के गुरुत्वाकर्षण इन्हें बांधे रहता है, जबकि आए दिन यह बृहस्पति से टकराते रहते हैं। पृथ्वी के लिए खतरनाक पिंडों को भी बृहस्पति अपनी ओर खींच लेता है। बृहस्पति को पृथ्वी का रक्षक भी माना जाता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि पृथ्वी में उपलब्ध उल्कापिंड अंतरिक्ष की अनेक गुत्थियां सुलझा सकते हैं।